आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 158, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

ओलंपिक में एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज 13

# वेलकम... चैंपियंस



विजय जुलूस से पहले मुंबई के मरीन ड्राइव पर भारतीय टीम के स्वागत को जुटे लाखों प्रशंसक। ● एजेंसी




## प्रधानमंत्री से मिली टीम इंडिया, मोदी बोले-शाबाश मेरे शेरों...

**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप जीतने के बाद गुरुवार को सुबह स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री को नमो वन की जर्सी भेंट की। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम के सदस्य टी-20 ट्रॉफी के साथ मोदी से जोश और उत्साह से मिले। प्रधानमंत्री ने टीम को भारत की झोली में एक और ट्रॉफी डालने के लिए शाबाशी दी। खिलाड़ियों ने पीएम से टूर्नामेंट के अपने अनुभव साझा किए और हंसी मजाक करते दिखे।

● देखें खेल पेज »

## विजय जुलूस में गूंजा इंडिया... इंडिया

**मुंबई।** टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस में जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। विजय जुलूस नरीमन पॉइंट में नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से होकर वानखेड़े स्टेडियम पर समाप्त हुआ। इस विजय जुलूस का साक्षी बनने के लिए लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मरीन ड्राइव पर पहुंचे। वानखेड़े को प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया और कुछ मिनट में ही स्टेडियम खचाखच भर गया। वानखेड़े में सचिन...सचिन और मुंबईचा राजा, रोहित! और इंडिया...इंडिया के पारंपरिक नारों के साथ माहौल जीवंत हो उठा।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK TRADE MARK बन्धानी हींग
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# हाथरस हादसे में 6 सेवादार गिरफ्तार

## गिरफ्तार सेवादारों में 2 महिलाएं शामिल, मुख्य आयोजक पर 1 लाख का इनाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मोर्चा संभालने के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को 6 सेवादारों की गिरफ्तारी की।

इनमें सत्संग आयोजन समिति से जुड़े चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। वहीं, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) शामिल हैं। ये सभी सेवादार हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भोले बाबा के चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिसके बाद भगदड़ मच गई। हालात खराब देखकर ये सेवादार भाग निकले। मालूम हो कि सोमवार को घटी इस घटना में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के कुल 121 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं।

● सेवादारों का कबूलनामा, भोले बाबा की चरणरज लेने के लिए भीड़ को छोड़ा, जिसके बाद मची भगदड़

### आगरा में 17 शवों का किया गया अंतिम संस्कार, कई गांवों में नहीं जले चूल्हे



रहनकलां गांव पहुंचे केंद्रीय मंत्री बघेल ने परिजनों को बंधाया ढांढस।

**आगरा।** हाथरस में हुए मौत के सत्संग ने हर किसी को दहला दिया है। आगरा के ही 17 लोगों की हादसे में मौत हो गई और कई लोगों जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। अधिकांश शवों के अंतिम संस्कार कर दिए गए। कई गांवों में हादसे के बाद चूल्हे नहीं जले हैं। बुधवार को एत्मादपुर के रहनकलां में परिवारीजनों को ढांढस बंधाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा नेता वीरेंद्र सिंह चौहान भी पहुंचे। आगरा में सर्वाधिक मौत एत्मादपुर क्षेत्र में हुई है। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि इस मामले में सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

### महिला-पुरुष सेवादारों को मिलती है कमांडो ड्रेस

कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन लोगों को विभिन्न प्रकार की वर्दी दी गई है। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिए महिलाओं एवं पुरुषों को काले रंग की कमांडो ड्रेस व एकरूपता के लिए पिंक ड्रेस भी दी जाती है, जिससे वो भीड़ को अपने हिसाब से नियंत्रित कर सकें।

### भीड़ और चंदा इकट्ठा करना था सेवादारों का काम

अलीगढ़ मंडल के आईजी शलभ माथुर ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे आयोजन समिति के सदस्य हैं एवं सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य सत्संग कमेटी में भीड़ इकट्ठा करना और चंदा इकट्ठा करना है। साथ ही ये बैरिकेटिंग द्वारा भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पंडाल की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर खड़ंजा, बिजली की आपूर्ति हेतु जेनरेटर की व्यवस्था, सफाई इत्यादि की व्यवस्था भी करते हैं।

### अनियंत्रित भीड़ को छोड़कर भाग निकले सेवादार

पूछताछ में यह जानकारी भी सामने आई कि बाबा के अनुयायियों में बाबा के बारे में काफी मान्यताएं हैं। बाबा के चरणरज से बहुत सारे संकट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि हम लोग बाबा के काफिले को भीड़ के बीच से निकालने के लिए आगे व पीछे दौड़ते हैं। उस दिन भी बाबा की चरणरज के लिए भीड़ गाड़ी के पास आई तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही काफिला आगे निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिससे वहां पर महिलाएं व बच्चे एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और अफरा-तफरी मच गई। यह देखकर सेवादार वहां से जल्दी निकल गए। विवेचना में यह भी प्रकाश में आया है कि यह लोग पुलिस प्रशासन को आयोजन की फोटो, वीडियो बनाने से रोकते थे एवं उनके साथ अभद्रता करते थे। पुलिस द्वारा ये भी विवेचना की जा रही है कि इन सेवादारों में से किसी के द्वारा कोई आपराधिक साजिश तो नहीं की गई है।

# मलिन बस्तियों में बनाए जाएंगे बहुमंजिला भवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### मुख्यमंत्री का निर्देश



● हर नगर निगम में एक मलिन बस्ती चिन्हित करें, बनाएं बहुमंजिला भवन

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की योजना मलिन बस्तियों की सूरत बदलने की है। इस बदलाव में न केवल बहुमंजिला आवासीय परिसर होगा बल्कि परिसर के समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि भी होंगे। शहरी जीवन बेहतर हो, इसके मद्देनजर शहरी हरित और उद्यान विकास नीति भी तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुझाव दिया है कि हर नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार हो। इसके समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि बुनियादी सुविधाएं रहें। यहां जो बाजार विकसित करें, उसमें इसी मलिन बस्ती के परिवार को दुकानें आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर गुरुवार को नगर विकास विभाग के साथ एक बैठक में परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और भावी योजनाओं को लेकर निर्देश दिए।

### नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन किया जाए

योगी के मुताबिक, शहरी आबादी में बढ़ोतरी के मद्देनजर नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन की आवश्यकता है। सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों की सुचारु व्यवस्था के लिए वहां पर्याप्त मैनपॉवर रहे। ईओ हो या सफाईकर्मी कहीं भी रिक्तता न हो।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाए जाएं विशेष केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि, राज्य में 17 नगरों को स्मार्ट सिटी को रूप में अपग्रेड किया जाना है। इसके अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के व्यायाम, पठन-पाठन, जलपान, चर्चा-विमर्श और बैंकिंग जरूरतों आदि के लिए विशेष केंद्र की स्थापना कराई जा रही है।

## एक नजर

### कोटा में छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि 16 वर्षीय छात्र ने यहां पेइंग गेस्ट (पीजी) में स्थित अपने कमरे में फांसी लगा ली। कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों द्वारा आत्महत्या का जनवरी से अब तक यह 13वां मामला है। पुलिस ने बताया कि बिहार के नालंदा जिले का मूल निवासी संदीप कुमार कुर्मी दो साल से कोटा में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के लिए तैयारी कर रहा था और महावीर नगर-3 में पीजी में रहता था। महावीर नगर पुलिस थाने के प्रभारी महेंद्र मारू ने बताया कि गुरुवार सुबह लगभग सात बजे किशोर का सहपाठी उसके कमरे में गया जहां उसने देखा कि कुर्मी छत के पंखे से लटका हुआ है।

### आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिली



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार शाम यहां अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। आडवाणी (96) को बुधवार को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### राजस्थान के कृषि मंत्री मीणा ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मीणा ने गुरुवार को कहा कि वह पहले सांसद भी रहे हैं और दौसा, सवाईमाधोपुर एवं करौली क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ थी लेकिन पार्टी को जीत नहीं दिला पाए। मैंने घोषणा की थी कि इन क्षेत्रों में मैं पार्टी को नहीं जिता पाया तो मंत्री पद छोड़ दूंगा।

# टीएमयू में छात्र ने फंदे पर लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता, पाकबड़ा/मुरादाबाद



● एमडी एनेस्थीसिया द्वितीय वर्ष का छात्र था डॉ. ओशो राग

**अमृत विचार :** टीएमयू में झारखंड के रहने वाले एमडी एनेस्थीसिया के छात्र ने गुरुवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। टीएमयू में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरी घटना है। पुलिस टीम ने जांच शुरू कर दी। झारखंड (रांची) के रहने वाले डॉक्टर ओशो राग चौधरी (28) ने दो साल पहले तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) में एमडी एनेस्थीसिया के कोर्स में प्रवेश लिया था। वह द्वितीय वर्ष का छात्र था। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि चौधरी हॉस्टल के कमरा नंबर 106 में रहता था।

गुरुवार को ओशो के रूम पार्टनर डॉ. आशीष ने ओशो को फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। आशीष ने सुबह 8:40 बजे हॉस्टल में जाकर चेक किया तो कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद आशीष ने अपने दोस्त के साथ दरवाजा तोड़ दिया। दोनों कमरे में गए तो ओशो का शव पंखे से लटका हुआ था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ओशो के घर वालों को सूचना दे दी गई। वह शुक्रवार तक पहुंचेंगे। पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है। टीएमयू में एक जुलाई को पैथोलॉजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अदिति मल्होत्रा (31) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि एनेस्थीसिया में एमडी कर रहे डॉक्टर ओशो राग चौधरी ने टीएमयू में फंदा लगाकर आत्महत्या की है।

## बिहार के सारण में एक और पुल ढहा

**पटना।** बिहार के सारण जिले में गुरुवार को एक और पुल गिर गया जो राज्य में एक पखवाड़े में पुल ढहने की 10वीं घटना है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि यह 24 घंटे के भीतर सारण में पुल ढहने की तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व बनाया गया पुल गुरुवार सुबह गिर गया। उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में बना यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी सिवान जिले से जोड़ता था। इसका निर्माण 15 साल पहले हुआ था। बुधवार को सारण जिले में दो छोटे पुल ढह गए थे।




## एक पेड़ मां के नाम

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लाल चंदन का पौधा रोपा, इस मौके पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना और शासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन बने झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी



● राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिलाई शपथ

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले चंपई सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद थे। हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था।

## नीट-यूजी रद नहीं करने की सुप्रीम कोर्ट में अपील

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की भी मांग की है। गुजरात के 56 छात्रों ने यह याचिका ऐसे समय में दायर की है, जब कुछ ही दिन पहले मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है।

# चिंता का सबब : मानसून शुरू होते ही दरकने लगे हैं पहाड़

### ग्रीष्म सीजन में वाहनों के अत्यधिक दबाव व कंपन के भूगर्भीय अध्ययन की जरूरत

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** जर्जर होते पर्वत मानसून की शुरुआत में ही दरकने लगे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस बार पहाड़ों से मलबा शुरुआती दौर में ही अधिक संख्या में आया है। नैनीताल को जोड़ने वाले वाले तीनों राज मार्गों पर दर्जनों जगहों पर बोल्डर व मलबा आने का क्रम कुछ दिनों से जारी है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

राज्य में 28 जून को मानसून ने दस्तक दे दी थी। तब से रोजाना बारिश का क्रम जारी है। हल्द्वानी, कालाढुंगी व भवाली मार्ग में तमाम जगहों पर निरंतर मलबा सड़कों पर आ रहा है। गंभीर बात है कि गत वर्षों की तुलना में इस बार मलबा काफी अधिक आ रहा है। मलबा आना स्वभाविक हो सकता है, लेकिन बोल्डरों का गिरना गंभीर है। बोल्डरों के ऊपर पहाड़ टिके होते हैं। इनके लगातार गिरने से पहाड़ों के मजबूती से टिके रह पाना मुश्किल हो जाता है और यह आपदा चिंता का बड़ा कारण है। जिसे लेकर चर्चा आम हो चली है। बोल्डरों के खिसकने का वैज्ञानिक कारणों का आज भी पुख्ता जानकारी का अभाव बना हुआ है। हालांकि माना जाता है कि जंगलों की आग पहाड़ों को कमजोर बना देती है। जिस कारण बरसात होते ही भूस्खलन होने लगता है। वहीं, ग्रीष्म सीजन में पहाड़ों में वाहनों का अत्यधिक दबाव भी अब बढ़ने लगा है, जिससे पहाड़ों से बोल्डरों व मलबा के गिरने का क्रम निरंतर बढ़ रहा है।



● तीन राजमार्गों पर दर्जनों स्थानों पर गिरे बोल्डर व मलबा

### अत्यधिक वाहनों का कंपन हो सकता है बड़ा कारण

पहाड़ों में आने वाले बड़ी संख्या में वाहनों के कारण पहाड़ों में कंपन होना स्वाभाविक है। नैनीताल में इस बार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के दौरान पिछले तीन माह के दौरान एक लाख से अधिक वाहन पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में आए वाहनों से अत्यधिक कंपन पहाड़ों को झेलना पड़ा है और जिस कारण इस बार बरसात शुरू होते ही मलबा के अलावा बोल्डर गिरने में वृद्धि होना संभव है।

### शोध के बाद ही पता चल सकेगा पहाड़ों के दरकने का कारण

डीएसबी परिसर के भूगर्भ विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो सीसी पंत कहते हैं कि पहाड़ों में आने वाले वाहनों से होने वाले कंपन का अभी तक भूगर्भीय दृष्टि से अध्यन नहीं हुआ है। जिस कारण वाहनों द्वारा कंपन से पहाड़ों को होने वाले नुकसान के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इस दिशा में शोध के बाद ही सही पता चल पाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में शोध किए जाने की आवश्यकता जताई।

## एक नजर

### एकेटीयू को हरा भरा करने का लिया संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा करने के लिए कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में पौधरोपण अभियान की शुरुआत हुई। जिसके तहत परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया। कुलपति ने कहा कि परिसर को हरा भरा करने का हमें संकल्प लेना होगा। कुलसचिव रीना सिंह ने भी पौधे लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### लविवि में 37 विषयों का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 37 विषयों का परीक्षाफल घोषित हो गया है। इसमें आर्ट, पेंटिंग, सोशियोलॉजी, फोटोग्राफी सहित अन्य विषय शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सभी 37 विषयों का परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

# पौधरोपण महाभियान को बनाएं महापर्व:डॉ. अरुण

## अमृत विचार कार्यालय पहुंचे पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने पर्यावरणीय चुनौतियों पर की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार:** उप्र.के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि पेड़- पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। पेड़-पौधे तो मनुष्य के बिना रह सकते हैं,लेकिन इनके बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। जिस प्रकार हम अपने बच्चों की परवरिश करते हैं, उसी तरह हमें पेड़-पौधों की परवरिश करनी चाहिए। जनजीवन बचाने के लिए पौधरोपण करना अपरिहार्य है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए आने वाले समय में हमें अपनी परंपराओं और आस्था से जुड़े पौधों को लगाने की आवश्यकता है। इस कड़ी में पीपल, बरगद, नीम, बेल, पाकड़ लगाया जाना महत्वपूर्ण कदम होगा। साथ ही फलदार पौधे भी लगाने होंगे जैसे देशी आम, जामुन, अमरूद आदि। जुलाई माह में हम व्यापक स्तर पर पौधरोपण करेंगे। जनता से भी अपील कर रहे हैं कि पौधरोपण महाभियान को बनाएं महापर्व।


अमृत विचार समाचार पत्र पढ़ते मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना।

गुरुवार को दैनिक अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय पहुंचे मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने एक विशेष बातचीत में पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की दिशा में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में राज्य सरकार की ओर से अलग-अलग प्रजाति के पौधे पूरे प्रदेश भर में लगाए जाएंगे। इसके तहत व्यापक अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, पार्कों, सड़क के किनारे, खाली स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा। वन मंत्री ने महाभियान में 30-35 करोड़ पौधरोपण करने की जानकारी साझा करते हुए 20 जुलाई को रिकॉर्ड पौधरोपण करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महाभियान को एक महापर्व की मनाना है जिसमें हर व्यवसाय और प्रोफेशन से जुड़े लोगों को हिस्सा लेना चाहिए। साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि इन पौधों की देखभाल ओर सुरक्षा अच्छे से होती रहे।

### देखा अमृत विचार कार्यालय

आपसी वार्ता के बाद मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने अमृत विचार कार्यालय को भी देखने की इच्छा प्रकट की। उन्होंने अखबार के विभिन्न विभागों को जाकर देखा और खासकर संपादकीय विभाग की कार्यप्रणाली भी समझी। संपादकीय टीम के साथ उन्होंने हल्के–फुलके अंदाज में अपने तमाम अनुभव भी साझा किए और समाचार–पत्र की प्रगति के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनके साथ अमृत विचार के समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी, संपादकीय प्रभारी अनिल त्रिगुणायत, राज्य ब्यूरो प्रमुख अजय दयाल, सिटी इंचार्ज सुनील मिश्र और डिजिटल इंचार्ज वीरेन्द्र पांडेय आदि मौजूद रहे।

### उष्मा प्रभाव व वायु प्रदूषण से मिलेगी निजात

मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण की वजह से प्रदेश में वन क्षेत्र की सीमाएं कम होती रही हैं। प्रदेश के बड़े शहरों में उष्मा प्रभाव देखने को मिल रहा है। इन शहरों के अधिकांश भाग कंक्रीट में परिवर्तित दिखने लगे हैं। इस वर्ष मई–जून के माह में इसका दुष्प्रभाव भी देखने को मिला। जुलाई माह में ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण के अलावा हम शहरों में भी व्यापक पैमाने पर पौधरोपण करेंगे। स्वस्थ जनजीवन के लिए हमें पौधे लगाने ही होंगे। इससे उष्मा प्रभाव व जानलेवा गर्मी से निजात मिलेगा। यदि पेड़ होंगे तो हवा में मिली हानिकारक गैसों को शोषित कर हमें स्वच्छ हवा प्रदान करेंगे और रोगों से छुटकारा भी दिलाएंगे। यदि हम पेड़ों की संख्या में वृद्धि करेंगे तो ये प्राकृतिक रुप से हवा को स्वच्छ करने के साथ हमें और भी कई फायदे पहुंचाएंगे। पेड़ के कारण ही हमें भरपूर वर्षा प्राप्त होती है। पेड़ की जड़े मिट्टी को बांध कर रखती हैं जिनसे भूमि कटाव नहीं होता।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर आगे आएं

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि मां से बढ़कर इस दुनिया में कोई दूजा नहीं होता है। उसके ममत्व की महता अपरंपार। 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस अभियान को तत्पर हैं। इस क्रम में हम प्रदेश में अधिकाधिक पौधे लगाने को कृतसंकल्प हैं। अपनी मां के नाम पर पौधे लगाने को लोग आगे आएं। इसका सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलेगा।

### कानपुर विवि के कुलपति बने रहेंगे प्रो. विनय पाठक

**अमृत विचार,लखनऊः** प्रो. विनय पाठक अगले तीन साल तक छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति बने रहेंगे।

प्रो. पाठक का कार्यकाल 11 अप्रैल 2024 को समाप्त हो गया था। आचार संहिता को ध्यान में रखकर पाठक के कार्यकाल को छह माह की अवधि तक बढ़ाने का निर्देश दिया गया था, जो अक्टूबर में समाप्त हो रहा था। इस अवधि से तीन माह पहले ही राज्यपाल ने उनके तीन साल के नियमित कार्यकाल के लिए नियुक्त कर दिया है। इसके साथ ही, राज्यपाल ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु का कुलपति प्रोफेसर कविता शाह को नियुक्त किया है।

**प्रो. कविता सिद्धार्थ विवि की कुलपति नियुक्त**

# पावर हाउस बंद, लोग हो रहे परेशान

## दस इकाइयां बंद होने से पन्द्रह सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली उत्पादन घटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में बिजली की मांग में कमी आने के बाद भी लोगों को बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। वजह यह है कि 24 घंटे बिजली देने के बजाय समय सारणी बदलकर ग्रामीण क्षेत्र, नगर पंचायत, तहसील क्षेत्र और बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली काटी जा रही है। इस बीच, गुरुवार को टांडा व हरदुआगंज की छह इकाइयां 'रिजर्व शट डाउन' पर भेज दी गईं। पहले से बंद चल रही इकाइयों समेत कुल 10 इकाइयां बंद होने से प्रदेश में पन्द्रह सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली उत्पादन घट गया। इससे बिजली संकट और गहरा गया है।



- कुल 10 इकाइयां बंद होने से बिजली संकट गहराया
- समय सारिणी बदलकर काटी जा रही गांवों की बिजली

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार गुरुवार को टांडा की 110 मेगावाट की चार इकाइयां व हरदुआगंज की 105 व 250 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों में उत्पादन बंद कर दिया गया। इन इकाइयों को रिजर्व शट डाउन के नाम पर बंद किया गया है। ऊंचाहार की 210 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट और ओबरा की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण बंद चल रही हैं। गुरुवार को उत्पादन निगम के बिजलीघरों में 1522 मेगावाट उत्पादन घट गया। एनर्जी एक्सचेज व अन्य स्रोतों से बिजली लेकर बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जाती रही। पिछले महीने तक चौबीस घंटे बिजली पाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे, नगर पंचायतों व तहसील मुख्यालयों में 21.30 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में 20 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती रही। इससे इन क्षेत्रों के लोग बिजली के लिए बेहाल रहे।

### घटा दी गई है गांवों की आपूर्ति

भीषण गर्मी में भारी मांग के बाद भी प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए प्रयास जारी थे, पर इस महीने से गांवों, नगर पंचायत, तहसील व बुंदेलखंड क्षेत्र की बिजली आपूर्ति घटा दी गई है। नई समय सारिणी के अनुसार अब गांवों के लिए 18 घंटे, तहसील मुख्यालयों व नगर पंचायतों को 21.30 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र को 20 घंटे ही बिजली मुहैया कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि एक साथ छह इकाइयों को 'शट डाउन' में रखा जाना कतई उचित नहीं है।

### उपभोक्ता 20 किलोवाट तक ऑनलाइन बढ़ा सकेंगे लोड

**अमृत विचार,लखनऊः** अब बिजली उपभोक्ता 20 किलोवाट तक आनलाइन लोड बढ़ा सकेंगे। इसके साथ ही, आईटीजीएस व एनईएफटी के जरिये ऑनलाइन बिजली बिल जमा हो सकेगा।

इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से सभी वितरण निगमों को पत्र लिखा गया है।कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि बिजली उपभोक्ता यूपीपीसीएलऑनलाइनडॉटकॉम पर जाकर अपना लोड बढ़ा सकेंगे। वितरण निगमों के अधिकारियों को इन सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि लोड बढ़वाने के लिए अब उपभोक्ताओं को कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

# राजधानी समेत आठ जिलों में डेंगू का खतरा अधिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा जुलाई माह

**अमृत विचार:** डेंगू तथा चिकनगुनिया रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रदेश में जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य मच्छरों से बचाव के लिए जन जागरूकता फैलाना तथा अन्य विभागों का सहयोग लेना है। प्रदेश में राजधानी समेत आठ संवेदनशील जिलों में रोकथाम के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

सयुंक्त निदेशक मलेरिया एवं वीबीडी डॉ. विकास सिंघल ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र, के निर्देशों का अनुपालन में डेंगू रोधी माह मनाया जा रहा है। इसके लिए सभी जिलों को निर्देश दिये जा चुके हैं । उन्होंने बताया कि मानसून और उसके बाद की अवधि में डेंगू बुखार का खतरा बढ़ जाता है । इसलिए डेंगू पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निवारक गतिविधियों में तेजी लाने पर जोर है जिससे कि किसी भी तरह के आउटब्रेक से बचा जा सके ।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि डेंगू की कोई वैक्सीन नहीं है, इसलिए इसकी रोकथाम और नियंत्रण के लिए सोर्स रिडक्शन गतिविधियों में समुदाय की भूमिका महत्वपूर्ण है। समुदाय सजग रहे और जिम्मेदार बने और वह मच्छरजनित परिस्थियों को उत्पन्न ही न होने दे तो काफी हद तक डेंगू व अन्य मच्छरजनित बिमारियों को रोका जा सकता है ।

डॉ.सिंघल ने बताया कि अप्रैल माह में चलाये गए संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लार्वा पनपने के सोर्स रिडक्शन की कार्रवाई की जा चुकी है और वर्तमान में संचारी रोग नियंत्रण अभियान अंतर्गत की जा रही है।

### ये जिले संवेदनशील

वैसे तो डेंगू पूरे प्रदेश में फैला है लेकिन लखनऊ, झांसी, बरेली, अयोध्या, बाराबंकी, प्रयागराज, गोंडा एवं कानपुर नगर (आठ जिले) संवेदनशील हैं। इस साल जनवरी से अब तक कुल 352 डेंगू के केस सामने आ चुके हैं।

### वर्ष वार आंकड़ा

| वर्ष | डेंगू मरीज की संख्या |
|---|---|
| 2019 | 10,640 |
| 2020 | 3,715 |
| 2021 | 29,750 |
| 2022 | 19,821 |
| 2023 | 35,402 |

### प्रशिक्षु आईएएस को मिला विभागीय कार्यों का अनुभव

**अमृत विचार,लखनऊः** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) संवर्ग के प्रशिक्षुओं के लिए गोमतीनगर स्तिथ उप्र. प्रशासन एवं प्रबंध एकेडमी (नगरीय निकाय निदेशालय), में एक विशेष इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने की।

प्रमुख सचिव ने स्मार्ट सिटी मिशन, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन और लाभ पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे ये योजनाएं विकास को गति प्रदान कर रही हैं और नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं। सत्र में विशेष सचिव, अजय कुमार शुक्ल, सुनील कुमार चौधरी, नगर निकाय निदेशक अनुज झा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सुरक्षित न हों तो बंद कराएं जर्जर सेतुओं पर यातायात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराया जाय, सुरक्षित न हो तो इन्हें तत्काल बंद करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है, इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जाय। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।


सरकारी आवास पर समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के मार्गो के चौड़ीकरण के मानकों को और बेहतर किया जाना चाहिए। सड़कें और चौड़ी हों, इससे आवागमन और अधिक सुविधाजनक होगा। प्रदेश में आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई सड़क पर बरसात से कटान हो तो उसका सुधारीकरण तत्काल कराया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते सात वर्षों में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 के सापेक्ष 2024 में स्टेट हाइवे 7002 किमी से बढ़कर 10,214 किमी हो गया है, जबकि ग्रामीण मार्गों की लंबाई 1,87,517 किमी से बढ़कर 1,93,581 किमी हो गई है। इसी प्रकार प्रमुख जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों का संजाल में भी विस्तार हुआ है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन नौ किमी मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण हो रहा है और हर दिन गांवों में लगभग 11 किमी नई सड़क बन रही है। विकास के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, इसे और बेहतर करने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

- 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराएं : योगी

### कांवड़ यात्रा से जुड़े मार्गों की तत्काल कराएं मरम्मत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा को लेकर सभी जिलों में संपर्क मार्गों को शत–प्रतिशत गड्ढामुक्त किया जाय। 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा करा लिया जाय। ऐसे मार्ग जहां जलभराव होता है, उन स्थानों पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन सड़क की कनेक्टिविटी देने का संकल्प समय से पूरा होना चाहिए। प्रदेश के अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों पर भव्य द्वार बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जाय।

### इतिहासविद प्रो. शिवाजी के निधन पर योगी ने जताया शोक

**अमृत विचार,लखनऊः** इतिहासविद प्रो. शिवाजी सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत प्रो. सिंह को भारतीय इतिहास लेखन को नई दिशा देने वाला बताते हुए कहा है कि उनका निधन राष्ट्र एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

योगी ने प्रो. शिवाजी सिंह की पुत्री, खोराबार क्षेत्र के दिव्य नगर गोल्ड निवासी प्रो. शशिप्रभा सिंह को भेजे शोक संदेश में कहा कि भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति के मर्मज्ञ प्रो. शिवाजी ने काशी विवि के इतिहास विभाग एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि में चार दशक तक अध्यापन एवं शोध निर्देशन के साथ अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्ति होने के बाद भी पुरातत्व पर अध्यनरत रहे।

# राशन की दुकानों की निगरानी के लिए तैयार होगा नया सॉफ्टवेयर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सरकारी राशन की दुकानों की निरंतर निगरानी के लिए नया 'साफ्टवेयर' विकसित होगा। इससे 'ई-पॉस' से लैस राशन की दुकानों पर सतर्क नजर रखी जा सकेगी। कालाबाजारी रुक सकेगी और कार्ड धारकों को निर्धारित राशन मिल सकेगा।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस उपकरणों के लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को इसकी निगरानी के लिए सॉफ्टवेयर का विकास करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस क्रम में यूपीडेस्को की ओर से एक एजेंसी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह एजेंसी प्रदेश की सभी राशन की दुकानों को ई-पॉस मशीनों से युक्त करने के साथ ही उसके स्वतः संचालन व निगरानी की प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगी। यूपीडेस्को की ओर से एजेंसी निर्धारण के लिए सूचीबद्ध एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। मालूम हो कि प्रदेश में 79,500 सरकारी राशन दुकानें हैं, जिनके जरिये प्रदेश के 3.59 करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। लगभग 80 लाख क्विंटल खाद्य सामग्री राशन की दुकानों के जरिए कार्डधारकों को मुहैया कराई जा रही हैं।

- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने शुरू की प्रक्रिया

# अंतरराष्ट्रीय मोटरसाइकिल धावक भरेंगे फर्राटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ने वैश्विक खेल जगत में भारत की दावेदारी को और मजबूत करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राज्य की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने गुरुवार को विश्व में सफलतापूर्वक मोटोजीपी रेस का आयोजन कराने वाली स्पोर्ट्स कम्पनी डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। जिससे जल्द ही अंतरराष्ट्रीय मोटरसाइकिल धावक प्रदेश में रेस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

- मोटोजीपी रेस कराने वाली स्पोर्ट्स कम्पनी से हुआ अनुबंध

मुख्य सचिव-सह-अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी की ओर से अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जबकि डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. की ओर से कर्मेलो इज़पेलेता ने अनुबंध पर हस्ताक्षर कर मोटोजीपी की उप्र. में वापसी पर मुहर लगा दी। मोटोजीपी भारत के सुचारू संचालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है।


अनुबंध को दिखाते मुख्य सचिव।

# राज्य सरकार आरोपी बाबा को बचाने की कर रही कोशिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार हाथरस घटना में आरोपी बाबा को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रदेश के जंगलराज का परिणाम है। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व घायलों को इलाज के लिए 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। हादसे को गंभीरता से लेते हुए मामले की न्यायिक जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान जज की अध्यक्षता में कराई जाए।


कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर ताहिर अली को सदस्यता दिलाते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

### कई लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

अमृत विचार। सामाजिक कार्यकर्ता ताहिर अली उर्फ गुड्डू मियां ने अपने समर्थकों के साथ गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ली। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष लोगों को सदस्यता दिलाई गई।सदस्यता ग्रहण करने वालों में उबैस अंसारी, अफजल अली, मौलाना फरियाद, फैजान अली शाह, मोहम्मद शफी, निहाल अली शाह, इमरान अंसारी, मोहम्मद शहीद कुरैशी सहित शामिल रहे।

### जीएम ने ली रिसर्च से जुड़ीं जानकारियां

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी गुरुवार को आरडीएसओ में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने यहां चल रहे रिसर्च की जानकारी ली।

इसके पहले उन्होंने चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि अनुसंधान, अभिकल्प कार्यशाला में बोर्ड के अधिकारी, आदि भी शामिल हुए।

**सतर्कता** — आयोजन से पहले देनी होगी सुरक्षा, सुविधा और वैकल्पिक व्यवस्था की गारंटी

# न हो हाथरस जैसा हादसा, सरकार बनाएगी एसओपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाथरस जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सरकार बड़ा कदम उठा रही है। आयोजन में भारी भीड़ जुटाने से पहले आयोजक को सुरक्षा, नागरिक सुविधा और वैकल्पिक व्यवस्था की गारंटी देनी होगी। इसके लिए एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिव प्रोसीजर) तैयार हो रहा है। इसका उल्लंघन करने पर भीड़ जुटाने वालों पर केस दर्ज किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि तीन प्रमुख बिंदुओं पर एसओपी बनाई जा रही है। भीड़ की संख्या अनुमन्य करने से पहले आयोजन के मुख्य व्यक्ति का स्तर भी देखा जाएगा। जनसरोकर से जुड़े धार्मिक आयोजन का आंशिक या पूरा व्यय सरकार वहन करेगी। लेकिन आयोजन से आयोजक, वक्ता या किसी का लाभ जुड़ा होने की स्थित में पूरा खर्च उसे ही उठाना होगा। उन्होंने बताया कि हाथरस की घटना में आयोजक और प्रशासन की लापरवाही सामने आ रही है। आयोजक ने कार्यक्रम की अनुमति लेते समय न तो आने वाले भीड़ की सही संख्या बताई और न ही उसके पास आपात स्थिति के लिए उनके पास वैकल्पिक व्यवस्था थी। प्रशासन एकत्र भीड़ का अंदाजा नहीं लगा पाया और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं किए गए। दोनों तरफ से हुई लापरवाही की वजह से 121 लोगों की जान चली गई।

### आपात स्थिति

आपात स्थिति के लिए इंतजाम जिसमें एंबुलेंस सेवा, भीड़ के अनुपात में प्रवेश और निकास द्वार की जानकारी को शामिल किया गया है। प्रशासन के अलावा आयोजन की तरफ से सुरक्षा के इंतजाम क्या होंगे, यह भी अनुमति से पहले तय होगा।

### नागरिक सुविधाएं

आयोजन की अनुमति लेते समय आयोजक को कार्यक्रम स्थल पर मूल भूत नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने का शपथ पत्र देना होगा। इसमें पेयजल, बिजली, शौचालय, प्राथमिक उपचार, बैठक जैसी व्यवस्थाओं की गारंटी देनी होगी।

### वैकल्पिक व्यवस्थाएं

कार्यक्रम स्थल पर अनुमान से अधिक भीड़ जुटने पर मूलभूत सुविधाओं की वैकल्पिक व्यवस्था, भीड़ बढ़ने पर उसे नियंत्रित करने के उपाय और यातायात प्रबंधन के लिए लगाए जाने वाले वालंटियर की संख्या की जानकारी देनी होगी।

- एसओपी का उल्लंघन करने पर भीड़ जुटाने वालों पर दर्ज होगी प्राथमिकी

> नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर आयोजन के लिए कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। एसओपी का पालन करते हुए ही किसी भी आयोजन की अनुमति दी जाएगी। इससे कार्यक्रम में जुटने वाली भीड़ का पता रहेगा और प्रशासन भी अपनी तैयारी करेगा। नियम का उलंघन करने वालों की जवाबदेही तय करना आसान होगा।
>
> –असीम अरुण, समाज कल्याण मंत्री, उप्र सरकार

# हादसे को दबाने का हो रहा प्रयास : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** हाथरस हादसे मामले को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर घेरते हुए कहा कि सरकार मामले को दबाने का प्रयास कर रही है

अखिलेश, गुरुवार को सपा कार्यालय में बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाथरस हादसा षडयंत्र नहीं है। इसे दबाने की कोशिश करना षडयंत्र है। घटना में बड़ी संख्या में गरीब महिलाओं व बच्चों की जान गई है। इसमें प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी है। सपा प्रमुख ने कहा कि सत्संग में भारी भीड़ जुटी थी, किसी को भीड़ का अंदाजा नही था। प्रशासन के खुफिया तंत्र की असफलता है, प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।


सपा प्रदेश कार्यालय पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ अखिलेश यादव। अमृत विचार

- बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान सपा में शामिल

इस अवसर पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ बसपा के तमाम चेयरमैन नगर पंचायत, पूर्व सांसदों के कई साथी, जिलाध्यक्ष, पूर्व मेयर प्रत्याशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख, सदस्य जिला पंचायत, पार्षद नगर निगम, व्यापारी नेता, प्रधान पूर्व सभासद आदि समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

**मौसम**

बादल छाए रहेंगे। गरज और चमक के साथ बारिश हो सकती है।

| 34.4° | 26.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**शहर में आज**



- इंट्रीग्रल यूनिवर्सिटी में पहली राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप सुबह 8:00 बजे से
- ला मार्टीनियर स्कूल स्थित एसडीएस अकादमी में अंडर-14 आइटा टेनिस चैंपियनशिप सुबह 9:00 बजे से
- परमानन्द हरिहर मंदिर की तृतीय स्थापना दिवस के मौके पर हवन एवं सुंदरकांड का पाठ मंदिर परिसर, देवा रोड में प्रातः 10 बजे
- नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में जीआईएस सर्वे समाधान दिवस सुबह 9 से दोपहर 12:30 बजे
- मंचन उमराव सिंह धर्मशाला, डालीगंज में राधा माधव सेवा संस्थान की ओर से कृष्ण लीला पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन सायं 4.30 बजे

**एक नजर**

### निगम में निरीक्षकों सहित सुपरवाइजर के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के गुरुवार को तबादले हो गए। नगर आयुक्त ने इसका आदेश जारी कर दिया। लिपिक वर्ग के 155, श्रेणी एक के 13 निरीक्षक, श्रेणी दो के 11 निरीक्षकों सहित दो वर्क सुपरवाइजरों और नौ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का तबादला किया गया। इनमें से लगभग 10 से 12 कर्मचारी ऐसे हैं, जिन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कारणों का प्रत्यावेदन दिया था।

### 15 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) के 15 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का लखनऊ से तबादला हो गया। वहीं, अन्य जनपदों से 12 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का लखनऊ स्थानांतरण हुआ है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि लखनऊ स्थानांतरण होने वाले खाद्य सुरक्षा अधिकारियों में राकेश कुमार, पल्लवी यादव, नितिका केसरी, कमल कुमार, अरविंद कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह, सत्यवीर सिंह, सुप्रिया सिंह, विनोद कुमार, अवनीश कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह और आलोक कुमार शामिल हैं।

### व्यापार मंडल आज करेगा प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीएसटी विभाग की ओर से व्यापारियों को बड़ी संख्या में भेजे जा रहे नोटिसों पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने नाराजगी जताई है। नोटिस का सही जवाब न देने और सचल दल इकाइयों द्वारा व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है। एसआईबी की ओर से छापे सर्वे के दौरान व्यापारियों, उद्यमियों को परेशान किए जाने समेत कई मांगों को लेकर शुक्रवार को जीएसटी मुख्यालय, गोमती नगर में दोपहर 12 बजे आयुक्त के समक्ष संगठन विरोध दर्ज करा प्रदर्शन करेगा और ज्ञापन सौंपेगा। यह जानकारी प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने दी।

# पूरे शहर में लागू होगा मानचित्र पर सुख सुविधा शुल्क, प्रस्ताव पर आज लग सकती है मुहर

## एलडीए की 181वीं बोर्ड बैठक आज : मकान, टाउनशिप व बिल्डिंग बनाने वालों पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ विकास प्राधिकरण पूरे शहर में मकान, टाउनशिप व बिल्डिंग बनाने के लिए स्वीकृत मानचित्र पर सुख सुविधा शुल्क लागू करेगा। यह अब तक रिंग रोड, ग्रीन कॉरिडोर व शहीद पथ के पास निर्माण करने पर देना होता था। इसका प्रस्ताव शुक्रवार को बोर्ड बैठक में पेश किया जाएगा।

नई व्यवस्था यदि लागू हुई तो छावनी व लीडा का क्षेत्र छोड़कर सभी जगह निर्माण का मानचित्र पास कराने पर लोगों को सुख सुविधा शुल्क देना होगा। हालांकि प्राधिकरण इसमें थोड़ी राहत देगा। जो अब तक पड़ने वाले 550 रुपये प्रति वर्गमीटर सुविधा शुल्क की जगह 200 रुपये प्रति वर्गमीटर सुख सुविधा शुल्क लेगा। इसके अलावा प्राधिकरण मानचित्र में लगने वाले वाह्य विकास शुल्क में बढ़ोतरी करेगा, जो प्रति वर्गमीटर 2,245 से बढ़ाकर 2,360 रुपये लेगा। इसमें 15 रुपये प्रति वर्ग मीटर की बढ़ोतरी करेगा। यदि यह प्रस्ताव सभी जगह के लागू हुआ तो लोगों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

**▶▶ बाह्य विकास शुल्क में 15 रुपये प्रति वर्ग मीटर की बढ़ोतरी करेगा विकास प्राधिकरण**

### रखे जाएंगे 40 प्रस्ताव

एलडीए में शुक्रवार को अध्यक्ष/मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में 181वीं बोर्ड बैठक होगी। इसमें योजना, अधिष्ठान, मानचित्र, शुल्क, भूमि अधिग्रहण, फ्लैटों के दाम समेत 40 प्रस्ताव रखे जाएंगे। जो गुरुवार शाम तक तैयार कर लिए गए। 15 दिन से प्रस्ताव तैयार किए जा रहे थे। जो बुधवार को उपाध्यक्ष के समक्ष रखे गए थे। इसमें कुछ प्रस्ताव कम किए गए तो कुछ में संशोधन किया गया।

### मुख्य प्रस्ताव

- लखनऊ विकास प्राधिकरण के परिक्षेत्र का विस्तार
- बसंतकुंज योजना में शहरी आवासों का निष्पादन
- अविकसित क्षेत्र में खाली भूखंडों का निस्तारण
- आवासीय भूखंडों में बहु-आवासीय इकाई का निर्माण
- जानकीपुरम् योजना के सेक्टर जे (विस्तार) के तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन
- प्रबंध नगर व मोहान रोड योजना में अधिग्रहण कर मुआवजा देना
- पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिए भूखंड के आकार मानक में संशोधन
- किसानों को आवंटित चबूतरों की बकाया धनराशि पर ब्याज लेना
- किसानों को आवंटित चबूतरे फ्री होल्ड करना
- ई-ऑफिस लागू करना, लंदन की तर्ज पर लखनऊ आई का निर्माण
- 18 जेई आउटसोर्स व वादों की पैरवी के लिए संविदा पर सेवानिवृत्त कर्मियों को रखना
- गोमती नदी किनारे से कैंट सीमा तक ग्रीन कॉरिडोर/बंधा निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण

### लाइसेंस निरस्त कर सहारा से वापस होगी 100 एकड़ भूमि

सहारा इंडिया को ग्रीन बेल्ट के लिए दी गई 100 एकड़ भूमि एलडीए वापस लेगा। साथ ही लाइसेंस निरस्त करेगा। एलडीए ने सहारा इंडिया को 1995 में ग्रीन बेल्ट के लिए गोमती नगर, ग्राम जियामऊ, ग्राम उजरियांव व रेलवे लाइन के पास जमीन दी थी। जो पेड़-पौधों व पार्क से विकसित करनी थी। लेकिन, लाइसेंस और शर्तों के अनुसार कार्य नहीं हुए बल्कि ग्रीन बेल्ट की जगह अतिक्रमण हो गया। अब एलडीए ने भूमि वापस लेकर खुद पौधरोपण करके ग्रीन बेल्ट विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया है।

## आईटी व वेलनेस सिटी के लिए तीन तरह से होगा भूमि अधिग्रहण

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) सुल्तानपुर रोड पर अपनी वेलनेस सिटी और आईटी सिटी बसाने के लिए 16 गांवों में तीन तरह से भूमि का अधिग्रहण करेगा। इसमें लैंड पूलिंग यानी भू-स्वामी को उसी योजना में 25 फीसद विकसित भूमि दी जाएगी। दूसरे विकल्प में समझौता के आधार पर भू-स्वामी को मुआवजा राशि बताकर सहमति से भूमि ली जाएगी। जबकि तीसरा विकल्प भूमि अधिग्रहण का होगा। प्राधिकरण ने मुआवजा राशि तय कर ली है। इस तरह से प्राधिकरण आईटी सिटी के लिए 2086 एकड़ भूमि व वेलनेस सिटी के लिए 1474 एकड़ भूमि करीब डेढ़ हजार किसानों से अधिग्रहित करेगा। जहां, कालोनियां विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस होंगी। सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शिक्षण संस्थान, ग्रुप हाउसिंग, मॉल, होटल, मनोरंजन केंद्र, इन्डस्ट्रियल एरिया आदि के साथ विस्तृत क्षेत्रफल में ग्रीनरी और वाटर बॉडी होंगे। यह प्रस्ताव शुक्रवार को बोर्ड बैठक में पेश किया जाएगा और सहमति बनने पर शासन की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

**▶▶ 16 गांव के करीब डेढ़ हजार किसानों से ली जाएगी भूमि, मुआवजा राशि निर्धारित**

**वेलनेस सिटी में 6 गांव**

बक्कास, चौरहिया, चौरासी, मलूकपुर, दुलारमऊ व नूरपुर बेहटा।

**आईटी सिटी के 10 गांव**

बक्कास, सोनई कजेहरा, सिकंदरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़ नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहरी खुर्द, खुजौली, भटवारा।

### वाटर बॉडी होगी आईटी सिटी की पहचान

सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग व किसान पथ के मध्य आईटी सिटी सर्वोत्तम रोड कनेक्टिविटी के कारण लोगों के लिए उपयोगी होगी। योजना में हाईटेक प्रौद्योगिकी पार्क, ग्लोबल बिजनेस पार्क, साइंस एवं इंजीनियरिंग उपकरण क्षेत्र, सुपर स्पेशलिटी मेडिकल जोन के लिए भूखंड दिए जाएंगे। 15 एकड़ क्षेत्रफल में फैली वाटर बॉडी योजना यानी तालाब पोखर, फाउंटेन इसकी पहचान होगी।

### मेडी सिटी की तरह विकसित होगी वेलनेस सिटी

एलडीए वेलनेस सिटी को मेडी सिटी की तरह विकसित करेगा। यहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, मेडिकल कॉलेज, डायग्नोस्टिक सेंटर के साथ विपासना केंद्र व मेडिटेशन सेंटर आदि बनेंगे। इसके अलावा शहर के व्यस्ततम बाजार का अमीनाबाद दवा मार्केट वेलनेस सिटी में शिफ्ट किया जाएगा। इन दवा व्यापारियों को अलग से भूखंड दिए जाएंगे। यह क्षेत्र पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से .5 किमी दूरी पर है। साथ ही शहर से दूर होने पर जाम की समस्या खत्म होगी। इसके अलावा 112.50 से 450 वर्गमीटर के 2,935 आवासीय भूखंड आवंटित होंगे। रो-हाउस व व्यावसायिक उपयोग के बड़े भूखंड भी दिए जाएंगे।

# 8 से होगी जांच, बिना फिटनेस मिला स्कूली वाहन तो खैर नहीं

## प्रदेश भर में 15 दिन तक चलेगा अभियान, खाका तैयार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्कूली वाहनों में बच्चों का सफर सुरक्षित हो इसके लिए प्रदेश भर में स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा। अनफिट स्कूली वाहनों को सड़क पर चलने की छूट नहीं होगी। बिना फिटनेस ये वाहन सड़कों पर दौड़ते मिलेंगे तो उनके विरुद्ध एफआईआर के साथ ही कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन की जिम्मेदारी मिलते ही एके सिंह ने प्रदेश भर में स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश भर में 15 दिनों के लिए यह अभियान चलाया जायेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, सड़कों पर अनफिट वाहनों की रोकथाम को 8 जुलाई से अभियान चलेगा। 15 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के दौरान स्कूली वैन और बसों की फिटनेस परखी जाएगी। स्कूली वाहनों के लिए तय की गई गाइड लाइन पर वाहनों को परखा जायेगा। वाहन में कैमरा, अग्नि शमन यंत्र, स्पीड लिमिट डिवाइस, फर्स्ट एड बॉक्स, सीएनजी किट के साथ ही चालकों के लाइसेंस की जांच की जायेगी।

इतना ही नहीं, रास्ते में रोक कर वाहनों की जांच की जाएगी कि वाहन में कितने बच्चों को बैठाने की क्षमता है और कितने बच्चे वाहन में मौजूद हैं। वाहन पर अभी तक किस मामले में कितने चालान हुए हैं, इन सभी बातों की जानकारी भी ली जायेगी। अपर परिहन आयुक्त ने सभी आरटीओ और एआरटीओ को निर्देशित किया है कि वह अगले 15 दिनों में अपने यहां पंजीकृत वाहनों की जांच कर उसकी रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही कितने वाहन अनफिट मिले, उसका भी ब्योरा दें। फिटनेस का काम पूरा होने के बाद यदि कोई अनफिट स्कूली वाहन बच्चों को ढोता मिला तो संबंधित जिले के आरटीओ और एआरटीओ के खिलाफ भी एक्शन लिया जायेगा।



**55** हजार स्कूली वाहन प्रदेश में हैं पंजीकृत

**▶▶ अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन ने कार्यभार संभालते ही दिए स्कूली वाहनों की जांच के आदेश**

> स्कूली वाहनों में बच्चों की सुरक्षा बेहतर किए जाने को लेकर जांच के निर्देश दिए गए हैं। सभी जिलों में स्कूली वाहनों की जांच की जाएगी। आरटीओ और एआरटीओ 15 दिन जांच के बाद इसकी रिपोर्ट मुख्यालय भेजेंगे।
>
> –एके सिंह, अपर परिवहन आयुक्त, प्रवर्तन, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश





सुबह हुई वर्षा के बीच बच्चों को लेकर स्कूल पहुंचे अभिभावक को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अमृत विचार

# चप्पल लेकर बच्चों को मारने दौड़ी शिक्षिका, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** न जाने क्या बात हुई कि एक शिक्षिका चप्पल लेकर बच्चों को मारने दौड़ी। शिक्षामित्र ने विरोध किया तो उसे भी दौड़ा लिया। इसका वीडियो वायरल हुआ तो बीएसए ने गंभीरता बरतते हुए उसे निलंबित कर जांच के आदेश दिए।

मामला काकोरी ब्लाक में संचालित प्राथमिक विद्यालय सिकरौरी का है। गुरुवार को यहां का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें शिक्षिका राधा सिंह बच्चों को चप्पल से मारने का प्रयास कर रही है। जब शिक्षा मित्र ने इसका विरोध किया तो उसने उसे भी दौड़ा लिया। वीडियो में शिक्षिका अभद्र भाषा का भी प्रयोग करती हुई दिख रही है। शिक्षिका का वीडियो सामने आने के बाद अभिभावकों ने भी नाराजगी जाहिर की है।

**▶▶ खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी जांच, 15 दिनों में देनी होगी रिपोर्ट**

बीएसए राम प्रवेश ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए शिक्षिका को निलंबित कर दिया है। कहा कि किसी भी शिक्षक का इस तरह का रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही आरोपी शिक्षिका के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। जांच खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है। उन्हें 15 दिनों में रिपोर्ट देनी होगी। वहीं शिक्षिका को बीआरसी कार्यालय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं।



बच्चो को पीटने की कोशिश करती शिक्षिका।

# फ्लैट न देने पर बिल्डर पर लगा 5 लाख रुपये हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▶▶ उपभोक्ता आयोग का फैसला, 5 लाख किराया, 20 हजार व्यय के साथ वापस करनी होगी रकम**

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में बिल्डर मिस मंजू जे होम्स इंडिया राज नगर एक्सटेंशन ने आवंटी से 95 फीसद धनराशि लेने के बाद समय पर फ्लैट नहीं दिया। इस पर राज्य उपभोक्ता आयोग ने बिल्डर पर पांच लाख रुपये हर्जाना लगाया है। फ्लैट की रकम वापस करने के साथ 5.20 लाख रुपये खर्च भी अदा करेगा।

नैनी प्रयागराज निवासी दुर्जेंद्र कुमार ने अक्टूबर 2014 में मिस मंजू जे होम्स इंडिया राजनगर एक्सटेंशन से गाजियाबाद में उसकी रेड एप्पल होम्स योजना में अनुबंध के तहत 26.61 लाख रुपये का फ्लैट बुक कराया था। एग्रीमेंट में 30 माह में कब्जा देने का दावा किया था। उन्होंने चेक व नकद कुल 25,79,500 रुपये बिल्डर को दे दिए। इसके बाद भी निर्धारित अवधि में फ्लैट का निर्माण पूरा न होने पर नहीं मिल सका। बिल्डर से रुपये वापस मांगे तो नहीं दिए। तब दुर्जेंद्र ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई अध्यक्ष/न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने सदस्य विकास सक्सेना के साथ करके बिल्डर पर मानसिक प्रताड़ना पर पांच लाख रुपये हर्जाना लगाया। साथ ही किराये के मकान में रहने का पांच लाख रुपये व वाद व्यय के 20 हजार रुपये अदा करने का आदेश दिया। इसके अतिरिक्त बिल्डर दुर्जेंद्र को 25,79,500 रुपये 12 प्रतिशत ब्याज के साथ लौटाएगा।

यह धनराशि बैंक से लेकर दी थी। इस ऋण पर बैंक को सात प्रतिशत ब्याज बिल्डर देगा। आदेश में यह भी कहा यदि 45 दिन में रुपये नहीं दिए जाते तो 15 फीसद ब्याज लिया जाएगा।

# आरटीओ ने संभाला कार्यभार, सड़क सुरक्षा होगी प्राथमिकता

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ के नए आरटीओ (प्रशासन) संजय तिवारी ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता बताई।



आरटीओ (प्रशासन) संजय तिवारी

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा पर भी कार्य योजना बनाई गई है, उस पर हर हाल में ध्यान दिया जाएगा। सड़क सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता की जायेगी। लोग सड़क पर नियम का पालन करें और सुरक्षित रहें। इस दौरान लोगों से भी अपील की है कि डीएल संबंधी कोई भी आवेदन ऑनलाइन भर सकते हैं। कार्यालय में किसी भी तरह की दलाली या कोई अन्य शिकायत होने पर आवेदक सीधे मुझसे मिल सकते हैं। किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

# रिश्वत लेने में एनएचआई के परियोजना निदेशक के पीए सहित तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पेट्रोल पम्प के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देने के नाम पर रिश्वत लेने के मामले में गोरखपुर में तैनात नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचआई) के परियोजना निदेशक के पीए ब्रिजेंद्र सिंह, उप प्रबंधक वाराणसी जय प्रताप सिंह और कार्यालय सहायक मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया है।

निजी सहायक ब्रिजेंद्र सिंह ने रिश्वत के तौर पर 1.50 लाख रुपये की मांग की थी। पहली किस्त के तौर पर वह 50 हजार रुपये लेते समय सीबीआई ने उसे पकड़ा। जय प्रताप सिंह और कार्यालय सहायक मुकेश कुमार को इस मामले में साजिश रचने का आरोपी पाया गया। इसी आधार पर इन दोनों को भी गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने यह कार्रवाई तमकुहीराज (कुशीनगर) के रहने वाले धनंजय राय की शिकायत की गई है। सीबीआई ने गोरखपुर, वाराणसी और लखनऊ में तीनों आरोपियों के आवास और कार्यालय की तलाशी ली। जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। सभी को विशेष न्यायाधीश, सीबीआई कोर्ट, लखनऊ की अदालत में पेश किया जाएगा। विवेचना पुलिस उपाधीक्षक विपिन कुमार सिंह को सौंपी गई है।

### एक साल पहले आवंटित हुआ था पेट्रोल पंप

शिकायतकर्ता धनंजय राय ने कहा है कि उन्हें तमकुहीराज में जुलाई-23 में पेट्रोल पंप आवंटित हुआ है। हाइवे पर पंप लगाने से पहले एनएचएआई सहित 17 विभागों से एनओसी लेनी होती है। उन्होंने सितम्बर 2023 में एनओसी के लिए आवेदन किया था। नवम्बर 2023 तक सभी दस्तावेज जमा कर दिए। जनवरी 2024 तक 16 विभागों से उन्हें एनओसी मिल गई लेकिन एनएचआई में आवेदन अटका रहा। पता चला कि उनकी फाइल मैनेजर (टेक्निकल) ब्रिजेंद्र सिंह के पास लंबित है। मुलाकात करने पर ब्रिजेन्द्र ने एनओसी के बदले डेढ़ लाख रुपये मांगे। इसके बाद एक जुलाई को उन्होंने सीबीआई से शिकायत की। सीबीआई की टीम धनंजय को लेकर तीन जुलाई को ब्रिजेंद्र सिंह के आफिस पहुंचे। रुपये देकर धनंजय जैसे ही आफिस से बाहर निकले, वहां मौजूद सीबीआई टीम अंदर घुस गई और ब्रिजेन्द्र को दबोच लिया। ऑफिस में पूछताछ के बाद टीम ब्रिजेन्द्र को लेकर सहारा स्टेट स्थित उनके आवास पर गई, जहां तलाशी लेने पर कुछ नकद रुपये के अलावा एक डायरी भी मिली। डायरी में कुछ पूर्व अधिकारियों सहित कई लोगों का नाम होने की बात कही जा रही है।

**▶▶ सीबीआई ने गोरखपुर व वाराणसी में की कार्रवाई, एनओसी के लिए मांगा था डेढ़ लाख का रिश्वत**

### प्रबंधक निकला पीए

सीबीआई ने आरोपी प्रबंधक एनएचएआई गोरखपुर ब्रिजेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि वह परियोजना निदेशक एनएचएआई गोरखपुर का पीए है। उसके खिलाफ शिकायत पर मामला दर्ज किया कि आरोपी ने रुपये का अनुचित लाभ मांगा था। शिकायतकर्ता को आवंटित पेट्रोल पंप के लिए एनओसी जारी करने के लिए शिकायतकर्ता से 1.50 लाख रुपये मांगे।

# आकाशीय बिजली को लेकर अलर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ और आसपास दिन में बारिश तो थमी, लेकिन मौसम विभाग की ओर से आकशीय बिजली को लेकर अलर्ट किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, बारिश रुक-रुककर होगी, लेकिन कई स्थानों पर आकाशीय बिजली गिर सकती है।

गुरुवार को मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश ने कहा कि लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश होने की संभावना है। आने वाले दिनों में बिगड़े मौसम के बीच लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बहराइच में आकाशीय बिजली गिर सकती है। लखनऊ में बारिश 0.4 मिमी रिकार्ड की गई। यहां का अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के सबसे अधिक बारिश बलिया में 15.2 मिमी रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर बरेली रहा। यहां वर्षा 3.8 मिमी हुई।

# मोहर्रम : तीन शिफ्टों में लगेगी अफसरों की ड्यूटी

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश, जुलूस के सभी रूट का करें सर्वे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मोहर्रम की तैयारी को लेकर बैठक की। जिसमें अधिकारियों को मोहर्रम के जुलूस रूट का सर्वे करने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने जुलूस के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नक्खास व हुसैनाबाद चौकी पर बने कंट्रोल रूम में तीन शिफ्टों में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने को भी कहा।

जिलाधिकारी ने कहा, इस वर्ष मोहर्रम का माह 7 या 8 जुलाई से शुरू होगा। 12वीं मोहर्रम तक विशेष रूप से संवेदनशील है। जिनमें 1, 7वीं, 8वीं, 9वीं व 10वीं मोहर्रम की तिथियां अति संवेदनशील हैं। उन्होंने कहा कि बारिश की संभावना को देखते हुए जुलूस रूट पर जलनिकासी के लिए पम्प की व्यवस्था की जाए। खराब स्ट्रीट लाइट सही कराने के साथ सड़क की मरम्मत कराएं। सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर, बैनर व झंडियां व सड़क किनारे भवन सामग्री आदि प्राथमिकता पर हटाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर पूर्वी) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व राकेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह, समस्त उप जिलाधिकारी, एडीसीपी, नगर निगम सहित लेसा, एलडीए, जल संस्थान, जल निगम, सिविल डिफेंस सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्ट्रेट सभागार में मोहर्रम की तैयारियों पर बैठक करते जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार। अमृत विचार

**तैयारी** परिवहन मंत्री ने रोडवेज प्रशासन को दिए निर्देश

# कांवड़ यात्रा : बसें रखें साफ, अड्डों पर इंतजाम दुरुस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कांवड़ यात्रा के दौरान यात्रियों व जल ले जा रहे कांवड़ियों को किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसे लेकर रोडवेज प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कांवड़ यात्रा को लेकर रूट और उनसे जुड़ी समस्याओं का खाका खींचते हुए तत्काल काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इनमें अधिक आवागमन वाले रूट पर अतिरिक्त बसों को चलाने, बस व बस अड्डों को साफ रखने और कांवड़ियों के लिए बस अड्डों पर विशेष व्यवस्था करने को कहा। बरेली, आगरा, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़ एवं सहारनपुर क्षेत्र के अफसरों को खासतौर पर तैयारियां करने को कहा गया है।

**▶▶ बरेली, आगरा, मुरादाबाद, मेरठ गाजियाबाद, अलीगढ़, सहारनपुर के अफसरों को किया गया सचेत**

### फिट बसें ही दौड़ें मार्ग पर

बसें साफ-सुथरी हो और पूरी तरह से फिट हों उन्हीं का संचालन किया जाए। इसके अलावा बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के लिए स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखा जाए।

### कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए बनेगा कंट्रोल रूम



परिवहन मंत्री के निर्देश पर कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे क्रियाशील रहने वाला कन्ट्रोल रूम स्थापित होगा। 22 जुलाई से 19 अगस्त तक कांवड़ यात्रा चलती है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के मंदिरों पर जलाभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में उन्हें पर्याप्त सहूलियतें बस अड्डों और बसों में उपलब्ध कराई जाए।

### इन क्षेत्रों के लिए चलेंगी अतिरिक्त बसें

लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर से वाराणसी और प्रयागराज के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा, क्योंकि बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री वाराणसी एवं प्रयागराज रूट पर चलते हैं। श्रावण मास के दौरान बस चालकों का ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट करने के बाद ही स्टेयरिंग सौंपी जाए। रास्ते में भी जांच की जाए। सावन माह में हर सोमवार और श्रावण शिवरात्रि के दिन जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित डायवर्जन/वैकल्पिक मार्ग का पालन हर हाल में किया जाए।

## एक नजर

### भाषा विवि में 8 को होगी प्रवेश परीक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा 8 जुलाई को होगी। विवि की प्रवक्ता रुचिता सुजय चौधरी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा का आयोजन 8 जुलाई को होगा। अब तक यूजी कोर्स के लिए 2725 आवेदन हो चुके हैं। इसमें से कुल 1804 लोगों ने परीक्षा शुल्क जमा किया है। आवेदनों का संशोधन दो दिन पूर्व किया जा चुका है। इसको लेकर पोर्टल खोले जाने की सुविधा विवि ने उपलब्ध कराई थी।

### अभिनंदन समारोह में मेधावियों का सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : देश भारती पब्लिक इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों के लिए अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। साथ ही स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि भी मनाई गई। कॉलेज के प्रबंधक व राष्ट्रीय कवि वेदव्रत वाजपेयी ने विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

# सुधरेंगे डायट तो स्कूलों को मिलेंगे बेहतर शिक्षक

## पहली बार प्राचार्यों की सीआर लिखने का बदला फार्मूला, प्रत्येक कार्य को निर्धारित किए गए अंक

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

**आपरेशन कायाकल्प**

● निर्धारित 25 बिंदुओं पर करना होगा बेहतर कार्य

अमृत विचार : जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पर सुधार के लिए आपरेशन कायाकल्प के तहत निर्धारित 25 बिंदुओं पर जिस प्रगति से कार्य होगा, उसी आधार पर अब प्राचार्यों की सीआर लिखी जाएगी। शासन ने इसका शासनादेश जारी कर दिया है। संयुक्त शिक्षा निदेशक एससीईआरटी डा. पवन सचान ने बताया कि जारी आदेश में प्रत्येक कार्य के अंक निर्धारित किए गए हैं। यह व्यवस्था राज्य में पहली बार लागू की गई है। इसका उद्देश्य डायट पर शिक्षकों के प्रशिक्षण से लेकर डीएलएड प्रशिक्षुओं को गुणवत्तापरक शिक्षा दिलाना है ताकि स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षक मिल सकें। इसमें प्राचार्यों की सक्रियता भी जरूरी है।

डायट पर सुधार जरूरी है, इसके लिए शासन की ओर से दिशा-निर्देश जारी करते हुए हर कार्य के अंक निर्धारित किए गए हैं। इसका पालन सभी डायट प्राचार्यों को करना होगा। **-गणेश कुमार, निदेशक, एससीईआरटी, उत्तर प्रदेश**




### इन 25 बिंदुओं पर डायटों में होगा सुधार, मिलेंगे 30 अंक

शुद्ध पेयजल, प्रशिक्षु शौचालय, नल-जल आपूर्ति, इंटरनेट, दिव्यांग शौचालय, स्टाफ शौचालय, मल्टिपल हैंड वॉशिंग यूनिट, कक्षा-कक्षों की फर्श, बिजली व्यवस्था, जनरेटर, सोलर पैनल, रंगाई-पुताई की स्थिति, संस्थान में चहारदीवारी, संगीत व कला टीएलएम कक्ष की उपलब्धता। खेल का मैदान, खेल सामग्री की उपलब्धता। इसके साथ ही पुस्तकालय-वाचनालय के साथ शैक्षिक वीडियो और आडियो रिकार्डिंग के लिए मिनी स्टूडियो की व्यवस्था। बहुद्देशीय हॉल के साथ प्रशिक्षण कक्ष आईसीटी संसाधन युक्त स्मार्ट बोर्ड, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर, इंटरनेट की उपलब्धता। दो वाहन वाहन की व्यवस्था। वाई-फाई, स्टाफ के बैठने की व्यवस्था। विज्ञान, गणित तथा आईसीटी प्रयोगशाला की उपलब्धता।

### ग्रेडिंग के ये होंगे मानक

- 80 से 100 प्रतिशत तक-ए (उत्कृष्ट)
- 79 से 70 प्रतिशत तक बी (अति उत्तम)
- 69 से 60 प्रतिशत से तक सी (उत्तम)
- 60 प्रतिशत से कम-डी (संतोषजनक-सुधार अपेक्षित)

### डीएलएड : परीक्षाफल प्रतिशत के अनुसार अंक

- 100%-96%- 03 अंक
- 94%-90%- 02 अंक
- 89%-75%- 01 अंक
- 75% से कम- 00 अंक

### विद्यालयों को निपुण बनने पर इस तरह मिलेंगे अंक

- 100 विद्यालयों को निपुण बनाने पर- 10 अंक
- 75 विद्यालयों को निपुण बनाने पर- 07 अंक
- 50 विद्यालयों को निपुण बनाने पर- 05 अंक
- 50 से कम विद्यालयों को निपुण बनाने पर 02 अंक

### टीईटी : प्रतिशत के लिए निर्धारित हुए अंक

- 100% से 95% प्रशिक्षुओं द्वारा टीईटी पास होने पर 3 अंक
- 94% से 90% प्रशिक्षुओं द्वारा टीईटी पास करने पर 2 अंक
- 89% से 75% प्रशिक्षुओं द्वारा टीईटी पास होने पर 1 अंक
- 75% से कम प्रशिक्षुओं द्वारा टीईटी पास होने पर 0 अंक

# संस्कृति एंड सिविल सर्विसेज स्टडीज में करें बीए ऑनर्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में नए सत्र से नया पाठ्यक्रम बीए ऑनर्स (संस्कृति एंड सिविल सर्विसेज स्टडीज) शुरू होने जा रहा है। विवि के प्रवक्ता ने बताया है कि इस पाठ्यक्रम में प्रवेश बिना सीयूईटी के माध्यम से होगा। कोर्स में सीटों का निर्धारण विवि की ओर से कर दिया गया है।

विवि प्रवक्ता व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विवेक ने बताया कि चार वर्षीय कोर्स में 55 प्रोग्राम शामिल किए गए हैं। छात्रों का प्रवेश मैप प्रक्रिया के आधार पर होगा। यूजीसी गाइडलाइन के अनुसार, विषय संस्कृत, अंग्रेजी अथवा हिंदी में होंगे। संस्कृत एंड सिविल सर्विसेज स्टडीज प्रोग्राम के आठ सेमेस्टर में 208 क्रेडिट हैं।

### इस तरह से हुआ है सेमेस्टर का निर्धारण

डीएससीसी कोर्स 4 क्रेडिट लिए हुए है। कुल 32 क्रेडिटों के माध्यम से प्रथम सेमेस्टर में इण्डियन नॉलेज, इंडियन पॉलिटी, माइक्रो इकोनॉमी, फिजिकल जियोग्राफी, स्पोकेन इंग्लिश, स्पोर्ट्स कल्चरल, करंट अफेयर्स आधारित रहेगा। द्वितीय सेमेस्टर में एशियन इण्डियन हिस्ट्री, इंडियन गवर्नेंस, मैक्रो इकोनामी, इंडियन जियोग्राफी, रिटन इंग्लिश शामिल है। अन्य सेमेस्टर में भी विषय आधारित हैं।

### इतने अंकों की होगी परीक्षा

जनरल नॉलेज एंड करंट अफेयर्स की परीक्षा 50 नंबरों की होगी। 25 नंबर का हिस्ट्री, जॉग्राफी, इकोनॉमिक्स, साइंस, सोशल एंड पॉलिटिकल लाइफ रहेगा। संस्कृत 5 अंकों की होगी। 10-10 नंबर एप्टीट्यूड एंड रीजनिंग और इंटरव्यू के होंगे। इस तरह परीक्षा कुल 100 अंकों की रहेगी।

# वर्षों से अटकी खेल नीति तैयार खिलाड़ियों की बढ़ीं उम्मीदें

## दिव्यांग बोले, खेल नीति देगी ओपन टूर्नामेंट का मौका, मिलेगी सहूलियत

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में वर्षों से अटकी खेल नीति आखिरकार तैयार हो गई है। नई समिति की ओर से सदस्य भी नामित हो गए हैं। सब कुछ ठीक रहा तो दो दिनों के भीतर दिव्यांग खिलाड़ियों को दी जाने वाली सुविधाएं पटल पर दिखने लगेंगी।

पुनर्वास विवि के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि खेल निदेशालय के निदेशक आरपी सिंह के निर्देश पर खेल कार्यालय के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अजय सेठी को सदस्य बनाया गया है। विवि के क्रीड़ा एवं योग प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. पाण्डेय राजीव नयन और एथलीट अबू हुबैदा भी समिति के सदस्य हैं। शुक्रवार को इसको लेकर कुलपति प्रो. संजय सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित होगी। जिसमें छात्र कल्याण के लिए कई निर्णय लिए जाएंगे।

**खेल नीति से खिलाड़ियों को मिलने वाले लाभ :** हाल ही के दिनों में युगांडा पैराबैडमिंटन प्रतियोगिता में पुनर्वास विवि के तीन छात्रों को खेलने का अवसर मिला था, लेकिन प्रायोजक (स्पॉन्सर) न मिलने के कारण कोई शामिल नहीं हो सका। डॉ. यशवंत विरोदय का कहना है कि नई नियमावली बनने से निजी प्रतियोगिताओं, खिलाड़ियों को आने-जाने की सुविधा, कोच इत्यादि वहन करने की सुविधा सहित अन्य सुविधाएं खेल नीति के माध्यम से दी जाएंगी।

**विवि के खिलाड़ियों ने हासिल किए सबसे अधिक पदक :** प्रवक्ता ने बताया कि विवि में 50 से अधिक खिलाड़ी हैं। जिन्होंने एक वर्ष के भीतर नेशनल गेम्स में 23 पदक प्राप्त किए हैं। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एक साथ इतने पदक लाना विश्वविद्यालय के लिए रिकॉर्ड है। बताया कि एशियन गेम्स में पैराबैडमिंटन प्रतियोगिता में पदक पाने के बाद अब छात्रों को एथलेटिक्स और जूडो के लिए तैयार किया जा रहा है।

### दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगी खेल नीति


हामिद सलमानी


सिराजुद्दीन अहमद

प्रायोजक न मिल पाने के कारण युगांडा पैराबैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल न हो सके राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हामिद सलमानी बेहद खुश दिखे। उन्होंने बताया कि निश्चित तौर से खेल नीति दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए वरदान साबित होगी। क्योंकि कई बार हम सब संसाधनों के अभाव में आगे नहीं बढ़ पाते। जिससे प्रतिभा ही नहीं उम्मीदें भी खत्म हो जाती हैं। बैडमिंटन खिलाड़ी सिराजुद्दीन ने बताया कि कई वर्षों से लंबित खेल नीति के तैयार होने से विवि के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में बुलावा तो आता है लेकिन प्रायोजक और संसाधनों की कमी के कारण प्रतिभाग न कर पाना मजबूरी बन जाता है।

### निवेश और पोर्टफोलियो प्रबंधन क्षेत्र में डिप्लोमा करने का मौका

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय निवेश और पोर्टफोलियो प्रबंधन क्षेत्र में एक वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा कोर्स शुरू करने जा रहा है। यह कोर्स इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के लिए डिजाइन किया गया है। विवि के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया है कि इस कोर्स के लिए न्यूनतम योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि है। प्रवेश अकादमिक योग्यता के आधार होगा।यह कार्यक्रम पूरी तरह से रोजगार से जुड़ा पाठ्यक्रम है, जो छात्रों को वित्त, निवेश, पोर्टफोलियो निर्माण और प्रबंधन की जानकारी देता है। आवेदन करने के लिए, विश्वविद्यालय की वेबसाइट से जानकारी ली जा सकती है।

**वित्तीण गणित सहित अन्य विषय शामिल :** डॉ. यशवंत विरोदन ने बताया कि इस कार्यक्रम में वित्तीय गणित, सुरक्षा विश्लेषण और पोर्टफोलियो प्रबंधन, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन और व्यावसायिक निर्णयों के लिए लेखांकन सहित कई विषयों को शामिल किया गया है। इससे छात्रों को वित्तीय विश्लेषण, बाजार के रुझान को समझना और निवेश का मूल्यांकन, जोखिम प्रबंधन की क्षमता का मजबूत आधार प्रदान होगा।

# लविवि : विधि में 160 सीटों के सापेक्ष 7 हजार से अधिक आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में विधि पाठ्यक्रमों के लिए 160 सीटों के सापेक्ष 7 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। ऐसे में एक सीट के सापेक्ष कुल 44 से अधिक दावेदार बन चुके हैं।

विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया है कि शुक्रवार को विवि में स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 5 जुलाई है। सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा स्नातक विधि पांच वर्षीय पाठ्यक्रम (एलएलबी इंटीग्रेटेड) एवं प्रबंधन, बीबीए और बीसीए के पाठ्यक्रमों में देखी जा रही है। बीबीए में 320 और बीसीए में 100 सीटें निर्धारित की गई हैं। इसमें कुल 420 सीटों के सापेक्ष अब तक 8000 आवेदन फॉर्म आ चुके हैं। बीबीए में एक सीट के सापेक्ष 14 दावेदार और बीसीए में 38 दावेदार हैं।

**प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की बढ़ी संख्या :** प्रवक्ता का कहना है कि छात्र अब पढ़ाई के साथ रोजगार के अवसर को भी इंगित कर रहा है। विवि कैंपस प्लेसमेंट में काफी आगे है। यही कारण है कि सत्र 2024-25 में लविवि में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में अभ्यर्थी आवेदन कर रहे हैं। बताया कि स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में अब तक पिछले सत्र की तुलना में अधिक वृद्धि हुई है।

**एमए इन वीमेन स्टडीज कोर्स का नाम बदला :** विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन संस्थान ने अपने मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए) इन वीमेन स्टडीज कोर्स का नाम बदलकर मास्टर ऑफ आर्ट्स (एमए) इन वीमेन एंड जेंडर स्टडीज कर दिया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ये बदलाव शैक्षणिक परिदृश्य में हो रहे विकास, समावेशिता और व्यापक शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस बदलाव का उद्देश्य छात्रों को लिंग संबंधों, अंतर्संबंधिता और लिंग स्पेक्ट्रम के विभिन्न अनुभवों की गहरी समझ प्रदान करना है।



### इन विषय पर इतने आवेदन

| वर्ष | विषय | आवेदन |
|---|---|---|
| 2023-24 | बीबीए | 3700 |
| 2023-24 | बीसीए | 3392 |
| 2024-25 | बीबीए | 4120 |
| 2024-25 | बीसीए | 3786 |
| 2023-24 | एलएलबी (5 वर्षीय) | 5464 |
| 2024-25 | एलएलबी (5 वर्षीय) | 6935 |


पुस्तक का विमोचन करते लविवि के कुलपति आलोक कुमार राय। अमृत विचार

### अभियांत्रिकी व तकनीकी संकाय कॉन्फ्रेंस की पुस्तक का विमोचन

लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस की पुस्तक का विमोचन कुलपति आलोक कुमार ने किया। इस दौरान पुस्तक से जुड़ी जरूरी जानकारियां भी साझा की गईं। लविवि के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकायाध्यक्ष प्रो. एके सिंह ने बताया कि कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग और इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार विभाग ने संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में टेलर एंड फ्रांसिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क, इमेज प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिक ऑटोमेशन आदि विषयों को लेकर शोध पत्र प्रकाशित किए। राष्ट्रीय कांफ्रेंस में 59 शोध पत्र, जिसमें से 12 शोध पत्र ब्रिटेन, युगांडा, मॉरीशस, सऊदी अरब के डिलेगेट्स की ओर से इंडस्ट्री 4.0, 3डी प्रिंटिंग, बायोमैकेनिक्स, नैनोटेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स से सम्मिलित थे, जो प्रकाशित किये गए। इस दौरान कॉन्फ्रेंस के कोऑर्डिनेटर डॉ. जीशान अली सिद्दीकी सहित कांफ्रेंस आर्गेनाइजिंग कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।


क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सायं 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश



केंद्रीय संस्कृत विवि में आयोजित वी-लॉग कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### छात्रों ने साझा किए प्रशिक्षण के अनुभव

अमृत विचार, लखनऊ : केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित वी लॉग कार्यशाला में सम्मिलित छात्रों ने रमणीय स्थलों (पार्क) का भ्रमण किया। इस दौरान कार्यशाला में हुए प्रशिक्षण छात्रों ने एक-दूसरे से साझा किए। लखनऊ परिसर के छात्र सौरभ मिश्र ने कहा कि यदि यह कार्यशाला पूर्व में आयोजित की गयी होती, तो हम अपना चैनल और बेहतर बना पाते। श्रृंगेरी से आए राजेश्वर ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला के लिए 10 दिन भी कम पड़ेगा।

**अवसर** पीएचडी के लिए श्रीलंका और मालदीव से भी आए आवेदन

# भातखंडे संस्कृति विवि का नया सत्र 22 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का नया सत्र 22 जुलाई से शुरू हो जाएगा। नये सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया का काम तेजी से चल रहा है। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 15 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। अब तक 750 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है जबकि 800 सीटों पर प्रवेश होना है।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन ने बताया कि 24 जुलाई को पीएचडी की प्रवेश परीक्षा है। पीएचडी की पांच सीटें हैं लेकिन इसके लिए 65 आवेदन आए हैं। पीएचडी के लिए श्रीलंका और मालदीव से भी आवेदन मिले हैं।

उन्होंने बताया कि पखावज, सरोद और सारंगी वादन के अलावा मणिपुरी नृत्य के प्रति विद्यार्थियों की रूचि लगातार घट रही है। इन विषयों की तरफ विद्यार्थियों की रूचि जागृत करने के लिए विश्वविद्यालय ने तय किया है कि पखावज, सरोद और सारंगी वादन तथा मणिपुरी नृत्य में प्रवेश लेने वालों का शिक्षण शुल्क में 50 फीसदी की छूट मिलेगी।

कुलसचिव ने बताया कि आजमगढ़ का हरिहरपुर संगीत महाविद्यालय अब भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का घटक कॉलेज होगा। इस महाविद्यालय की देखरेख संस्कृति विभाग के पास है। संस्कृति विभाग की देखरेख में महाविद्यालय का भवन बनाने का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में अभी हाल में हुई कार्यशाला में दो विद्यार्थी मणिपुरी नृत्य सीखने आये थे। दोनों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन किया और दोनों को प्रवेश मिल गया है।

डॉ. सृष्टि धवन ने बताया कि नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए छात्रावास तैयार हो गया है। 48 छात्रों को छात्रावास में स्थान मिल जाएगा। छात्राओं का छात्रावास पिछले साल ही शुरू हो गया था। टेलीविजन की सारेगामा प्रतियोगिता भातखंडे के विद्यार्थियों को बगैर साक्षात्कार के ले लेती है। उसने विश्वविद्यालय से गायन के विद्यार्थियों के वीडियो मांगे हैं। विश्वविद्यालय ने वीडियो भेज भी दिए हैं।


विषयों के बारे में जानकारी देतीं कुलसचिव डॉ. सृष्टि धवन। अमृत विचार

## एक नजर

### ऑटो में बैठे युवक ने चालक लगाया पर चोरी का आरोप

अमृत विचार, काकोरी : पारा क्षेत्र में एक ऑटो चालक ने युवक का मोबाइल फोन व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जिसके बाद पीड़ित ने पारा कोतवाली में अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। अभिषेक पुत्र राजू रावत निवासी करसंडा थाना नगराम ने बताया कि 26 जून को उन्होंने रेलवे स्टेशन चारबाग लखनऊ उत्तर जंक्शन से अहिमामऊ के लिए एक ऑटो बुक किया था। ऑटो चालक ने रास्ता बदल दिया और पारा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नहर पुल फतेहगंज के रास्ते में एक मोबाइल फोन सोने की चेन सहित 17500 चोरी कर लिया। वहीं इस संबंध में पुलिस ने बताया कि पीड़ित के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बाबा साहब की प्रतिमा खंडित करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईंगंज के महुरा कला गांव में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने के मामले में हंगामा हुआ। प्रतिमा खंडित करने वाले की पहचान कर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद ग्रामीणों का हंगामा शांत हुआ। महुरा कला निवासी हरिशचंद्र के मुताबिक गुरुवार सुबह संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित मिली। छानबीन करने पर पता चला कि अनुज वर्मा ने मूर्ति को नुकसान पहुंचाया है। इस बात से नाराज ग्रामीण हंगामा करने लगे। विवाद की सूचना पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने हरिशचंद्र की तहरीर पर मामला दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश तिवारी के मुताबिक आरोपी अनुज को गिरफ्तार किया है।

### जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : हिंदू खेड़ा निवासी एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ गाली गलौच करने और जान से मारने की धमकी देने की बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता कमला ने बताया कि बुधवार दोपहर 1 बजे पड़ोस में रहने वाला संदीप मामूली बात को लेकर गाली गलौच करने लगा और उसने घर में घुसकर बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। जब कमला ने विरोध किया तो आरोपी उसे मारने दौड़ा, लेकिन जब वह भागी तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल बंथरा पुलिस मामले के रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पति की फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र लगाकर कराया लोन

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा इलाके में रहने वाली महिला ने पति का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया। इसी आधार पर फाइनेंस कंपनी से लोन करा लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने तालकटोरा कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। पत्नी के साथ फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक पर भी आरोप लगाया है। खदरा निवासी इजहार अहमद का पत्नी फरीना बानो से पारिवारिक विवाद हुआ। जिसके बाद मई 2023 में पत्नी मायके चली गई। कुछ वक्त बाद फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी लोन कि किस्त जमा नहीं होने पर तकादा करने पहुंचे। तब इजहार को पत्नी की धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित के मुताबिक पत्नी ने उसका फर्जी डेथ सर्टिफिकेट भी बनवाया है। यह जानकारी होने पर इजहार ने तालकटोरा कोतवाली में तहरीर दी थी। मामला दर्ज नहीं होने पर न्यायालय में अर्जी दायर की। जहां से मिले आदेश पर फरीना और प्रबंधक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# पिछले वर्ष से चार गुना बढ़े साइबर अपराध के मामले

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

- जालसाजों ने तीन वर्षों में 146 के खातों से उड़ाये एक अरब
- इस वर्ष छह महीने में 97 खातों से डेढ़ अरब की रकम कर दी पार



अमृत विचार : साइबर अपराध साल दर साल बढ़ता जा रहा है। 2021, 2022 और 2023 में साइबर जालसाजों ने 146 लोगों के खाते से एक अरब रुपये उड़ाये थे। तो वहीं इस वर्ष महज छह महीने में ही 97 लोगों से डेढ़ अरब रुपये ठग लिए। पुलिस की कार्रवाई भी पिछले चार साल में इस बार अधिक हुई है। पुलिस के मुताबिक साइबर ठगों का नेटवर्क बड़े शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक फैला है। पुलिस इसे आसानी से नहीं तोड़ पा रही है।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी बृजेश कुमार यादव ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस बार चार गुना मामले दर्ज किए गए हैं। जहां 2023 में कुल 54 मामले दर्ज किए गए। वहीं इस वर्ष महज छह महीने में 97 मामले दर्ज हो चुके हैं। वहीं 2021 में 50 और 2022 में 42 मामले दर्ज हुए। पिछले तीन साल में दर्ज मामलों पर नजर डाली जाए तो इस वर्ष जालसाजों ने ठगी की रफ्तार चार गुना बढ़ा दी है। पुलिस टीम उनके नेटवर्क को तोड़ने में जुटी है। चार साल में साइबर जालसाजों ने कुल 2,48,71,08,370 रुपये ठग लिए। इनमें से पुलिस के प्रयास से कुल 1,93,39,84,958 रुपये पीड़ितों को वापस मिल सके।

### दो बार में 85 फीसदी से अधिक बरामदगी

साइबर क्राइम थाने के खुलासे और गिरफ्तारी के आंकड़े बताते हैं कि चार साल में मात्र दो बार ही पुलिस टीम ने 85 फीसदी से अधिक की रकम बरामद कराई है। 2022 में 42 मामले में 28 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 21 का बिना गिरफ्तारी के चालान किया गया। इसके अलावा 16 में आरोप पत्र दाखिल किया तो 21 में अंतिम रिपोर्ट लगाई। वहीं पीड़ितों के खाते से उड़ाए गए 76,42,54,000 रुपये से 73,27,17,961 रुपये बरामद कर लिए। जो करीब 95 प्रतिशत है। इसके अलावा चालू वर्ष में पुलिस टीम ने 85 फीसदी रकम पीड़ितों को वापस कराई है। इस वर्ष 97 मामले दर्ज किए गए। इनमें 17 की गिरफ्तारी हो चुकी है। दो मामलों में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। वहीं, खाते से गई रकम 1,52,40000,50 रुपये में से 1,19,63,20000 रुपये की बरामदगी की है। जो करीब 85 प्रतिशत है। जहां तक खुलासे और गिरफ्तारी की बात करें तो 2021 में 30 आरोपी गिरफ्तार हुए थे। वहीं 50 पीड़ितों के खाते से गए 7,80,043,20 रुपये में 35,41,997 बरामदगी की गई।

### 2021 व 2023 में सबसे कम बरामदगी

साइबर क्राइम थाने में 2021 और 2023 में सबसे कम बरामदगी हुई थी। इन दोनों सालों में पुलिस की कार्रवाई भी काफी धीमी रही। 2021 में 50 एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें 36 नामजद और 102 आरोपी के नाम विवेचना में आए। पुलिस 30 की ही गिरफ्तारी की थी। एक मामले में कुर्की भी की। वहीं, 65 का बिना गिरफ्तारी के चालान किया गया। 42 में आरोप पत्र और 31 में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की गई। खाते से गायब रकम 7,80,043,20 रुपये में से 35,41,997 ही बरामद कर सकी। जो कुल साढ़े चार प्रतिशत था। वहीं, 2023 में 54 मामलों में दो को गिरफ्तार किया गया। 14 को बिना गिरफ्तारी के चालान किया। 11 में आरोप पत्र और 15 में अंतिम रिपोर्ट दाखिल की। खाते से गए रकम की बरामदगी का प्रतिशत 1.19 प्रतिशत रहा। पुलिस 12,08,50,000 रुपये में 14,05,000 ही वापस करा सकी।

## पड़ोसी पर छेड़छाड़ करने का आरोप

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई के तेलीबाग में मंगलवार को मोमोज देने के बहाने पड़ोसी ने घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसकी पिटाई की। किसी तरह भागकर कमरे में छिपकर अपनी जान बचाई। चीख सुनकर आसपास के लोग जुटने लगे तो आरोपी भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को दबोच लिया। पीड़िता के मुताबिक मंगलवार को पति जरूरी काम से बाहर गए थे। घर में वह अकेली थी। इस बीच मोहल्ले के सुमित कनौजिया ने उसके साथ छेड़छाड़ की।

# तेजाब से दोनों गाल और पलकें झुलसीं सदमे में पीड़िता, नहीं खोल रही आंखें

## केजीएमयू में दोनों भर्ती, दो सप्ताह में घाव सूखने पर पता चलेगी एसिड बर्न की गंभीरता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बुधवार सुबह हुए एसिड अटैक की शिकार युवती की हालत गंभीर है। वह सदमे में है।केजीएमयू में भर्ती पीड़िता का 40 फीसदी चेहरा तेजाब से झुलसा है। इसमें दोनों गाल और पलकों पर घाव हैं। इसके रिकंस्ट्रक्शन में इलाज का निर्धारण करीब एक से डेढ़ सप्ताह बाद,घाव सूखने पर किया जाएगा। वहीं उसके मौसेरे भाई की पीठ 20 प्रतिशत झुलसी है।

केजीएमयू के प्लास्टिक सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ.विजय कुमार ने बताया कि युवती के घाव ताजे हैं, इसलिए घाव की गहराई का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। एक से दो सप्ताह में घाव सूखने पर, बर्न की गंभीरता पता चलेगी। इसके बाद तय किया जाएगा कि स्किन ग्राफ्टिंग (शरीर के अन्य हिस्से से स्वस्थ त्वचा लेकर प्रत्यारोपित करना) की जाए या फ्लैप (रक्त आपूर्ति बरकरार रखते हुए त्वचा प्रत्यारोपण )लगेगा। वहीं उसके भाई की पीठ के घाव ज्यादा गंभीर है। चेहरे को सामान्य स्थिति में लाए जाने के सवाल पर उन्होंने बताया कि घाव के निशान नहीं होंगे लेकिन ग्राफ्टिंग के निशान जरूर दिखेंगे। घाव चेहरे के मुख्य हिस्से पर हैं, इसलिए प्रयास किया जाएगा कि चेहरे की सुंदरता को अधिक से अधिक सुरक्षित रखा जाए और ग्राफ्टिंग के निशान कम दिखाई पड़ें।

**40** प्रतिशत चेहरा प्रभावित हुआ तेजाब से

**20** प्रतिशत पीठ झुलसी उसके मौसेरे भाई की

### एसिड बर्न की गंभीरता कॉन्टैक्ट टाइम पर निर्भर

युवती के चेहरे और आंख पर एसिड बर्न की गंभीरता को लेकर डॉ. विजय कुमार ने बताया कि एसिड बर्न की गंभीरता, एसिड की क्षमता और उसके कॉन्टैक्ट टाइम पर निर्भर करती है। एसिड अपनी क्षमता के साथ शरीर के अंदर जाता रहता है और जहां तक जाता है उसे गला देता है। इसलिए इसमें डीप बर्न होता है, टिशू गल जाते हैं। वहीं उन्होंने बताया कि एसिड की सिंगल ड्रॉप भी आंख के लिए खतरनाक होती है। हालांकि ज्यादातर मामलों में आंख बंद हो जाती है, छींटा पड़ने पर कॉर्निया खराब हो जाता है, ऐसी स्थिति में कॉर्निया ट्रांसप्लांट तक की नौबत आ जाती है। अगर आंख के अंदर एसिड पहुंच गया तो यह आंख की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है।

### दहशत में बेटी, कैसे पूरी करेगी आगे की पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसिड अटैक पीड़िता की मां बोली, एमबीए में दाखिला लेने वाली थी

अमृत विचारः एसिड अटैक पीड़िता के साथ पूरा परिवार दहशत में है। घरवालों को बेटी के भविष्य की चिंता सता रही है। पीड़िता की मां ने कहा कि बेटी आगे की पढ़ाई कैसे पूरी करेगी।

बुधवार को चौक क्षेत्र में सिरफिरे युवक ने जिस युवती और उसके मौसेरे भाई पर तेजाब फेंका था उनका इलाज केजीएमयू सेंटर में चल रहा है। युवती की मां ने बताया कि तीन बेटियों में ये मंझली है। बड़ी बेटी दिल्ली मे नौकरी करती है। पीड़िता ने भी बीबीए की पढ़ाई पूरी कर ली थी। इस साल एमबीए में दाखिला लेना था। वो बड़ी बहन के पास दिल्ली जाना चाहती थी। लेकिन इस घटना के बाद इतनी सहम गई कि आगे की पढ़ाई के लिए तैयार नही है। पीड़िता के सहपाठी और टीचर भी गुरुवार को उसका हालचाल लेने अस्पताल पहुंचे। टीचर और साथियों ने बताया कि पीड़िता बेहद सरल और मिलनसार मिजाज है। पढ़ाई में होनहार थी। कॉलेज में कभी उसका किसी से मनमुटाव भी नही हुआ।

### आरोपी मौसेरे भाई का दोस्त

मुठभेड़ में गिरफ्तार अभिषेक ने पुलिस को बताया कि वह छात्रा के मौसेरे भाई का दोस्त है। छात्रा का पीछा करते हुए कई बार उसके घर तक गया था। इसी दौरान उसे मौसेरे भाई के मोबाइल से नंबर निकाल लिया था। वह छात्रा से बात करना चाहता था, जिसके लिए वह तैयार नहीं हुई।

### एसिड बेचने वाले की भी तलाश

प्रभारी निरीक्षक चौक नागेश उपाध्याय के मुताबिक पूछताछ में अभिषेक ने बताया कि वह बीकेटी की एक दुकान से एसिड खरीद कर लाया था। ऐसे में पुलिस एसिड बेचने वाले दुकानदार के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

### मुख्यमंत्री ने लिया हालचाल

तेजाब पीड़िता छात्रा के इलाज और उसकी स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री योगी ने केजीएमयू प्रशासन को कॉल कर जानकारी हासिल की। डॉक्टरों को निर्देश दिया कि किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### बाजार में चार तरह के तेजाब ही उपलब्ध

केजीएमयू में माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉ.शीतल वर्मा ने बताया कि सात प्रकार के तेजाब में अमूमन बाजार में चार प्रकार के तेजाब उपलब्ध होते हैं। सभी की मारक क्षमता बराबर होती है। यह उनके कन्संट्रेशन( प्योरिटी) पर निर्भर करता है। बाजार में उपलब्ध सामान्य तेजाब में हाइड्रोक्लोरिक एसिड, सल्फ्यूरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड और फ्लोरिक एसिड प्रमुख हैं। इनमें सबसे ज्यादा घातक फ्लोरिक एसिड होता है जो कि पानी डालने पर बढ़ता है, इससे राहत पाने के लिए पानी की जगह कैल्सियम ग्लूकोनेट डालना पड़ता है। टॉयलेट साफ करने के लिए बाजार में अत्यंत कम प्योरिटी वाला हाइड्रोक्लोरिक एसिड आसानी से उपलब्ध है। बैटरी में और विभिन्न फैक्ट्रियों में भी एसिड का उपयोग होता है,इसलिए बाजार में उपलब्ध है। मगर, सभी की बिक्री के लिए मानक तय हैं।

### बीएनएस में तेजाब से हमले की सजा का प्रावधान

वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि बीएनएस की धारा 124 (1) और धारा 78 (1) (आई) के तहत तेजाब हमले का मामला दर्ज किया जाएगा। किसी भी अवधि के लिए कारावास की सजा 10 वर्ष से कम नहीं होगी, लेकिन उसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से एसिड फेंकने का प्रयास या प्रशास्ति करने का प्रयास या किसी अन्य साधन का यूज करने का प्रयास करने पर कम से कम 5 वर्ष की सजा होगी। जिसमें 7 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। एसिड में कोई भी पदार्थ शामिल है जिसमें अम्लीय या क्षयकारी या जलने की प्रकृति होती है, जो शारीरिक चोट पहुंचने में सक्षम है।

### भाई डाल रहा था पानी, कम नहीं हुई जलन

छात्रा पर तेजाब फेंकने के तुरंत बाद का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज एसिड फेंकने के तुरंत बाद का है। इसमें छात्रा छटपटाती दिख रही है। इधर-उधर भाग रही है। भाई बोतल से बहन के चेहरे पर पानी डाल रहा है। वह दर्द से चीख रही है। कुछ देर बाद आसपास के लोग इकट्ठा होते हैं। पुलिस को सूचना दी जाती है और फिर उसको अस्पताल पहुंचाया जाता है।

**परिवार ने पहले ही जताया था संदेह :** घटना के बाद केजीएमयू पहुंचे परिजन ने बताया कि अमन वर्मा नाम का युवक छात्रा को परेशान करता था। वह तीन महीने से अलग-अलग नंबरों से छात्रा को कॉल और मैसेज करता। विरोध करने पर धमकी देता था। परिजन उसका नाम सही नहीं बता पा रहे थे। इसी कारण आरोपी वारदात के बाद से बचता रहा।



घायल आरोपी को सहारा देकर ले जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार



घटनास्थल से बरामद आरोपी की बाइक।



आरोपी से बरामद तमंचा। अमृत विचार

# आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, 3 महीने से कर रहा था परेशान

## सल्फ्यूरिक एसिड बरामद, यही फेंका था युवती पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोचिंग सेंटर से मिला था मोबाइल नंबर
- मुठभेड़ में गिरफ्तार, बाइक व तमंचा बरामद

अमृत विचार : चौक इलाके में नीट काउंसलिंग के लिए भाई संग जा रही छात्रा पर तेजाब फेंकने वाला युवक पिछले तीन महीने से परेशान कर रहा था। वह लगातार अंजान नंबरों से कॉल कर उसे परेशान करता था। धमकी भरे मैसेज भेजता था। छात्रा ने ब्लॉक किया तो बुधवार की सुबह चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी को देर रात गुलाला घाट में हुए मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। उसके पास से बाइक व तमंचे के अलावा सल्फ्यूरिक एसिड कंसन्ट्रेटेड और हाइड्रोजन पेरोक्साइड सॉल्यूशन एक-एक बोतल बरामद किया है। घायल आरोपी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

डीसीपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार के मुताबिक छात्रा पर तेजाब से हमला करने के लिए अभिषेक कई दिन से तैयारी कर रहा था। बीकेटी स्थित एक दुकान से उसने सोमवार को तेजाब खरीदा। बैग में छिपा कर वह बुधवार सुबह चौक पहुंच गया। छात्रा ई-रिक्शे से उतर कर मौसेरे भाई से मिलने के लिए लोहिया पार्क की तरफ जाने लगी। छात्रा को अकेले देख अभिषेक ने नाम लेकर पुकारा। फिर उसके पास पहुंच कर बात करने का दबाव बनाया। बहन के साथ अनजान युवक को जबरदस्ती करते देख भाई ने उसे फटकार लगाकर भगा दिया था। इसके बाद अभिषेक बाइक की डिग्गी में रखी तेजाब की बोतल निकाल कर दौड़ पड़ा और छात्रा पर तेजाब फेंक दिया।

नीमगांव निवासी अभिषेक वर्मा का छोटा भाई बीकेटी में रह कर पढ़ाई कर रहा है। उसकी देखरेख के लिए अभिषेक उसके साथ रहता है। बीएससी करने के बाद अभिषेक एमबीए की तैयारी कर रहा था। इस दौरान कई कोचिंग में उसने सम्पर्क किया। वहीं, छात्रा भी बीबीए के बाद एमबीए की तैयारी के लिए अलीगंज स्थित एक कोचिंग सेंटर पर जाती थी। अंदेशा है कि यही से अभिषेक को युवती के बारे में पता चला। अभिषेक ने छात्रा को कई बार कॉल मिलाई। पर, उसने फोन रिसीव नहीं किया। मंगलवार रात करीब 2.51 पर अभिषेक ने छात्रा को हाय लिख कर पहला व्हाटसएप किया। 2.52 पर दूसरा मैसेज भेज कर एक बार बात करने के लिए कहा। उसने लिखा कि आप मुझे बार-बार ब्लॉक कर रही है। मैं आपको पसंद करता हूं।

### मुझे नहीं पता था, उसके साथ भाई है

अभिषेक ने पूछताछ में बताया कि वह छात्रा का पीछा करते हुए कई बार उसके घर तक गया था। बुधवार सुबह भी वह बीकेटी से सआदतगंज जा रहा था। चौक चौराहे के पास पहुंचने पर उसे छात्रा ई–रिक्शे से उतरते हुई दिखाई पड़ी। जो एक युवक से बात कर रही थी। यह देख कर अभिषेक तैश में आ गया। वह युवती के पास पहुंच कर बात करने का दबाव बनाने लगा। तभी छात्रा के साथ मौजूद उसके भाई ने डांट कर भगा दिया। अभिषेक के मुताबिक उसे अंदाजा नहीं था कि छात्रा के साथ उसका मौसेरा भाई है।

# चोरियों से भयभीत ग्रामीण दे रहे पहरा

संवाददाता, निगोहां

अमृतविचार : विगत कई दिनों से निगोहां थाना क्षेत्र के कई गांवों में हुई चोरियों से ग्रामीण दहशत में हैं। पुलिस से नाराज बरवालिया गांव के ग्रामीण टोलियां बनाकर गांवों में पूरी रात जगकर पहरा दे रहे हैं।

निगोहां थाना क्षेत्र के बरवलिया, बाजपेयी खेड़ा, कुशमौहरा में चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए 30जून से 2 जुलाई के मध्य एक बाद एक 5 घरों में चोरियां कीं। पुलिस ने सभी चोरियों का मुकदमा तो दर्ज कर लिया, लेकिन कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की। वहीं, निगोहां थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए गश्त पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की टीम गश्त करती है तो चोरी कैसे हो रही है और चोरी की घटना के बाद जब मौके पर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम के साथ डॉग स्क्वायड की टीमो ने मौके पर पहुंचकर जांच भी की, लेकिन पुलिस एक भी चोरियों का खुलासा नहीं कर सकी। वहीं, अधिकारी कोई जवाब नहीं दे रहे। इस बात से नाराज ग्रामीणों ने टोलियां बनाकर पूरी रात पहरा दे रहे हैं। जब से ग्रामीणों ने यह काम शुरू किया है तब से गांवों में चोरी नहीं हो रही है।



चोरों के भय से रात में जागकर पहरा देते ग्रामीण। अमृत विचार

### चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना

अमृत विचार, मलिहाबाद : कोतवाली अंतर्गत कसमंडी कलां पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मऊ मजरा रमगढ़ा के दो घरो में चोरी की घटना को अंजाम दे कर चोर दोनों घरों से लाखों के जेवर व नकदी लेकर फरार हो गए। ग्राम मऊ मजरा रमगढ़ा निवासी राम औतार ने बताया कि बुधवार देर रात पूरा परिवार खाना खा कर सो गया था देर रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे का ताला काट कर घर में रखे 10 हजार रुपये नकद व दोनों बहुओं के जेवर जिनकी कीमत लगभग पांच लाख थे, चोरी कर ले गए। वहीं पड़ोस में रहने वाले साधूरा के घर में पीछे की तरफ से कमरे में लगी खिड़की का एक पल्ला उखाड़ कर घर में रखे 8000 रुपये व जेवर लेकर फरार हो गए।

### आंगन की ग्रिल का ताला तोड़कर घर में की चोरी

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी कोतवाली क्षेत्र के सकरा गांव में बंद पड़े मकान लगी आंगन में लगी ग्रिल का ताला तोड़कर चोरों ने निशाना बनाया और हजारों के जेवरात और नगदी चोरी कर ले गए। मिली जानकारी के अनुसार सकरा गांव निवासी मीना ने बताया कि बीते बुधवार को घर में ताला लगाकर परिवार के साथ अपने ससुराल मल्लावां हरदोई बर्थ डे पार्टी में चले गए थे। गुरुवार की सुबह करीब 7 :30 बजे जब सभी लोग वापस आए और घर के अंदर गए तो पता चला कि आंगन पर ग्रिल का ताला तोड़कर कुछ अज्ञात व्यक्ति ने कमरे में रखी अलमारी से नकदी समेत गहने उठा ले गए। वहीं पीड़ित मीना ने काकोरी कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

# इलाज कराने जा रहे दंपति को ट्रक ने रौंदा, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोसाईंगंज स्थित सीएचसी के पास हुआ हादसा, पति गंभीर

अमृत विचार : गोसाईंगंज सीएचसी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति पवन मिश्रा (28) और प्रीति मिश्रा (25) को टक्कर मार दी। हादसे में प्रीति की मौत हो गई। वहीं पवन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस हादसे की सूचना के बाद सीसीटीवी कैमरे की मदद से ट्रक की तलाश कर रही है।

प्रभारी निरीक्षक गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार तिवारी के मुताबिक बाराबंकी के लोनी कटरा के बूढ़नापुर निवासी पवन मिश्रा गुरुवार को पत्नी प्रीति मिश्रा को इलाज के लिए बाइक से लखनऊ इलाज कराने आ रहे थे। गोसाईंगंज स्थित सीएसची के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से प्रीति सड़क के दाहिनी तरफ जा गिरीं और ट्रक का पहिया उनपर चढ़ गया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में पवन से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पवन को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक लेकर भाग निकला। पुलिस ने छानबीन के बाद प्रीति के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से ट्रक के बारे में पता लगा रही है।

### घायल युवती की इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार, लखनऊ : गोसाईंगंज इलाके में डंपर की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। गाजीपुर निवासी सुधा यादव (20) कुछ दिन पहले भाई धनंजय के घर चिनहट मटियारी आई हुई थी। धनंजय के मुताबिक 28 जून को सुधा किसी काम से गोसाईंगंज कस्बा गई थी। गोसाईंगंज चौराहे पर तेज रफ्तार डंपर ने सुधा को टक्कर मार दी थी। उनको ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बुधवार देर रात सुधा की इलाज के दौरान मौत हो गई। सुधा घर पर रहकर सिलाई का काम करती थी। परिवार में किसान पिता अशोक और मां संतरा देवी हैं।

# व्यापार का झांसा देकर ठगे 4 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार :आशियाना इलाके के व्यापारी को जालसाज ने आंख की मशीन का कारोबार करने का झांसा दिया। उनसे 4 लाख रुपये ठग लिए। मशीन नहीं मिली तो व्यापारी ने रुपये वापस मांगे। जालसाज ने टालमटोल किया। दबाव बनाया तो धमकी देने लगा। पीड़ित ने डीजीपी मुख्यालय में शिकायत की। इसके बाद आशियाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है।

मूल रूप से अमेठी संग्रामपुर निवासी मुकेश सिंह आशियाना में किराए पर रहकर व्यवसाय कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2018 में अनुज सिंह निवासी देवरिया से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने आंख की मशीन का व्यापार करने की बात कही। हामी होने पर जालसाज ने 5 लाख में मशीन दिलाने की बात कही। आरोपी की चिकनी चुपड़ी बातों में फंसे मुकेश ने रुपए की व्यवस्था कर अनुज और उसके पिता अवधेश सिंह को 4 लाख रुपए दिए। पैसे वापस करने की मांग पर कुछ दिन तक टालमटोल करता रहा। बाद में रुपए वापस करने की बात कहकर पहाड़नगर टिकरिया बुलाया। पीड़ित ने कॉल की तो धमकी दी। पीड़ित व्यापारी ने डीजीपी मुख्यालय में इसकी शिकायत की। जांच में आरोप सही पाया गया। इसके बाद पुलिस ने अनुज और उसके पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### जालसाजों ने तीन महिलाओं से ठगे 2.55 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर जालसाजों ने तीन महिलाओं से 2.55 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस अधिकारी बनकर पॉर्न साइट सर्च करने पर गिरफ्तारी का डर दिखाकर और निवेश के नाम पर जालसाजों ने ठगी की। पीड़ितों ने जानकीपुरम ओर हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई। जानकीपुरम विस्तार स्थित अभिषेक पुरम निवासी मोनिका सिंह ने बताया कि दो दिन पहले अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को चारबाग थाने का पुलिसकर्मी बताकर कहा कि आपके मोबाइल पर पोर्न साइट खोली गई है, जो अपराध है। पीड़िता ने मना किया। इस पर पुलिसकर्मी बने जालसाज ने गिरफ्तार करने और बदनाम करने की धमकी देकर 3500 रुपए फाइन जमा करने को कहा। आरोपी ने थाना प्रभारी का गूगल पे नंबर देकर रुपए भेजने को कहा। ठगी से अंजान पीड़िता ने रुपये ट्रांसफर कर दिये। आरोपी ने स्क्रीन शॉट मांगा। व्हाट्सएप डीपी पर आईपीएस रविन्द्र यादव नाम दिख रहा था। इसके बाद पुलिसकर्मी बन जालसाज ने कहा कि आपका माफीनामा बन रहा है। डीसीपी के साइन के लिए आपको 13 हजार देने होंगे। शक होने पर मोनिका ने जांच की तो ठगी का पता चला। पीड़िता ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, हुसैनगंज के उदयगंज क्ले स्क्वायर में सपना पंजवानी परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि फेसबुक पर स्टॉक में निवेश पर मुनाफे का विज्ञापन देखा। ठगी से अंजान पीड़िता ने दो व्हाट्सएप ग्रुप ज्वाइन किए। पीड़िता ने रजिस्ट्रेशन नंबर पूछकर सेबी कस्टमर केयर से जानकारी की तो पता चला कि वे सही हैं। इसके बाद जालसाज ने निवेश पर मुनाफे का झांसा देकर 2.35 लाख रुपए ऐंठ लिए। डिमांड बढ़ने पर पीड़िता ने असमर्थता जताई तो उसे ग्रुप से हटा दिया गया। सपना ने हुसैनगंज कोतवाली में मामला दर्ज कराया है। वहीं, आशियाना अपार्टमेंट निवासी कनीज फातिमा सिद्दीकी ने बताया कि कुछ दिन पहले एक कॉल आई। जालसाज ने बैंककर्मी बन एक स्कीम पर अच्छा इंटरेस्ट देने का झांसा दिया। फिर खाते से 17 हजार रुपए गायब कर दिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

## सार-संक्षेप

### अत्याचार के खिलाफ संसद में आवाज उठाऊंगा : मो. हनीफा

**अमृत विचार, लखनऊ :** 'मैंने भले ही लद्दाख के कारगिल से चुनाव जीता है लेकिन देश में कहीं भी अत्याचार और नाइंसाफी हुई तो उसके खिलाफ सदन में आवाज उठाऊंगा। जनता ने मुझे चुनकर संसद में भेजा है और मैं इस भरोसे को टूटने नहीं दूंगा।' यह बात लद्दाख से नवनिर्वाचित सांसद हाजी मोहम्मद हनीफा ने गुरुवार को तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में मगरिब की नमाज अदा करने के बाद अपने स्वागत समारोह में कही। नमाज मौलाना इब्ने अब्बास नजफ़ी ने पढ़ाई। स्वागत समारोह की अध्यक्षता करते हुए मौलाना साएम मेहदी ने कहा कि हमारी कौम के युवा सक्रिय राजनीति में आएं और राष्ट्रीय अधिकार प्राप्त करें।की अध्यक्षता में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर कर्नाटक से आए सुल्तान आगा ने कहा कि हमारे समाज को भी राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेने की जरूरत है। राजनीतिक दलों ने हमारे समाज को नजरअंदाज किया है। शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि राजनीति में अपनी जगह बनाने और दूसरी पार्टियों तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए एक राजनीतिक मंच जरूरी है। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी सिराज मेहदी, बड़ी संख्या में उलेमा और बुद्धिजीवी मौजूद थे।



वितरित की गई किट के साथ वॉटरपोलो व गोताखोरी टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

### गोताखोरी टीम में लखनऊ के चार खिलाड़ी

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदौर में 7 से 11 जुलाई तक 40वीं सब जूनियर और 50वीं जूनियर नेशनल डाइविंग एंड वॉटरपोलो चैंपियनशिप में आयोजित की जायेगी। इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली यूपी टीम के खिलाड़ियों को गुरुवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किट वितरित की गई। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ अजये सेठी खिलाड़ियों को किट प्रदान की। उत्तर प्रदेश तैराकी संघ के सचिव शिवम कपूर ने बताया कि यूपी वॉटरपोलो बालक टीम का कप्तान देवानंद चौहान और बालिका टीम का कप्तान वंदना साहनी को बनाया गया है। इसके साथ ही यूपी की गोताखोरी टीम भी घोषित की गई। इस टीम में लखनऊ के चार खिलाड़ी मौजूद हैं। टीम के मुख्य प्रशिक्षक आनंद श्रीवास्तव, प्रशिक्षक जी. सिंह होंगे। डाइविंग टीम केप्रशिक्षक निशीथ दीक्षित और सहायक प्रशिक्षक अभिषेक कुमार बनाये गए हैं। गोताखोरी टीम में लखनऊ के चार खिलाड़ी शामिल हैं। **गोताखोरी टीम :** आयुष पटेल–लखीमपुर, किशन साहनी–फैजाबाद, आदित्य साहनी – वाराणसी, शिवम कुमार शर्मा, अभी प्रताप सिंह, दीप त्रिवेदी, आलिया अवस्थी– लखनऊ शामिल है।



गुब्बारा उड़ाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन करते पीएसी लखनऊ के पुलिस उपमहानिरीक्षक आईपीएस किरीट राठौड़। अमृत विचार

### राम किशन ने जीता स्वर्ण

**अमृत विचार, लखनऊ :** 25वीं वाहिनी पीएसी के रामकिशन मिश्रा ने मध्य जोन भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता के तहत आयोजित पारंपरिक योग में बाजी मारी और स्वर्ण पदक जीता। स्पर्धा में 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के छोटेलाल यादव रजत और 30वीं वाहिनी पीएसी गोंडा के राजेंद्र यादव कांस्य जीतने में कामयाब रहे। सरोजनीनगर के कानपुर रोड स्थित 32 वीं वाहिनी पीएसी परिसर में गुरुवार को प्रथम अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, योगा एवं पावरलिफ्टिंग) प्रतियोगिता का उद्घाटन पीएसी लखनऊ के पुलिस उपमहानिरीक्षक आईपीएस किरीट राठौड़ ने किया। मौके पर सेनानायक एवं आईपीएस विक्रांत वीर, सह आयोजन सचिव व उप सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के अरुण कुमार सिंह, सहायक सेनानायक अभय नाथ मिश्रा सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पीएसी मध्य जोन की 10 टीमों के लगभग 180 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।



जगन्नाथ रथयात्रा से पहले सामूहिक यज्ञ में आहूति देते समिति के सदस्य।

### जगन्नाथ रथयात्रा से पहले हुआ विश्व शांति यज्ञ

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज स्थित राधा माधव सेवा संस्थान की ओर से माधव मंदिर के 63वें स्थापना दिवस समारोह और जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है। जगन्नाथ रथ यात्रा से पहले गुरुवार को विश्वशांति सद्भावना सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। माधव मंदिर समिति के महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि यज्ञ में औषधि वाले 55 तरह के वृक्षों की लकड़ी, जौ, तिल, गाय के दूध से बने घी से पुजारी लालता प्रसाद ने आहुति देकर विश्व शांति सद्भावना यज्ञ सम्पन्न कराया। श्याम जी साहू ने बताया कि हवन व यज्ञ करने का उद्देश्य यह है कि औषधियां वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण करती हैं। इससे कई तरह की बीमारियां फैलाने वाले वैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं। इससे प्रकृति संतुलित होती है और वातावरण दूषित होने से बचता है।

### कृष्ण लीला पर नृत्य नाटिका आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** समिति के उपाध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि 5 जुलाई को शाम 4 .30 बजे से डालीगंज के पन्नालाल चौराहे स्थित उमराव सिंह धर्मशाला में अनुज मिश्र ग्रुप के कलाकार कृष्ण लीलाओं पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन करेंगे।

# बस में दिव्यांग से दुर्व्यवहार : एक में बिठाया नहीं, दूसरी में काटा टिकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कुछ दिन पूर्व ही परिवहन निगम के अध्यक्ष एल वेंकटेश्वर लू ने प्रदेश स्तरीय बैठक में चालकों-परिचालकों को यात्रियों से बेहतर व्यवहार करने के निर्देश दिए। इसके बावजूद परिचालक सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

बीते बुधवार को परिचालक ने एक दिव्यांग यात्री से न केवल अभद्र व्यवहार किया, बल्कि उसका दिव्यांगता प्रमाण पत्र मानने से इनकार कर उसे टिकट खरीदने के लिए मजबूर कर दिया। सिर्फ यही नहीं, टिकट के लिए भुगतान की धनराशि में बचे हुए पैसे भी यात्री को वापस नहीं किए गए। मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।




▸▸ **दिव्यांगता प्रमाण पत्र को मानने से किया इनकार, टिकट के बचे पैसे भी नहीं लौटाए**

दिव्यांग यात्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने रोडवेज परिचालक पर अभद्रता का आरोप लगाया है। प्रमोद का कहना है कि बीते बुधवार को बारिश में भीगते हुए वह चारबाग बस अड्डे पहुंचा। उसे हैदरगढ़ जाना था। यहां पर एक बस जगदीशपुर होते हुए हैदरगढ़ जा रही थी। वह इस बस में चढ़ने लगा तो परिचालक ने उसे ले जाने से मना कर दिया।

अमेठी के कैथनपुरवा निवासी प्रमोद ने बताया कि इसके बाद वह बस संख्या यूपी 33एटी 5497 से गंतव्य को गया। चारबाग डिपो से सुल्तानपुर जा रही यह बस आधे घंटे बाद बस अड्डे से रवाना हुई। रास्ते में जब परिचालक ने टिकट बनाना शुरू किया तो उन्होंने अपना दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया। इस पर परिचालक ने कहा कि यह सब नहीं चलेगा। टिकट लेना पड़ेगा। इसके साथ ही परिचालक अभद्रता पर उतारू हो गया और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। फिर भी प्रमोद द्वारा 100 रुपये देकर टिकट लिया गया। परिचालक ने 98 रुपये का टिकट दिया। बाद में बचे हुए रुपये भी वापस नहीं किए।

क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ आरके त्रिपाठी ने बताया कि दिव्यांग यात्रियों का सफर बस में निःशुल्क है। इस मामले की जांच की जायगी। परिचालक के दोषी पाये जाने पर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## दिव्यांग को बैठाने से कतराते हैं चालक-परिचालक

**अमृत विचार, लखनऊ :** चालक-परिचालक दिव्यांग यात्रियों को बसों में नहीं ले जाना चाहते। लोड फैक्टर में इन यात्रियों के न शामिल होने से परिचालक इन्हें सफर की सुविधा देने से कतराते हैं। रोडवेज के अधिकारियों के अनुसार, यात्री लोड फैक्टर में दिव्यांग यात्रियों की गिनती नहीं होती है। जिन यात्रियों ने टिकट लिया होता है, सिर्फ उन्हें ही देखा जाता है। जबकि इस बात के स्पष्ट निर्देश हैं कि बसों में दिव्यांग यात्रियों का सफर निःशुल्क होगा। उनकी सीट भी निर्धारित है।

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार, टिकट के साथ दिव्यांग यात्रियों का ब्योरा देने पर विभाग से उनके किराये का भुगतान रोडवेज को मिल जाता है। यदि दिव्यांगों को भी लोड फैक्टर में शामिल किया जाए तो चालक-परिचालक उन्हें रोडवेज बसों में सफर कराने से नहीं कतरायेंगे। इससे जहां दिव्यांगों का सफर सुगम होगा। वहीं, परिचालकों को भी राहत मिलेगी।

रोडवेज बसों में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या वर्ष 2021-22 में 35,00,903 , वर्ष 2022-23 में 33,31,740 और वर्ष 2023-24 में 31,03,219 थी।

> 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होने पर दिव्यांग को नि :शुल्क सफर की सुविधा दी जाती है। जो भी परिचालक दिव्यांगों को सफर कराने में आना–कानी करने या उन्हें जबरन टिकट खरीदने को मजबूर करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हर वर्ष बड़ी संख्या में दिव्यांग हमारी बसों में सफर करते हैं।
>
> **–आरके त्रिपाठी, क्षेत्रीय प्रबंधक, परिवहन निगम, उत्तर प्रदेश**

### दिव्यांगों को सफर में छूट का नियम

- 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग होने पर
- 80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग होने पर एक अन्य व्यक्ति को नि :शुल्क सफर की सुविधा
- चिकित्साधिकारी, सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के साथ आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा
- केंद्र सरकार द्वारा यूडीआई कार्ड संख्या

### चरक हॉस्पिटल के संस्थापक नहीं रहे

**अमृत विचार, लखनऊ :** चर्म रोग विशेषज्ञ एवं चरक डायग्नोस्टिक और चरक हॉस्पिटल के संस्थापक एवं समाजसेवी डॉ. रतन कुमार सिंह का गुरूवार को उपचार के दौरान हृदयगति रुकने के कारण स्वर्गवास हो गया। उनके पार्थिव शरीर का अन्तिम संस्कार गुरूवार को 3 बजे पैतृक गाँव माल, मलिहाबाद स्थित आदर्श सत्येन्द्र कोल्ड स्टोर पर किया गया।

# रोहिन व अविनाश में होगी खिताबी भिड़ंत

## बालिका एकल के फाइनल में सिद्धि का सामना आशी से होगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंडर-14 आइटा टेनिस चैंपियनशिप के बालक-बालिका एकल वर्ग के फाइनल की तस्वीर गुरुवार को साफ हो गई। दूसरी वरीयता प्राप्त रोहिन राज और गैर वरीय अविनाश राय के बीच खिताबी मुकाबला खेला जायेगा। बालिका एकल के फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त सिद्धि सिंह का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त आशी शमशेरी से होगा।

ला-मार्टीनियर कॉलेज प्रांगण स्थित एसडीएस अकादमी में खेली जा रही प्रतियोगिता में गुरुवार को बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में गैर वरीय बिहार के अविनाश राय



सर्विस की तैयारी में खिलाड़ी।

और यूपी के शीर्ष वरीय अर्जुन सिंह में मुकाबला हुआ। अविनाश ने शुरुआत से लय हासिल कर ली, जबकि दूसरी ओर अर्जुन शर्मा ने कई गलतियां की। इस मुकाबले में अविनाश ने 6-1,

▸▸ **अंडर-14 आइटा टेनिस चैंपियनशिप**

6-3 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त रोहिन राज का सामना सिद्धार्थ चौधरी से हुआ। रोमांचक मुकाबले में रोहिन राज ने पहला सेट 7-6(2) से जीता। लेकिन दूसरे सेट में सिद्धार्थ ने कड़ें संघर्ष के बाद 6-4 से जीत दर्ज की। तीसरे और निर्णायक सेट में रोहिन ने शानदार खेल दिखाया और 6-2 से जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट हासिल कर लिया।

बालिका वर्ग का पहले सेमीफाइनल में सिद्धि सिंह और सान्वी राय में भिड़ंत हुई। सिद्धि ने पहले सेट में 7-6(4) से जीत दर्ज की। दूसरे सेट में भी सिद्धि ने दबदबा बनाए रखा और 6-1 से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय आशी शमशेरी को ताशी किरन ने कड़ी टक्कर दी। तीन सेटों तक चले मुकाबले में आशी ने 6-1, 4-6, 6-0 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। बालक युगल वर्ग पहले सेमीफाइनलमें शुभ श्रीवास्तव व सानिध्य द्विवेदी की जोड़ी ने अविनाश रॉय व सिद्धांत चौधरी को कड़े मुकाबले में 4-6, 7-6(4), 10-8 से मात दी और फाइनल में जगह बनाई।

### कार्यालय ग्राम पंचायत पकरा देवरिया, विकासखंड शिवपुर, बहराइच

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पकरा देवरिया में 1. मिठ्ठू के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य 2. राममिलन के खेत से सिपाही के खेत तक नाली निर्माण कार्य निंबिदा डालने के दिनांक 04,7,2024 निर्माण कार्य इच्छुक फश्र्वर्म अपनी निविदा 07,7,2024 ग्राम पंचायत पकरा देवरिया कार्यालय पर खोली जाएगी

**मीना देवी**
प्रधान
ग्राम पंचायत पकरा देवरिया
विकासखंड शिवपुर बहराइच

**राजमणि वर्मा**
सचिव
ग्राम पंचायत पकरा देवरिया
विकासखंड शिवपुर बहराइच

### उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/ हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **ई-निविदा सूचना सं. :** टीआरडी-11-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-24 |
| 2. | **कार्य का नाम :** लखनऊ मंडल पर बैरियर बूम ब्रेकेज के कारण होने वाले ओएचई ब्रेकडाउन को रोकने के लिए समपार फाटकों (40 संख्या) पर अतिरिक्त तार व्यवस्था का प्रावधान। |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रु. 41,46,605.32/- |
| 4. | **बयाना राशि :** रु. 82,900.00/- |
| 5. | **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह |
| 6. | **निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि :** दिनांक 29.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। |
| 7. | **प्रस्ताव की वैधता :** निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 8. | **उत्तर रेलवे की वेबसाइट :** अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |
| 9. | **पात्रता मापदंड :** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। |

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

**सं.: टीआरडी-11-सीनि.डी.ई.ई.-लखनऊ-24 दिनांक: 03.07.2024** **2025/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुख्यमंत्री ने आवास पर लगाया लाल चंदन का पौधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि आबादी के अनुसार हर व्यक्ति वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर 20 जुलाई को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाए। इसके लिए उप्र. की नर्सरियों में हमने 54 करोड़ पौधे भी तैयार किए हैं। इनमें पर्यावरण के लिए उपयोगी हर प्रकार के पौधे (पीपल, पाकड़, नीम, देशी आम, जामुन, अमरुद, शीशम, सागौन) आदि हैं।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लाल चंदन का पौधा लगाने के बाद लोंगों से अपील की। इस दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव (वन) मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) संजय प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

▸▸ **योगी की अपील, 20 को मां के नाम अवश्य लगाएं एक पौधा**

▸▸ **ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए मोदी ने शुरू किया है अभियान**

पौधा लगाने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए योगी ने कहा कि देशवासियों को ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। इसी श्रृंखला में मैंने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर पेड़ लगाया है।

योगी ने बताया कि पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के घर पर निःशुल्क सहजन का पौधे उपलब्ध करा रहे हैं। हमारे पास सहजन के लगभग 55 लाख पौधे हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग वैरायटी के पौधे पूरे राज्य में लगाए जाएंगे।

### 35 करोड़ पौधे लगेंगे

योगी ने कहा कि इस महाभियान में 30–35 करोड़ पौधरोपण करेंगे। यह कार्यक्रम अभी से प्रारंभ है। 20 जुलाई को रिकॉर्ड पौधरोपण कर वृक्षारोपण महाभियान के महापर्व में हर कोई हिस्सा लेगा। इन पौधों की देखभाल हो सके, इसके लिए भी समय–समय पर कार्यक्रम चलेंगे।

### एरा के कुलपति मॉस्को के दौरे पर

**अमृत विचार, लखनऊ :** एरा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अब्बास अली महदी मॉस्को के दौरे पर हैं। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने दो प्रमुख विश्वविद्यालय मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी और पीपुल्स फ्रेंडशिप यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से मुलाकात की। डॉ. महदी ने मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी में मेडिसिन के डीन डॉ. वसेवोलॉड ए. तकाचुक और वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. ओलेग एस. मेदवेदेव से भेंट की। अधिकारियों ने मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी और एरा यूनिवर्सिटी के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### कार्यालय नगर पंचायत मऊ जनपद– चित्रकूट।

संख्या 186 / न0पं0मऊ / 2024–25, दिनांक 04/07/24

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

समस्त इच्छुक फर्मो, ठेकेदारों एवं व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मऊ पुलिस थाने के बगल में स्थित सार्वजनिक शौचालय एवं उसके प्रथम तल पर बने 02 छोटे कमरों की खुली नीलामी दिनांक 10/07/24 को समय दोपहर 12.00 pm बजे नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में अध्यक्ष महोदय की उपस्थिति में की जानी है। नीलामी सम्बन्धी समस्त जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत कार्यालय में की जा सकती है।

नीलामी हेतु निर्धारित शर्तो का अनुपालन करने वाली फर्म / व्यक्ति नीलामी में भाग ले सकते हैं। बिना कारण बताये नीलामी स्वीकृत / अस्वीकृत करने के समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं अध्यक्ष महोदय, नगर पंचायत मऊ में निहित होगें।

शर्तो का विवरण निम्नवत् है

1. नीलामी में भाग लेने वाली फर्म / व्यक्ति को नीलामी से 01 घण्टे पूर्व पंजीकरण कराते हुये मु0 – 5000.00रू0 नगद जमानत धनराशि अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
2. नीलामी प्राप्तकर्ता फर्म / व्यक्ति को नीलामी की 25 प्रतिशत धनराशि तत्काल जमा करना होगा तथा अवशेष धनराशि 07 दिवस के अन्दर जमा करना होगा।
3. नीलामी प्राप्तकर्ता फर्म को नीलामी अवधि में विद्युत बिल एवं जलापूर्ति का भुगतान स्वयं करना होगा।
4. नीलामी अवधि समाप्ति के उपरान्त फर्म को शौचालय एवं कमरों को नीलामी से पूर्व की स्थिति में नगर पंचायत को हस्तान्तरित करना होगा।
5. फर्म द्वारा शौचालय एवं निर्मित कमरों में बिना अनुमति किसी प्रकार का परिवर्तन / निर्माण नहीं किया जायेगा।
6. शौचालय एवं निर्मित कमरों में किसी प्रकार की क्षति की दशा में फर्म द्वारा उसकी मरम्मत स्वयं करानी होगी।
7. नीलामी में भाग लेने वाले फर्म / व्यक्ति को आधार कार्ड एवं वर्तमान का चरित्र प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा।
8. उपरोक्त शर्तो का अनुपालन न किये जाने की दशा में जमा जमानत धनराशि जब्त करते हुये किसी भी समय नीलामी निरस्त कर दी जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ
जनपद चित्रकूट।

**अध्यक्ष**
अध्यक्ष नगर पंचायत मऊ
जनपद चित्रकूट।

# संविदा चिकित्सकों को मातृत्व अवकाश मिलने में अड़चन

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** लोहिया संस्थान में संविदा पर तैनात नॉन पीजी सीनियर रेजीडेंट व जूनियर रेजीडेंट्स को मातृत्व अवकाश लेने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़ रही है। वहीं संस्थान प्रशासन का कहना है कि जितने दिन की सेवाएं शेष रहती हैं, उतने ही दिन अवकाश ही दिया जाता है।

नेशनल मेडिकल कमीशन के निर्देशों के बाद भी डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में संविदा पर तैनात महिला चिकित्सकों को मातृत्व अवकाश लेने में तकनीकी दिक्कतों का

▸▸ **एसआर व जेआर को मातृत्व अवकाश के लिए लेनी पड़ रही न्यायालय की शरण**

सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या मुख्यता 89-89 दिन के लिए संविदा पर तैनात महिला एसआर व जेआर को आ रही हैं।

वहीं संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एके सिंह का कहना है कि तीन साल तक पीजी करने वाली और एक साल का डिप्लोमा करने वाली महिला चिकित्सकों को मातृत्व अवकाश एनएमसी के नियमानुसार दिया जाता है। मगर, 89 दिनों के लिए तैनात महिला चिकित्सकों को नहीं दिया जाता है।

### गुमशुदा

श्री **कृष्ण पुत्र श्री गंगाप्रसाद, नि0 ग्राम– पूरे अचली पो0 हलोर, थाना व तह0 महराजगंज, जिला रायबरेली**



मेरा पुत्र विशाल उम्र लगभगउम्र 18 वर्ष रंग गोरा लम्बाई लगभग 5 फिट बाल काले, नीली व गुलाबी हाफ टी–शर्ट व कच्छा पहने हुये था। जो दिनांक 26/04/2024 को सुबह लगभग 7 बजे घर सें कही चला गया है। जो दिमाग का थोड़ा मदबुद्धी है और बोलेन व सुनने में असमर्थ है

उक्त सम्बन्ध में सूचित करने वाले व्यक्ति को 5000/–रुपये ईनाम की धनराशि दी जायेगी जो भी व्यक्ति 6393863891 पर सूचित करेगा उसको उपरोक्त धनराशि प्रदान की जायेगी।

**मो0–9621039736 ,6393863891**

**पत्र संख्या,/ जि0 उ0वि0प्रति0 आयोग, हरदोई दिनांक:–**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरदोई**
**परिवाद सं0– 274 सन–2022**
श्री/श्रीमती कॉन्सेप्ट कार्स लिमिटेड ..**परिवादी**
**बनाम**
श्री / श्रीमती मनोरमा रानी व अन्य– **विपक्षी**
**नोटिस बनाम** श्रीमती मनोरमा रानी, निवासी 141 उत्सव पार्ट–२ महानगर शहर व जिला बरेली

उपरोक्त परिवादी ने एक परिवाद आपके विरूद्ध उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा–35 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि संलग्न है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि दिनांक–12–7–2024–को प्रातः 10.00 बजे उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरदोई के कचेहरी कम्पाउण्ड में स्थित, कार्यालय में आप स्वयं अथवा किसी अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित होकर उक्त परिवाद के सम्बन्ध में अपना प्रलेखीय एवं शपथीय साक्ष्य प्रस्तुत करें अथवा अपना पक्ष रखें।

यदि निर्धारित तिथि / समय तक आपका उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है और उस स्थिति में, परिवाद की एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी।

**दिनांक– 17–5–2024**

**आज्ञा से**
**अध्यक्ष**
**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, हरदोई**

# बर्ड और डब्ल्यूआरआई इंडिया ने किया समझौता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण अनुकूल विकास जैसे विषयों पर अनुसंधान और नीतिगत संवाद बढ़ाने की दिशा में बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट (बर्ड) और डब्ल्यूआरआई इंडिया ने समझौता (एमओयू) किया है।

बर्ड राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा पोषित एक स्वायत्त संस्था है। यह संस्था भारत और दुनिया के अन्य देशों में कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंकिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण, शोध और परामर्श सम्बन्धी सेवाएं देने के लिये मशहूर है। नाबार्ड ने जलवायु वित्त से जुड़े हितधारकों की क्षमता के विकास के लिये बर्ड में क्लाइमेट चेंज सेंटर भी




एमओयू के दौरान उपस्थित बर्ड की संयुक्त निदेशक व अन्य। अमृत विचार

स्थापित किया है।

एमओयू के तहत बर्ड और डब्ल्यूआरआई इंडिया पर्यावरण, जलवायु के प्रति अनुकूल विकास और जलवायु वित्त के विषयों पर शोध और नीतिगत संवाद का आयोजन साथ मिलकर करेंगे। समझौते में उप राष्ट्रीय स्तर पर हितधारकों के लिये जलवायु वित्त और पर्यावरण अनुकूलता पर केन्द्रित कार्यशालाएं आयोजित करने की योजना भी शामिल हैं। इस एमओयू पर बर्ड की संयुक्त निदेशक शेफाली अग्रवाल और डब्ल्यू आर आई इंडिया के सीईओ माधव पाई ने हस्ताक्षर किए।

## मॉडल प्राइमरी स्कूल में भी एक समान होगा समायोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्राइमरी मॉडल स्कूलों में भी एक समान समायोजन किया जायेगा। 31 मार्च 2024 की छात्र संख्या समायोजन का आधार बनेगा, जिसमे कक्षा 5 व 8 की छात्र संख्या शामिल रहेगी। वास्तविक छात्र संख्या प्रेरणा पोर्टल से सेशन 2023-2024 चुनकर हासिल की जा सकेगी। समायोजन का आधार जिले की सेवावधि मानी जायेगी। परिषद सचिव ने सुरेन्द्र तिवारी ने बताया कि सबसे पहले सरप्लस स्कूलों से इच्छुक अध्यापक अध्यापिकाओं को हटाया जाएगा।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांक : 194/न0पा0परि0रा0/पी0डब्लू0(ईओ)–ई–टेन्डरिंग/वंदन 15वॉ वित्त/2024–25 दिनांक – 04/07/2024

**अति अल्पकालीन ई–निविदा सूबना**

15वें वित्त आयोग (बुनियादी अनुदान) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना पत्र संख्या 163/एल0बी0सी0–15वें वि0आ0–कार्ययोजना/2024 दिनांक 20.02.2024 के क्रम में कुल 04 अदद निर्माण कार्यो की निविदायें पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से निविदायें दिनांक 05.07.2024 से दिनांक 12.07.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही www.e.tender.up.nic.in पर ही की जायेगी। अपलोड की गयी निविदायें दिनांक रू 12.07.2024 समय 12:00 बजे खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जी0एस0टी0 शासन के निर्देशानुसार मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी www.e.tender.up.nic.in पर एवं कार्यालय के निर्माण अनुभाग से किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | नगर पालिका परिषद रायबरेली | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1– | Tender Release | Tender upload | 04/07/2024, 11:00 AM | |
| 2– | | Tender Download | 05/07/2024, 11:00 AM | 12-07-2024 11:00 PM |
| 3– | | Bid Submission | 05/07/2024, 11:00 AM | 12-07-2024 11:00 PM |
| 4– | Bid Opening | | 12/07/2024, 12:00 PM | |

**स्वर्ण सिंह**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, रायबरेली**

**शत्रोहन लाल सीनकर**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, रायबरेली**

## एक नजर

### अबरार नगर में चिह्निकरण को लेकर असमंजस

अमृत विचार, लखनऊ: अबरार नगर में ध्वस्तीकरण को लेकर अवैध निर्माण चिह्नित करने में असमंजस की स्थिति है। स्थानीय लोग परेशान हैं कि कहां से मकान चिह्नित किए जाएंगे। लोगों का कहना है कि कुकरैल नदी के दायरे में जो मकान बने हैं वहां पहले नदी नहीं थी और दाखिल खारिज कराकर रजिस्ट्री कराई थी। बाद में नदी की दिशा उनके मकानों की तरफ घूम गई। जहां नदी की जगह है वहां वन विभाग ने बाउंड्री करा रखी है। कुकरैल नदी के पुर्नजीवन को लेकर अकबर नगर के बाद खुर्रम नगर, अबरार नगर, रहीम नगर, पंत नगर, इंद्र प्रस्थ नगर में एलडीए का बुलडोजर चलेगा। कार्रवाई के लिए सिंचाई विभाग के साथ एलडीए व नगर निगम की टीम ने सर्वे किया था। जहां, नदी के 50 मीटर की दूरी पर बने आवासीय व व्यवसायिक निर्माण तोड़ने के लिए नोटिस देने की बात कही थी। इससे अबरार नगर के लोग परेशान हैं। जो गुरुवार को कार्रवाई की प्रक्रिया जानने एलडीए पहुंचे।

### डीआरएम ने ली कार्यों की प्रगति की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से अनौपचारिक कर लखनऊ मंडल की विभिन्न रेल परियोजनाओं एवं चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने मुख्य सचिव को आगामी कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए लखनऊ मंडल के परिक्षेत्र में आने वाले स्टेशनों पर की जाने वाली पूर्व तैयारियों एवं कार्यों की जानकारी दी। डीआरएम ने रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, उत्तर रेलवे (लोको एंड कैरिज) में पहुंच कर एडीशनल मेंबर (प्रोडक्शन यूनिट) संजय कुमार पंकज से भेंट की। दोनों के मध्य उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के रेल संबंधी अनेक बिंदुओं पर चर्चा भी की। इन्हीं गतिविधियों के तहत डीआरएम ने आलमबाग लखनऊ स्थित सीपीएच कॉलोनी पहुंचकर वहां स्थित पॉवर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिजली की निरंतर सप्लाई को ध्यान मे रखते हुए समस्त व्यवस्थाओं को परखा।

# तहसीलों में हो रही प्लॉटिंग की बनेगी सूची

## रेरा में पंजीकरण व मानचित्र पास होना अनिवार्य, डीएम ने मासिक समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: एंटी भू-माफिया अभियान के तहत प्रत्येक तहसील में हो रही प्लॉटिंग की सूची तैयार की जाए। प्लॉटिंग का मानचित्र पास होना और रेरा में पंजीकृत होना अनिवार्य है। यह बात गुरुवार को जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि इन मानकों को पूरा न करने वाले डेवलपर को चिन्हित किया जाए। अवैध कॉलोनी को विकसित होने से अधिकारी रोकें। यदि कोई डेवलपर सरकारी भूमि पर प्लाटिंग कर रहा है तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जाए। बैठक में एडीएम फायनेंस, एडीएम प्रशासन, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त अपर नगर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक वर्ष से ऊपर के मुकदमों का 15 दिनों में कराएं निस्तारण

जिलाधिकारी ने राजस्व वादों की समीक्षा में उप जिलाधिकारी न्यायालय और तहसीलदार न्यायालयों में एक वर्ष से अधिक अवधि के मुकदमों का निस्तारण 15 दिनों में कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी न्यायिक हुनमान प्रसाद और अपर नगर मजिस्ट्रेट शिप्रा पाल से कहा कि तहसीलों में लंबित एक वर्ष से ऊपर के लंबित मुकदमों की प्रतिदिन निगरानी करें।

### रेरा और बिजली के 10 टॉप बकाएदारों को जारी करें नोटिस

जिलाधिकारी ने विद्युत और रेरा के बकायेदारों को जारी आरसी की समीक्षा की। उन्होंने हर तहसील के टॉप 10 बकायेदारों को तत्काल नोटिस जारी करने और बकाया भुगतान न करने पर उनके कार्यालय सीज करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने गांवों की सीमा चिन्हित करने के लिए स्तंभ लगाने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी स्तंभ लगाने के लिए स्थान का खुद सत्यापन करें। जिलाधिकारी ने तहसीलों और कलेक्ट्रेट में बड़ी फोटो कॉपी मशीन लगाने के निर्देश दिए। इससे लोग अपने गांव के नक्शे आसानी से प्राप्त कर सकें।

## 320 गांवों की मांगी कार्य योजना

अमृत विचार, लखनऊ: जिले के ग्रामीण इलाकों में टूटे शौचालयों की मरम्मत कराई जाएगी। सभी सचिव 15 जुलाई तक यह सर्वे कर लें। साथ ही मॉडल बनाने के लिए चयनित 320 गांवों की कार्य योजना एक सप्ताह में उपलब्ध कराएं। यह निर्देश गुरुवार को विकास भवन में आयोजित बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने दिए। उन्होंने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) व सचिवों के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत रेट्रोफिटिंग सर्वे की समीक्षा की। इस दौरान 90 फीसद सर्वे होना पाया।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और बेटों पर लूट का आरोप, वीडियो वायरल

संवाददाता, काकोरी

▸▸ पीड़ित ने दुबग्गा कोतवाली में दी तहरीर, एफआईआर दर्ज करने की मांग

अमृत विचार: ढाबा संचालक ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व उनके बेटों समेत 40 अज्ञात लोगों पर मारपीट, लूट और धमकाने का आरोप लगाया है। इस मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसके बाद पीड़ित ने दुबग्गा कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक वीडियो की पुष्टि नहीं हुई है।

दुबग्गा निवासी रामगोपाल ढाबा चलाते हैं। ढाबा संचालक ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 8:30 बजे उनकी गैर मौजूदगी में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष, अपने बेटों, गनर और 40 अज्ञात साथियों के साथ पहुंचकर भतीजे के साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर भतीजे के साथ मारपीट कर ढाबे से नकदी भी लूट ली। आरोप है कि हंगामा बढ़ने पर आरोपी भतीजे को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। ढाबा संचालक ने बताया कि सड़क पर मारपीट होता देख मौजूद लोगों ने मोबाइल से वीडियो बना ली। इसके बाद पीड़ित ने दुबग्गा थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस की तरह से कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं, मामले को रफादफा करने के लिए उन पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। हालांकि, वायरल हो रहे वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि सड़क कुछ युवक हाथ में लाठी-डंडा लिए एक युवक को बुरी तरह से पीट रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि मामला मेरी जानकारी में नहीं अगर कोई आता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# ससुर पर छेड़छाड़ का आरोप, छह पर एफआईआर

संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: तालकटोरा थाने में बादशाह खेड़ा आलमनगर निवासी विवाहिता ने एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि पति दहेज के लिए मारता-पीटता है। वहीं ससुर उसके साथ आए दिन छेड़छाड़ करते है और संबंध बनाने का दबाव डालते हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आलमनगर बादशाह खेड़ा निवासिनी विवाहिता का निकाह मोनू के साथ 2015 में हुआ। इसके बाद से ही ससुराल वाले खुश नहीं थे। अधिक दहेज लाने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर उसकी पिटाई की जाती थी। आरोप है कि ससुर उसके साथ छेड़छाड़ करता और शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव बनाता था। इसकी जानकारी पिता को दी। आरोप है कि दो माह का गर्भ भी गिरवा दिया। उसकी नहाते और कमरे में पति के साथ अकेले रहने के समय वीडियो बनाई जाती थी। विरोध करने पर इसे वायरल करने की धमकी दी जाती। पिता के आने पर शिकायत की तो उसकी पिटाई की गई। हालत इतनी बिगड़ गई कि उसका इलाज दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल में कराना पड़ा। पीड़िता ने तालकटोरा थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने पति, ससुर, सास, देवरानी, देवर और ननद पर एफआईआर दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप

### छपी खबर तो पुलिस ने दर्ज किया चोरी का मामला

अमृत विचार, काकोरी: पारा क्षेत्र में चोरों के द्वारा एक मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद मकान मालिक पीड़िता अपना चोरी का मुकदमा पंजीकृत करवाने के लिए एक सप्ताह से पारा पुलिस के चक्कर काट रही थी।वहीं जब इस खबर को अमृत विचार अखबार में खबर प्रकाशित होते ही पारा पुलिस ने आनन फानन में चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया। पारा कोतवाली क्षेत्र के सलेमपुर पतौरा निकट सिल्वर सिटी की रहने वाली विभा सुशीम बीते 24 जून की शाम लगभग 6 बजे अपने घर का ताला बंद करके अपने मायके ग्राम नरौना थाना काकोरी गई थी, वहीं सुबह जब लगभग 10 बजे घर वापस आई तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था अलमारी में रखी 50 हजार रुपए की नकदी एवं पांच सोने की चेन, गले का हार और पांच जोड़ी पायल चांदी की, चांदी की थाली सहित लाखों के जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। पीड़िता अपना चोरी का मुकदमा पंजीकृत करवाने के लिए पारा थाने के चक्कर काट रही थी। लेकिन पारा पुलिस चोरी का मुकदमा पंजीकृत नहीं कर रही थी। खबर अमृत विचार अखबार में प्रकाशित होते ही पारा कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार वर्मा ने आनन फानन में पीड़िता का चोरी का मुकदमा पंजीकृत किया।

### बिना आंख के सब बेकार लिखकर की आत्महत्या

अमृत विचार, निगोहां: थाना क्षेत्र के शेरपुर लवल गांव में बीमारी से तंग एक युवक ने सुसाइड नोट लिखकर कमरे में लगे छल्ले से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शेरपुर लवल गांव की शांति देवी ने बताया कि उसका छोटा बेटा वीरेंद्र (22) दायीं आंख से दिव्यांग था और बायीं आंख भी पिछले एक महीने से खराब थी। जिसकी दवा चल रही थी। गुरुवार को करीब 3 बजे घर से निकला था शाम करीब 7 बजे वह गांव किनारे बनी कालोनी में मवेशियों के लिए भूसा लेने गई तो देखा कि उसके बेटे का शव रस्सी के फंदे से लटक रहा था। जिसके बाद ग्रामीणों ने निगोहां पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। तलाशी के दौरान उसकी जेब मे सुसाइड नोट मिला जिसमें उसने लिखा था कि बिना आंख के जीवन बेकार है। इसलिए वह सुसाइड कर रहा है। मौके पर एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह ने पहुचकर पूरे मामले की जानकारी ली। मृतक अविवाहित था, पिता प्रेम की कई वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। मृतक दो भाई थे। जिसमें व छोटा था। बड़ा भाई नरेंद्र है जो प्राइवेट नौकरी करता है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, घटना से पुलिस अनजान

अमृत विचार, बख्शी का तालाब: बख्शी का तालाब स्थित सीतापुर लखनऊ हाइवे से भैंसामऊ कुम्हरावां रोड पर गुरु वार की शाम करीब 5 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। जिसे राहगीरों ने अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिगवां थाना क्षेत्र के हेमी गांव निवासी अजय (35) अपनी मोटरसाइकिल से घर से निकले थे। तभी भैंसामऊ व कुम्हरावां रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद राहगीर उन्हें सौ शैया अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद अस्पताल की सूचना पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मगर बड़ी बात यह है कि बीकेटी तथा महिंगवां थाना क्षेत्र को जोड़ने वाले दस किलोमीटर के मार्ग पर दिन में हुए सड़क हादसे की खबर पुलिस के कानों तक नहीं पहुंची और देर रात तक घटनास्थल की सटीक जानकारी नहीं जुटा पाए।

### सड़क पर जलभराव, गोशालाओं में भूख से तड़प रहे गोवंश

अमृत विचार, बख्शी का तालाब: बख्शी का तालाब विकासखंड अंतर्गत राजापुर, सुल्तानपुर बहादुरपुर पंचायत में गोशाला तक कोई मार्ग न होने की वजह से मवेशियों को भूसा व अन्य चारा मयस्सर नहीं हो पा रहा है। इससे चारे के अभाव में मवेशी भूख से तड़प रहे हैं। इस गोशाला में 124 से अधिक मवेशी हैं, बीते दिनों मूसलाधार बारिश होने की वजह से मार्ग पानी में डूब गए हैं। इससे मवेशियों को भूसा व अन्य चारा मुहैया नहीं हो पा रहा, जिसकी वजह से घुट कर जीने को मजबूर हैं। जबकि सरकार इन मवेशियों को खाने के लिए प्रति मवेशी 50 रुपए प्रदान करती है। लोगों का आरोप है कि बीडीओ के निर्देश सचिव व प्रधान एक कान से सुनते हैं, उधर उनके निर्देश पर अमल नहीं किया जा रहा। इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सुल्तानपुर व बहादुरपुर पशु आश्रय केंद्र को शासन ने 85 हजार रुपए खाई निर्माण के लिए दिए पर खाई ज्यो की त्यो है। वहीं, प्रधान का कहना है कि खाई का निर्माण करवाया गया पर वर्षा में खाईं ढह गई। जब इस संबंध में बीकेटी बीडीओ बातचीत की तो उनका कहना है कि इस प्रकरण पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### शराब कारोबारी की पत्नी व बेटे के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

अमृत विचार, लखनऊ: महानगर के पेपर मिल कॉलोनी में कार की टक्कर से दो महिलाओं की मौत के मामले में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी। इसमें शराब व्यापारी की पत्नी व नाबालिग बेटे को आरोपी बनाया। तीन महीने की जांच के दौरान पुलिस ने कई साक्ष्य जुटाये थे। इन्हें चार्जशीट में दर्ज किया है। दो अप्रैल को पेपर मिल कॉलोनी में रहने वाली शबनम (53) अपनी भाभी सईदा बानो (65) के साथ सहरी के बाद घर के बाहर खड़ी थी। कुकरैल पुलिया की तरफ से आयी स्विफ्ट डिजायर कार बेकाबू हो गई और इन दोनों रौंदते हुए चली गई थी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। कार निराला नगर निवासी शराब व्यापारी का 15 साल का बेटा चला रहा था। पुलिस ने उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर बाल सुधार गृह भेजा था। जांच में सामने आया था कि कार किशोर की मां के नाम है, इसलिये पुलिस ने उन्हें भी आरोपी बनाया था। इस मामले में सात साल से कम सजा होने की वजह से उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह ने बताया कि मां-बेटे के खिलाफ चार्जशीट महानगर पुलिस ने लगा दी है।

# 13 लाख की जीएसटी चोरी पकड़ी बैट्री स्क्रैप समेत ट्रक कब्जे में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ कुशीनगर से कानपुर जा रहे ट्रक को विशेष अनुसंधान शाखा के दल ने शहीद पथ पर पकड़ा

अमृत विचार: जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा ने कुशीनगर से बिना ई-वे बिल आ रहा 35 टन स्क्रैप जब्त कर लिया।

कानपुर भेजे जा रहे इस बैट्री स्क्रैप को लखनऊ के शहीद पथ पर धरा गया। चालक के पास कोई वैध प्रपत्र नहीं था। दल के सदस्यों ने वाहन का जब्त कर जीएसटी मुख्यालय ले आई। 35 लाख से अधिक का स्क्रैप था। करीब 13 लाख की कर चोरी पकड़ी गई।

एडीशनल कमिश्नर अमरेश त्रिपाठी के निर्देश पर अचानक शहीद पथ पर जांच अभियान शुरू किया गया। जांच होते देख ट्रक चालक ने दूसरा रास्ता पकड़ने की कोशिश की। विशेष अनुसंधान शाखा के ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह, सीटीओ विपिन मिश्रा और जितेंद्र पांडेय की टीम ने घेराबंदी कर गाड़ी को पकड़ लिया। गाड़ी की जांच की गई तो उस पर भारी मात्रा में बैट्री स्क्रैप लदा हुआ था। इस पर करीब 35 टन माल था। कागज मांगे गए तो चालक के पास ई-वे बिल तक नहीं था। पता चला कि माल को कुशीनगर से लेकर कानपुर ले जाने को कहा गया था। रास्ते में गाड़ी पकड़ ली गई। जीएसटी दल ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और उसे कार्यालय ले आई। जांच के बाद मिली कर चोरी और पेनाल्टी वसूल की जा रही है।

# इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम दलित-पिछड़े वर्ग से आने वाले महापुरुषों के नाम पर करने का प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राज्य के चार नवनिर्मित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजो के नाम बदलने का प्रस्ताव रखा

अमृत विचार: एनडीए के घटक दल अपना दल ने एक नया राजनीतिक दांव चलते हुए राज्य के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों के नाम दलित और पिछड़े वर्ग से आने वाले महापुरुषों के नाम पर करने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल की तरफ से आया है। आशीष पटेल एनडीए की सहयोगी पार्टी अपना दल के कार्यकारी अध्यक्ष हैं।

मंत्री आशीष पटेल ने प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर राज्य के चार नवनिर्मित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजो के नाम बदलने का प्रस्ताव रखा है। आशीष पटेल का सुझाव है कि प्रतापगढ़ के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर हो। वहीं, अनुप्रिया पटेल लगातार तीसरी बार मिर्जापुर से अपनी पार्टी के टिकट पर सांसद बनी हैं। अब मांग की गई है कि मिर्जापुर के इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम सम्राट अशोक के नाम पर हो। इसके साथ ही बस्ती के सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम सरदार वल्लभभाई पटेल के नाम करने जबकि, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज गोंडा को मां पाटेश्वरी देवी के नाम पर करने की अपील की गई है।

# करोड़ों की जमीन पर कब्जे का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज

अमृत विचार: सुशांत गोल्फ सिटी के माढ़रमऊ कला में कुछ लोगों ने करोड़ों की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। जमीन पर काम कर रहे निजी कंपनी के कर्मचारियों ने विरोध किया तो उनकी पिटाई की गई और जान से मारने की धमकी दी। विवाद बढ़ा तो पीड़ितों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के गार्डन हाता में रहने वाले सुनील कुमार ने एफआईआर दर्ज करायी है कि वह पिन्टेल रियल्टी डेवलपर्स प्रा. लि. कम्पनी में काम करते हैं। वह 27 जून को माढ़रमऊ कला स्थित जमीन पर काम करवा रहे थे। यहां का आंशिक स्वामित्व रवि कुमार व अतुल कुमार के पास है। उनकी कम्पनी ने एक करोड़ 20 लाख रुपये इस जमीन के दिये थे। इस जमीन पर माढ़रमऊ निवासी उमेश यादव अपने कई लोगों के साथ पहुंचे और निर्माण रोकने को कहने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। इस बारे में सूचना मिलने पर सुनील अपने कर्मचारियों के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने उमेश से वहां करने से मना किया लेकिन वह नहीं माना और गोली मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कन्ट्रोल रूम में फोन कर दिया तो आरोपी वहां से भाग निकले। पीड़ित ने एफआईआर में लिखाया है कि उमेश के खिलाफ कई मामाल दर्ज है। कुछ समय पहले उसने उस जमीन पर भी कब्जा करने का प्रयास किया जिस पर एलडीए ने निर्माण कार्य करने पर रोक लगा रखी है।

# मलिन बस्तियों का किया जाएगा समग्र विकास : डॉ. अनिल

## कार्यशाला में विशेषज्ञों ने रखे विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मलिन बस्ती व अल्पविकसित बस्तियों को चिंहित कर इसका समग्र विकास किया जाए। यह बात गुरुवार को सूडा सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला में निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कही।

सूडा निदेशक ने कहा कि योजना का लक्ष्य सिर्फ नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग व सड़कों का निर्माण करना ही नहीं समग्र विकास करना है। इन बस्तियों में रहने वाले लोगों को बुनियादी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उनके रोजगार व आजीविका में वृद्धि करना है। कार्यशाला में अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला, नगरीय रोजगार व गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी, उप निदेशक सूडा कीर्ति प्रकाश भारती व कार्यक्रम अधिकारी सूडा अतुल सिंह चौहान ने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ एके गुप्ता अपर निदेशक आरसीयूईएस, मुरली मोहन थिम्मापुरम व सपन डेलॉइट से उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम चलाएगा अभियान

अमृत विचार, लखनऊ: महापौर सुषमा खर्कवाल ने गुरुवार को महापौर कैंप कार्यालय पर नगर आयुक्त, समस्त अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारियों एवं अधिशासी अभियंताओं के साथ बैठक की। इसमें शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं भी अतिक्रमण न मिले और अधिकारियों से अतिक्रमण अभियान की साप्ताहिक रिपोर्ट देने के साथ पुलिस को दिए जाने वाले पत्र की एक कॉपी महापौर कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)




वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

## एक नजर

### प. बंगाल के सांसद खागेन मुर्मू ने किये रामलला के दर्शन

**अमृत विचार, अयोध्या :** पश्चिम बंगाल मालदा के भाजपा सांसद खागेन मुर्मू ने बृहस्पतिवार सुबह अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो पार्लियामेंट में पीएम मोदी के बारे में बोला, उनको ऐसा बोलना नहीं चाहिए। हाथरस की घटना पर सांसद ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि दर्दनाक घटना है।

### मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज से

**अयोध्या, अमृत विचार :** बारिश के बीच राम मंदिर निर्माण कार्य को दिसम्बर तक के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निर्माण समिति दो दिवसीय बैठक पांच और छह जुलाई को होगी। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक राम मंदिर के द्वितीय तल और शिखर निर्माण के साथ परकोटे के निर्माण कार्य और राम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन सप्त ऋषियों के मंदिर निर्माण को लेकर समीक्षा होगी। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र बृहस्पतिवार को अयोध्या पहुंचे।

### सजा के खिलाफ हाईकोर्ट गए इरफान सोलंकी

**अमृत विचार,कानपुर :** आगजनी कांड में दोषी करार दिए गए सीसामऊ सीट के सपा विधायक इरफान सोलंकी व उसके भाई रिजवान ने गुरुवार को सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। सजा पर रोक लगाने की मांग की गई है। दोषी करार दिए गए अन्य तीन ने याचिका दाखिल नहीं की है। डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा, एजाजुद्दीन उर्फ सबलू, मो. एजाज, मुरसलीन भोलू, शकील चिकना के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

### शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष ने जताया सीएम का आभार

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऐतिहासिक रूमी गेट के जीर्णोद्धार के लिए उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री आवास पर एक मुलाकात के दौरान उन्होंने जैसे ही मुख्यमंत्री को बताया कि रूमी गेट में दरार पड़ गई हैं, वह चिंतित हो गए और तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस ऐतिहासिक धरोहर की मरम्मत का काम शुरू कराया जाए।

# समय से काम पूरा न करने वाली संस्था पर ठोकें जुर्माना

## समीक्षा बैठक में खेल मंत्री ने दिए अफसरों को दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **एक करोड़ से अधिक वाले प्रोजेक्ट का अपडेट रोजाना सीएमआईएस पोर्टल पर करे**

**अमृत विचार:** एमओयू में निर्धारित तिथि में कार्य पूरा न होने पर निर्माण संस्था पर प्रतिदिन एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया जाए। इसे शासकीय कोष में जमा कराया करें। यह बात गुरुवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सभागार में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में खेल एवं युवा कल्याण मंत्र गिरीश चंद्र यादव ने कही।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न जनपदों में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच के लिए शासन स्तर से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित गुणवत्ता संबंधी समिति से जांच कराई जाये। जांच आख्या हर माह निदेशालय को उपलब्ध हो। निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण कार्य न पाये जाने पर उत्तरदायित्व संबंधित अधिकारियों का भी होगा। जिस मंडल या जिले में कार्य किये जा रहे हैं उसके निरीक्षण की जिम्मेदारी स्थानीय अधिकारियों की होगी। उन्हें निर्माण कार्यों का प्रतिदिन निरीक्षण करना होगा।

इस दौरान खेल मंत्री ने निर्माण संस्थाओं को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्य को नियमानुसार ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाय। निर्माण कार्यों को कराये जाने के लिए शासन स्तर से जारी शासनादेशानुसार ही काम कराया जाये। बैठक में सचिव खेल सुहास एलवाई, विशेष सचिव राजेश कुमार, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह, उपनिदेशक एसएस मिश्रा एवं मंडल स्तर के अधिकारी शामिल हुए। साथ में जनपद में निर्माण कार्य करने वाली निर्माण संस्था के अभियंता भी मौजूद रहे।

## अमीनाबाद में तोड़ा अतिक्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमीनाबाद में नगर निगम की हनुमान मंदिर से लगी पार्क की जमीन पर भू-माफिया ने चोरी छिपे तीन कमरे बना लिए थे। गुरुवार को जानकारी होने पर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची तो मजदूर काम करते मिले, लेकिन कोई सामने नहीं आया। टीम ने जेसीबी से निर्माण ध्वस्त कर दिया। इस जमीन पर लगभग डेढ़ वर्ष पहले भी अवैध कब्जा हो रहा था, जिसे नगर निगम की टीम ने रुकवा दिया था।

वहीं, नगर निगम जोन एक के जोनल अधिकारी अमरजीत यादव ने बताया कि पार्क की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत मिली थी। पार्क नगर निगम की जमीन पर है। मौके पर लोगों ने बताया कि शैलेंद्र नाम का ठेकेदार कमरे बनवा रहा था। जेसीबी से अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए।

# 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



ट्रेन की स्पीड को परखते सीआरएस और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 61.72 किमी. गोंडा कचहरी-करनैलगंज खंड के बीच तीसरी रेल लाइन के 23.65 किमी. के रेलवे ट्रैक पर रेल संरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने ट्रेन की स्पीड परखी। गुरुवार को सीआरएस, पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना की देखरेख में इस ट्रैक पर ट्रेन दौड़ी। ट्रेन की स्पीड़ 120 किमी प्रति घंटे रही। रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की स्पीड परखने के बाद जल्द ही ट्रेन के संचालन को हरी झंडी मिलने की संभावना है। ट्रैक पर ट्रेन का परीक्षण पूरी तरह सफल रहा।

इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर निर्माण ओपी सिंह, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार और लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। ट्रेन की स्पीड परखने के बाद अधिकारियों ने मैजापुर-गोंडा कचहरी के मध्य निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सीआरएस ने मैजापुर-गोंडा कचहरी स्टेशनों के मध्य स्टेशन यार्ड पर पॉइंट एवं क्रॉसिंग, ब्लॉक सेक्शन की व्यापक संरक्षा देखी। साथ ही, विद्युतीकृत रेल खंड की कार्य प्रणाली के अनुरूप समपारों की कार्यशीलता व संरक्षा को परखा। उन्होंने गोंडा कचहरी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर तीसरी रेल लाइन एवं विद्युतीकृत रेल खंड के मानक के अनुरूप सेफ्टी अभिलेखों, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रुल के अपडेशन, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रासिंग, सिग्नलिंग, बैलास्ट, इलेक्ट्रोनिक इन्टरलॉकिंग, बैटरी रूम, रिले रूम का निरीक्षण किया। ट्रेन परिचालन से संबन्धित रेलकर्मियों से संरक्षा संबंधी प्रश्न पूछकर संरक्षा कार्य कुशलता परखी।

# स्थापना दिवस पर उठी साहूकारी लाइसेंस की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्ड स्मिथ के पदाधिकारियों ने रखे कई कारोबारी मुद्दे**

**अमृत विचार :** लखनऊ महानगर सर्राफा एसोसिएशन के स्थापना दिवस पर साहूकारी लाइसेंस खोलने की मांग उठी। इस अवसर पर उत्कृष्ट योगदान देने वाले कारोबारियों को सम्मानित किया गया।

गुरुवार को कृष्णा नगर मेट्रो स्टेशन के पास सुमन वाटिका लॉन में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में सर्राफा एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष कुमार वर्मा ने कहा, हम सूदखोर नहीं हैं। हमारा व्यापार प्रमुख रूप से आफ्टर सेल सर्विस के ऊपर निर्भर रहता है। आज उसी कार्य को कुछ बड़ी प्रमुख कंपनियां कर रही हैं, जो एक महीना ब्याज न देने पर ब्याज पर ब्याज लगाती जाती हैं और एक वर्ष में ब्याज न चुकाने पर उसके पुस्तैनी गहनों की नीलामी कर देती हैं। ऐसे में बंद पड़े साहूकारी लाइसेंस को फिर से खोले जाने की जरूरत है।

इस दौरान मौजूद विभिन्न इंडस्ट्री एक्सपर्ट द्वारा बीमा और ज्वेलर्स ब्लॉक पालिसी प्रदेश के हर ज्वेलर्स को लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश और अन्य प्रांतों के 50 से ज्यादा आभूषण समुदाय के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्ड स्मिथ (एआईजेजीएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोरा, उपाध्यक्ष अशोक वाजपेयी, सागर केसरवानी, चेयरमैन विनोद माहेश्वरी, राजेश सोनी, राजीव रस्तोगी, धर्मेंद्र गुप्ता, सुन्दर लाल, रामेश्वर वर्मा, रवि वर्मा, सत्यनारायण सेठ, बन्नू भैया, हंसराज विश्कर्मा, रामकुमार विश्कर्मा, शिव कुमार वर्मा आदि बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे।



स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में बैठक करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

# प्राथमिकता से करें फसल नुकसान की भरपाई : जैकब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **मंडलीय समीक्षा में मंडलायुक्त ने दिए निर्देश, खाद, बीज के साथ फसल बीमा पर दिया जोर**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित फसलें आपदा से बर्बाद होती हैं तो प्राथमिकता से भरपाई करें। यह निर्देश मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को लालबाग स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय सभागार में दी।

मंडलायुक्त ने संयुक्त विकास आयुक्त केके सिंह के साथ कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य व दुग्ध विकास के कार्यों की मंडलीय समीक्षा की। जिलों पर खरीफ फसलों के लिए बीज व खाद की उपलब्धता, वितरण, बिक्री, मृदा स्वास्थ्य कार्ड व सोलर पंप आदि की प्रगति जानी।

वहीं, उन्होंने कहा कि प्रचार प्रसार करके किसानों को जागरूक करें और फसल बीमा योजना में लापरवाही नहीं मिलनी चाहिए। वहीं उन्होंने पशुपालन विभाग की समीक्षा में कृत्रिम गर्भधान की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई।

# ग्रंथों की गहराई जानने के लिए भाषा का ज्ञान जरूरी : हरगोविन्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ **पालि एवं सिंहली शिक्षण कार्यशाला का समापन**

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान ने गुरुवार को 15 दिवसीय पालि एवं सिंहली शिक्षण कार्यशाला का समापन किया। यह कार्यशाला 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुरू हुई थी।

कार्यक्रम में संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष हरगोविन्द कुशवाहा, तरुणेश, नालंदा विश्वविद्यालय के प्रो. राम नक्षत्र प्रसाद, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के डॉ. प्रफुल्ल गडपाल, विद्यारतन विश्व विद्यापीठ, कोलम्बो- श्रीलंका के डॉ. जूलम्पिटिये पुण्यासार महास्थविर, डॉ. उपानंद, अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह, डॉ. धीरेंद्र सिंह और अरुणेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष हरगोविन्द कुशवाहा ने बताया कि पालि एवं सिंहली भाषा में गौतम बुद्ध के सभी ग्रंथों को लिखा गया है। जब तक हम पालि एवं सिंहली भाषा को नहीं जानेंगे तब तक हम इन ग्रथों में छिपी गहराइयों को नहीं समझ सकते। निदेशक डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि अब आगे भी इसी तरह की कार्यशालाएं चलायी जाएंगी। 15 दिवसीय पालि एवं सिंहली शिक्षण कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ वेन डॉ. जूलम्पिटिये पुण्यासार महास्थविर, डॉ. उपानंद तथा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष हरगोविन्द कुशवाहा ने कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये।

## गुलजारी लाल नंदा की 127वीं जयंती मनाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुलजारी लाल नंदा स्मृति संस्थान ने गुरुवार को गांधी भवन में गुलजारी लाल नंदा की 127वीं जयंती का आयोजन किया। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी जीबी पटनायक ने यहां कहा कि नंदा जी उच्च आदर्शों, सादगी और ईमानदारी की प्रतिमूर्ति थे।

संस्थान के सचिव ज्ञानी त्रिवेदी ने कहा कि गुलजारी लाल नंदा की अभूतपूर्व सेवाओं के लिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। भारत सेवक समाज के महामंत्री शरद प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि नेतृत्व किया। गुलजारी लाल नंदा की 127वीं जयंती पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। गंगा सिंह एडवोकेट, सर्वेश गुप्ता, लाल बहादुर राय, शैलेन्द्र शुक्ला और रमेश यादव आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## सीएमएस छात्रों ने मनाया वन महोत्सव

**अमृत विचार. लखनऊः** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी 21 कैम्पस के छात्रों ने वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। छात्रों ने इस मौके पर पौधरोपण भी किया।

# निपुण छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान, खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर के राम चौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को नए नामांकित बच्चों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश ने विद्यालय के निपुण छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें नई किताबें, स्टेशनरी का सामान व चॉकलेट बांटी। जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान विद्यालय में 112 छात्र उपस्थित पाए गए। इस मौके पर एक पेड़ मां के नाम पर लगाने का अभियान भी शुरू किया गया। बीएसए ने विद्यालय में बने खेल मैदान पर खुशी जताई। कार्यक्रम में मंडलीय उप निरीक्षक (उर्दू) राजेश सिंह और सरोजनीनगर खंड शिक्षा अधिकारी आरपी यादव शामिल रहे।

# रेलवे की 10 हजार नॉन एसी कोच बनाने की योजना

संवाददाता, नई दिल्ली

▶▶ **रेलवे का आम रेलयात्रियों की सुविधाओं पर फोकस**

**अमृत विचार :** आम यात्रियों के जीवन को आसान बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने अगले दो वर्षों में लगभग 10 हजार नॉन-एसी कोचों के उत्पादन की योजना बनाई है।

अधिकारियों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान कोचों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें रिकॉर्ड संख्या में 5300 से अधिक जनरल कोच शामिल हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में रेलवे की योजना अमृत भारत जनरल कोचों सहित 2605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोचों सहित 1470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोचों सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार बनाने की है। वित्त वर्ष 2025-26 में रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है।

## जैन धर्म के गणाचार्य विराग सागर महाराज ने ली समाधि

**अमृत विचार, लखनऊः** जैन धर्म के गणाचार्य विराग सागर महाराज ने चार जुलाई को सुबह तीन बजे महाराष्ट्र के जिला जालना में समाधि ले ली। जालना के पास ग्राम देवमूर्ति सिंधखेड़ा में मुनिराजों और आर्यिका माताओं ने इस मौके पर मंत्र पढ़े। विराग सागर ने सबसे ज्यादा 350 दिगम्बर मुनि दीक्षाएं प्रदान कीं। इनमें से नौ मुनिराजों को आचार्य पद प्रदान कर वह गणाचार्य बने। वह 25 मई 2018 को 75 मुनिराजों और आर्यिका माताओं के साथ लखनऊ आये थे।



# 2027 में उत्तर प्रदेश में बनेगी सपा की सरकार : शिवपाल

**अमृत विचार, इटावा :** पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर सपा लोकसभा में देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनी है। गठबंधन की सरकार बनते बनते रह गई। कार्यकर्ता निराश न हों। आपकी यही मेहनत और ऊर्जा प्रदेश में 2027 की सरकार बनाने का काम करेगी। अखिलेश यादव मुख्यमंत्री जरूर बनेंगे। ये बातें सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने पत्रकार रामवीर यादव के यहां कार्यकर्ताओं से कही।



## हादसे के लिए भोले बाबा जिम्मेदार नहीं : प्रो. रामगोपाल

सैफई, इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा है कि हाथरस में हुए हादसे के बाद सरकार को ऐसे आयोजन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाए जाने की जरूरत है। तभी इस तरह से हादसों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। वे गुरुवार को सैफई स्थित आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।



## वर्ग पहेली-121

**बाएं से दाएं**

1. कर्नाटकी संगीत का एक राग।
5. जयकार, सामूहिक रूप से बार-बार प्रशंसा करने की क्रिया।
6. सजीला, सजा-धजा, अच्छी धजवाला, छबीला, सुंदर।
7. 1. साड़ी

**ऊपर से नीचे**

2. 1. एक ही जाति के, एक ही गोत्र के 2. एक वर्ग या वर्ण के 3. समान, सदृश, समान प्रकार के।
3. (डिब्बा) जिसे बंद करने पर न तो हवा डिब्बे के भीतर से बाहर निकल सके और न बाहर से भीतर डिब्बे में प्रवेश कर सके, वायुरोधक।
4. 1. लोहा 2. अग्नि 3. हथियार 4. सोना।
5. 1. (पुराण) एक प्रसिद्ध राक्षस जिसका वध विष्णु ने किया था 2. नाथ संप्रदाय के एक योगी 3. एक प्रकार का रोग जिसमें सूजन के साथ पेट में पानी भर जाता है, जलोदर, (ड्राप्सी)।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | | | | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 7 | | |

### वर्ग पहेली -120 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 दु | ■ | 2 वा |
| ■ | 3 न | ज़ | र | बं | दी |
| ■ | फ़ा | ■ | भि | ■ | ■ |
| ■ | स | ■ | यो | ■ | 4 रो |
| 5 पी | त | ■ | ज | ■ | च |
| ह | ■ | 6 सु | न | गु | न |
| री | ■ | खी | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | 7 | 3 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | 4 | 8 |
| 6 | | | 5 | 4 | | | | |
| 2 | | | | 7 | 1 | | 9 | |
| | 4 | | | | | | 5 | |
| | 3 | | 8 | 2 | | | | 6 |
| | | | | 6 | 2 | | | 7 |
| 8 | 6 | | | 5 | | 3 | 1 | |
| | 7 | 5 | | | | | | 4 |

### सुडोकू -33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 6 जुलाई 04.26 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग

बु. 4 च. गु. 2
5 शु. सू. 3 1 मं.
के. रा.
6 12
9
7 11
8 10 श.

**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 06 जुलाई 04.06 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज किसी बड़े काम के बनने से आप काफी खुश रहेंगे। अविवाहितों को विवाह योग्य अच्छा रिश्ता मिल सकता है। मित्रों के सहयोग से आपको काम में आसानी होगी। आप अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसा न छोड़े।

**वृष** — आज कुछ विरोधाभासी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारने का प्रयास करें। विवादित मामलों में बहस से आपको दूरी बनाकर रहना होगा। अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन** — आज योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। परिजनों से अपने मन की बात शेयर करेंगे। मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का प्रयास करें। आप अपने कामों में कोई परिवर्तन कर सकते हैं। अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कर्क** — आज सरकारी कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। लीगल मामलों में उलझने की आशंका है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

**सिंह** — आज परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपकी खुशी होगी। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद जो आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलने की संभावना है। विदेश यात्रा का योग बन रहे है।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपका जबरदस्त प्रभाव रहेगा। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट्स मिलने की प्रबल संभावना है। किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे है।

**तुला** — आज आपको जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा। यदि आपने जानकारी रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको मेहनत के साथ भाग्य का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। जनसंपर्क के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — आज विरोधियों को आप आसानी से पराजित कर पाएंगे। परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए जा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी सहभागिता के कारण आपकी प्रशंसा होगी। निवेश की प्लानिंग करने का उचित समय है।

**धनु** — आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें किसी को पार्टनर बनाने के बारे में न सोचे। यदि आपने किसी से पहले धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते है। कर्मचारियों को ज्यादा स्वतंत्रता न दें। ज्यादा लोकप्रिय होने के प्रयास में आप चूक कर सकते हैं।

**मकर** — आज आप अपनी संतान की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे, जिस कारण आप उसमें कोई बदलाव कर सकते हैं। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। यदि कोई काम लंबे समय से रुके हुए काम की पूरी होने की संभावना है।

**कुंभ** — आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर अत्यधिक भरोसा न करें, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने विरोधियों की चालों को समझकर आगे बढ़ना होगा, नहीं तो वह आपको फंसाने की कोशिश करेंगे। धन को उधार में देने के कारण आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES — **लोहा** सुबह : 11.02; **शास्त्र** रात : 07.00

SONY PIX — **पैसिफिक रिम** सुबह : 11.11; **जॉन विक : चैप्टर 2** रात : 09.00

&pictures — **धड़क** सुबह :11.14; **मिशन रानीगंज** रात : 08.00

ZEE CINEMA — **धमाल** दोपहर : 12.31; **नाग भूमि** रात : 08.00

colors CINEPLEX — **बाजी** सुबह : 11.30; **कार्तिकेय 2** शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश...

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है ,राजा के रक्षक उसके मंत्री ,पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण ( ज्ञानी पुरुष ) होते हैं।

## संपादकीय

# भारत और एससीओ

आतंकवाद का विश्व और विशेष रूप से भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। भारत विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा की गई आतंकवादी कार्रवाइयों से प्रभावित हो रहा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में गुरुवार को भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। बता दें चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध किया है। भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। गौरतलब है कि एससीओ भारत को मध्य एशियाई देशों के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिनके पास प्राकृतिक संसाधनों का विशाल भंडार है। यह प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है।

यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखना है। एससीओ में ऐसे सदस्य देश शामिल हैं, जो भिन्न-भिन्न राजनीतिक प्रणालियां, आर्थिक मॉडल और रणनीतिक प्राथमिकताएं रखते हैं। इससे आर्थिक सहयोग और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आंतरिक संघर्षों एवं असहमतियों की संभावना बनती है। 2001 में शुरू हुए एससीओ के वर्तमान सदस्यों में चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। ईरान 2023 में पूर्ण सदस्य बन गया और बेलारूस को अस्ताना बैठक के दौरान शामिल किया गया। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद वे प्रमुख खतरे हैं जिन पर एससीओ विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। संगठन का आतंकवाद विरोधी सहयोग पर विशेष ध्यान है लेकिन इसके आंतरिक अंतर्विरोध चिंता के कारण हैं और सदस्य देशों के बीच संघर्ष को रोकना एससीओ के लिए उच्च प्राथमिकता का विषय है। फिर भी भारत को इस क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए संगठन के सामूहिक प्रयासों से लाभ प्राप्त हो सकता है।

# भीड़ प्रबंधन विज्ञान की पृष्ठभूमि में हाथरस हादसा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें।

हाथरस में भगदड़ में मारे गए लोगों और घायलों के समाचारों को सरसरी तौर से देखने पर पाया कि इसमें भीड़ प्रबंधन के वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे बात नहीं की गई है। भारत में किसी भी स्तर पर-पुलिस, गृह विभाग और अन्य संबद्ध विभागों जैसे कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास भीड़ प्रबंधन के लिए रोड मैप नहीं है।

क्राउड फोरकास्टिंग एंड मैनेजमेंट जैसे वैज्ञानिक अनुसंधान के मुद्दे हमारे पुलिस और गृह विभाग की प्राथमिकताओं की सूची में है ही नहीं,जो भी उपाय व्यवहार में लाए जा जाते हैं वे भीड़ की हिंसक और ध्वंसात्मक प्रवृत्ति को रोकने के लिए हैं। इनके इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग और संसाधनों की प्रकृति (एप्रोच और यूटिलाइजेशन) वही पुराने ढर्रे या कॉलोजियल टाइम्स की है,जबकि इक्कीसवीं सदी में पुलिस सुधार लागू किए जाने के बाद भी पुरानी तकनीक का इस्तेमाल जारी है। भीड़ प्रबंधन से संबंधित जो शोध हुई हैं, उससे हमारे पॉलिटिशियन्स अधिक वाकिफियत नहीं रखते जबकि राजनीतिक रैलियां और धार्मिक कार्यों के नाम पर कुछ हज़ार से लेकर लाखों लोग भीड़ के रूप आज भी नई कांफ्रेंसिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम्स मोबाइल फोन टेक्नोलॉजीज, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सेटेलाइट कनेक्टिविटी,के आगाज के बाद इनके प्रयेग से या तो अधिक परिचित नहीं हैं या इन तक सबकी पहुंच नहीं है। भारत में पुलिस और सिविल अथॉरिटीज का एक्सपोजर क्राउड के साइंटिफिक मैनेजमेंट में किस स्तर का है इस बारे कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं,लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें। हमारे कुछेक संस्थानों और स्वतंत्र अध्येताओं ने क्राउड कंट्रोल एंड स्ट्रेटेजिक इंटरवेंशन को लेकर अध्ययन किया है। प्रयागराज में सन 2019 में आयोजित अर्द्ध-कुंभ मेले के दौरान किए गए अध्ययन क्राउड मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटेजीज फॉर सिक्यूरिटी एंड स्वायलेंस ड्यूरिंग द लार्ज मास गैदरिंग इवेंट्स -द प्रयागराज कुंभ मेला 2019 एक्सपीरियंस का प्रकाशन प्रयागराज स्थित नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज के जर्नल नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज लेटर्स में सन 2022 के मई-जून अंक में किया गया। इस और अन्य जर्नल्स में प्रकाशित अध्ययनों के नोटिस भीड़ प्रबंधन एजेंसीज ने लिया या नहीं,इसका कोई फीडबैक उपलब्ध नहीं है और न ही इसका कोई व्यावहारिक स्वरुप सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म्स पर दिखाई दिया है।

> हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है।

हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है। जनसमूह का आकार अगर धीरे-धीरे बढ़ता है और इसका पूर्वाकलन नहीं किए जाने से संख्या बेतहाशा बढ़ती जाए,जैसा कि हाथरस में हुआ,तब इमरजेंसी मैनेजमेंट के अंतर्गत जो करना चाहिए वह भी संभव नहीं हो पाता। बैरिकेड्स लगाकर भीड़ को नहीं रोका जा सकता और फेंसिंग को तो उग्र भीड़ नाराज़ होकर तोड़ देती है।

किसान आंदोलन के समय दिल्ली में शंभू बॉर्डर बैरिकेड्स पर ऐसा हुआ था। इस स्थिति में फिजिकल और साइकोलॉजिकल उपाय भी अकसर फेल हो जाते हैं। प्रबंधन करने वालों के स्थल की जियोग्राफी और मानव समूह की प्रकृति का ठीक से अध्ययन न किए जाने से इमरजेंसी मेडिकल उपाय भी अमल में नहीं लाए जा सकते। भीड़ नियंत्रण के लिए शास्त्रीय ज्ञान का सृजन करने वाले हमारे मनीषी कहते हैं कि मेले में आए हुए लोगों को मंथर गति से चलना चाहिए, आने और जाने के रास्ते अलग होने चाहिए ताकि लोग आपस में टकराए नहीं। वीआईपी लोगों को जनसमूह जहां जमा है उस रास्ते से बाहर की ओर प्रस्थान नहीं करके पीछे के रास्ते से तुरंत निकल जाना चाहिए,लेकिन मामला हाथरस जैसा हो या कहीं और का, जनसमूह को अभिवादन करते हुए,जयजयकार सुनने की लालसा रखने वाले अधिकतर लोग भीड़ की ओर से निकलने को प्राथमिकता देते रहे हैं। हाथरस में कीचड़ वाले अस्थायी स्थल पर डेढ़ से दो लाख जन कुछ ही समय में इकट्ठा हुए तब प्रबंधन के लिए पूर्व सूचना के बिना समग्र इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली की स्थापना करना कैसे संभव हो सकता था। वह भी तब जब भीड़ प्रबंधन का एबीसी भी न जानने वालों ने इस आयोजन की इजाजत दी हो? अगर नगराधीश या पुलिस कप्तान को असामान्य रूप से विशाल भीड़ की जानकारी विलंब से मिली तब ड्रोन-निगरानी को तो एक्टिवेट किया ही जाना चाहिए था।

सन 2013 में एल्सेविएर ने ह्यूमन स्टैंपीड्स ड्यूरिंग रिलीजियस फेस्टिवल्स ए कम्पेरेटिव रिव्यु ऑफ़ मास गैदरिंग इमरजेंसीज इन इंडिया नाम से एक अध्ययन का प्रकाशन किया,जिसमें बताया गया कि सन 1980 से 2007 के बीच विश्व में अनेक स्थानों पर हुई भगदड़ की 215 घटनाओं में 7069 लोगों की मृत्यु हुई थी और 14000 लोग घायल हुए। भारत में भीड़ के प्रोफाइल की। ठसाठस भरे हुए स्थायी या अस्थायी पंडाल में कई घंटों तक लगभग एक ही मुद्रा में बैठे हुए लोग समापन के समय एक साथ उठते हैं और शारीरिक अकड़न और ऊब से छुटकारा पाने के लिए तत्काल बाहर की ओर प्रांगण अथवा मार्ग पर आने में जल्दबाजी करते हैं। प्रतिष्ठित या लोकप्रिय व्यक्ति की छवि पाने के लिए निकट पहुंचने के लिए मुकाबला करते हुए निकट उपस्थित मनुष्यों को धकियाते हैं, तब भीड़ में मनुष्यों के शरीर सामूहिक तौर पर एक खतरनाक और ताकतवर फ्लूइड की तरह आचरण करते हैं और मार्ग में आने वाले अवरोधों को अचानक प्रकट हुई इसकी ताकतवर धारा के तले रौंदते हुए आगे बढ़ जाना चाहते हैं। इस डायनामिक्स के अंतर्गत ताकत का जो विस्फोट अचानक होता है उसके तले मानव शरीर ही कुचले जाते हैं। उपरोक्त के संबंध में यह जानना रोचक है कि सेरेंघेटी नेशनल पार्क, केन्या में लाखों की संख्या में जंगली पशुओं के सालाना माइग्रेशन के दौरान लाखों की संख्या में होने से इनकी भीड़ और फास्ट मूवमेंट और आकाश में विचरण करने वाले स्टर्लिंग पक्षियों की सामूहिक, सुरक्षित उड़ान के ब्योरे शोधकर्ताओं ने इकट्ठा क्यों किए? उद्देश्य था इन जीवों में क्राउड कंट्रोल की डायनामिक्स को समझने के लिए सैंकड़ों प्रकार की सूचना जुटाना। भीड़ में मनुष्य की मंथर चाल और गतिमय रहकर परस्पर संवाद करने की प्रवृत्ति का भी अध्येताओं ने रिकॉर्ड रखा है। भगदड़ मचने के दौरान अनियंत्रित, भयभीत जनों के रक्त में एड्रिनालिन नामक हार्मोन का स्तर उच्च पाया गया। ऐसे में लोग होश खो देते हैं। इन दोनों का तत्काल तोड़ किसी भी वैज्ञानिक के पास नहीं है सिवा इसके कि रिस्क को मिनीमाइज करने के उपाय पहले से किए जाने जरूरी हैं।

भारत के नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो और गृह मंत्रालय में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिवीज़न सन 1996 से दुर्घटना में मारे गए लोगों और मृत्यु के कारणों का डेटा रखने लगा है। क्राउड कण्ट्रोल स्ट्रेटेजीज के संबंध में जो 13 वैज्ञानिक अध्ययन मैंने देखे हैं इनके निष्कर्षों के आधार पर भविष्य में भगदड़ में मरने वालों की सुरक्षा के लिए पुलिस और गृह विभाग के अलावा डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज को वैज्ञानिक जानकारी को शेयर करने के अलावा प्रबंधन विज्ञान के नाते से बंदोबस्त को अधिक तकनीकीमय बनाना होगा। भीड़ के साइज का पूर्वानुमान लगाने के लिए रियल-टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी होगा,जिसके लिए आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टेक्नीक्स का इस्तेमाल अपरिहार्य है। आयोजनकर्ता के साथ बैठकर आयोजन के उद्देश्य -जैसे कि धार्मिक या मनोरंजन,पॉलिटिकल या जॉब मेला, प्रतियोगी परीक्षा या कुछ और को स्पष्ट करना होगा। उक्त 13 स्टडीज का निष्कर्ष लोगों में भय पैदा करना, उनसे सख्ती से पेश आना, दुर्व्यवहार करना या रोकना नहीं,बल्कि पिछले हादसों से सबक लेते हुए इनकी संभावना को टालना और जोखिम को कम करना या रिस्क को कम करना होना चाहिए,जिसके लिए ट्रैफिक मूवमेंट डिज़ाइनर्स, साइकोलोजिस्ट्स, क्राउड कण्ट्रोल एक्सपर्ट्स और हाई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में दक्ष लोगों को साथ रखने की सिफारिश की गई है।

## प्रसंगवश

# विश्वास बनाम अंधविश्वास

धर्म क्षेत्र में श्रद्धा और विश्वास का बड़ा महत्व है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। गोस्वामी तुलसीदास ने भी प्रतिपादित किया है, "श्रद्धा बिना धर्म नहिं होई। बिनु महि गंध कि पावहि कोई"।। उन्होंने तो भगवान शंकर और माता पार्वती को ही श्रद्धा और विश्वास का मूर्तिमान रूप बता दिया। "भवानी शंकरौ वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ'। ऐसे में साधक या भक्त को यह सलाह नहीं दी जा सकती कि विश्वास करो ही नहीं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आज सामान्य भक्त और श्रद्धालु को अपने विवेक और बुद्धि का ही इस्तेमाल करना होगा। उसे देखना होगा कि कौन साधु,धर्माचार्य, प्रवचनकर्ता या मठाधीश सच्चा है और कौन पाखंडी। स्वर्ग और मोक्ष प्राप्ति तथा असीमित मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु आम आदमी हर कथित साधु या धर्माचार्य के बहकावे में आ जाता है और अंधविश्वास करके अभीष्ट प्राप्ति हेतु वहां पहुंच जाता है। जब भीड़ ज्यादा होगी तो कोई भी व्यवस्था चरमरा ही जाएगी। ऐसे धार्मिक जन समूहों पर नियंत्रण करने और उन्हें अनुशासन में रखने हेतु प्रशासन व पुलिस सहसा बल प्रयोग भी नहीं कर सकते। अतः हादसे तो हो ही सकते हैं। क्या ये श्रद्धालु यह नहीं देखते कि जो बाबा,जोगी,धर्मांधी खरबों का साम्राज्य खड़ा किए हैं,चमचमाती मंहगी कारों और वायुयान से चलते हैं, जिनकी अपनी सेना है,जिन पर चारित्रिक आक्षेप भी लगते हैं, वैराग्य, ज्ञान, भक्ति, त्याग और अपरिग्रह का पाठ क्या पढ़ाएंगे? जो रजोगुण में डूबे हैं,वे साधक को सतोगुणी कैसे बनाएंगे? "बहु दाम सवांरहिं धाम जती। विषया हरि लीन न रहि विरती", लेकिन लोग स्वर्गादि प्राप्ति और मनोकामना पूर्ति हेतु जाते जरूर हैं और बहुधा बड़ी संख्या में काल कवलित हो जाते हैं।

भारी मन से यह कहना पड़ रहा है कि ऐसी घटनाओं के लिए कुछ हद तक श्रद्धालुओं का अंध विश्वास भी उत्तरदायी है। इसका मतलब यह नहीं कि ऐसे बाबा, कार्यक्रम आयोजक और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेंगे। वे तो उत्तरदायी हैं ही और दंडित किए ही जाने चाहिए,लेकिन धर्मांधता भी आत्म नियंत्रित की जानी चाहिए।

# बैंकिंग क्षेत्र बेहतर करने को तैयार एआई

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक स्तर पर उद्योगों में क्रांति ला रहा है और बैंकिंग क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। भारत में जहां बैंकिंग प्रणाली अर्थव्यवस्था की रीढ़ है,एआई का एकीकरण पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं को महत्वपूर्ण रूप से बाधित करने के लिए तैयार है। भारतीय बैंकिंग में एआई की शुरुआत 2010 की शुरुआत में हुई जब वित्तीय संस्थानों ने परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा बढ़ाने के लिए एआई की खोज शुरू की।

प्रारंभ में एआई एप्लीकेशन धोखाधड़ी का पता लगाने,जोखिम प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स जैसे बैक एंड संचालन तक सीमित थे। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित हुई, बैंकों ने अधिक परिष्कृत कार्यों के लिए एआई का उपयोग करना शुरू कर दिया। एआई संचालित डेटा एनालिटिक्स टूल ने बैंकों को ग्राहक व्यवहार और प्राथमिकताओं में गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद की। चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट की तैनाती ने भारतीय बैंकों द्वारा एआई अपनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया। एचडीएफसी बैंक का "ईवा" आईसीआईसीआई बैंक का "आईपाल" और एसबीआई का "एसआईए" उल्लेखनीय उदाहरण हैं। ये एआई-संचालित इंटरफेस चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता प्रदान करते हैं। नियमित पूछताछ और लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालते हैं।

एआई संचालित वैयक्तिकरण इंजन अनुरूप वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने के लिए ग्राहक डेटा का विश्लेषण करते हैं। इसने प्रासंगिक और समय पर समाधान प्रदान करके ग्राहकों की संतुष्टि और वफादारी में सुधार किया है। चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट अब ग्राहक इंटरैक्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संभालते हैं। प्रतीक्षा समय को कम करते हैं और सेवा दक्षता में सुधार करते हैं। वे खाते की शेष राशि की पूछताछ, फंड ट्रांसफर और ऋण आवेदन जैसे कार्यों में सहायता करते हैं।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं।

रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और एआई डेटा एंट्री, केवाईसी सत्यापन और अनुपालन जांच जैसे दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित कर रहे हैं। इससे परिचालन लागत और मानवीय त्रुटियां कम हो जाती हैं। एआई मॉडल सोशल मीडिया गतिविधि और लेनदेन इतिहास सहित डेटा बिंदुओं की एक विस्तृत श्रृंखला का विश्लेषण करके साख का आकलन करते हैं। इसने ऋण प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित कर दिया है और वंचित आबादी के लिए ऋण को अधिक सुलभ बना दिया है।

एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं,संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने धोखाधड़ी से संबंधित नुकसान को काफी कम कर दिया है। एआई संचालित जोखिम मूल्यांकन उपकरण संभावित जोखिमों की प्रारंभिक चेतावनी प्रदान करने के लिए बाजार के रुझान और आर्थिक संकेतकों का विश्लेषण करते हैं। इससे बैंकों को सूचित निर्णय लेने और जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद मिलती है। भारतीय बैंकिंग में एआई का भविष्य प्रौद्योगिकी में प्रगति और बढ़ती स्वीकार्यता के साथ और अधिक व्यवधान का वादा करता है। हालांकि यह परिवर्तन चुनौतियों और विचारों के साथ आएगा।

एआई संचालित बैंकिंग में बदलाव के लिए कार्यबल को फिर से कुशल बनाने की आवश्यकता होगी। उभरते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बने रहने के लिए कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकियों और एआई अनुप्रयोगों में प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। एआई भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को बेहतर करने के लिए तैयार है,जो बेहतर ग्राहक अनुभव, परिचालन दक्षता और बेहतर जोखिम प्रबंधन जैसे कई लाभ प्रदान करता है। हालांकि इस परिवर्तन के लिए डेटा गोपनीयता, नैतिक विचारों, नियामक अनुपालन और कार्यबल संक्रमण से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता होगी।

जैसे-जैसे एआई तकनीक का विकास जारी है,भारतीय बैंकों को जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करते हुए नवाचार को अपनाना चाहिए। ऐसा करके,वे आने वाले वर्षों में विकास, समावेशिता और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए एआई की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। भारतीय बैंकिंग में एआई की यात्रा अभी शुरू हुई है और भविष्य में एक स्मार्ट, अधिक कुशल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रोमांचक संभावनाएं हैं।

## सोशल फोरम

# धार्मिक अंधेरे की देन

21 वीं सदी में धार्मिक सुधार की आवाजों को पूरी तरह दबाकर धार्मिक पागलपन के लिए प्रोत्साहन तरह-तरह से बढ़ा है। उसका एक नतीजा हाथरस में एक सूट-बूटधारी भगवान के धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ है, जिसमें 120 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई। इसमें स्त्रियां ज्यादा मरीं,क्योंकि स्त्रियों तक सबसे कम स्वाधीनता पहुंची है,स्त्रीवाद पर चाहे जितनी गरम बहसें चलती रही हों।

इसके पहले भी धार्मिक भगदड़ों में अनगिनत लोग मारे गए हैं। महाराष्ट्र (2005) के मंधार देवी मंदिर की भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की, राजस्थान (2008) के चामुंडा देवी मंदिर में 250 श्रद्धालुओं की, हिमाचल प्रदेश ( 2008) के नैना देवी मंदिर की भगदड़ में 162 भक्तों की जान गई है। श्रद्धालुओं की अंधी भीड़ के कारण जम्मू (2022), इंदौर (2023) आदि के मंदिरों की भगदड़ों में भी श्रद्धालु मारे जाते रहे हैं। आखिरकार हम अपने धर्म को कैसा बनाते जा रहे हैं कि इसमें भगवान के मंदिर में ही या धर्मसभाओं में इस तरह कुचले जाकर प्राण देना पड़ता है। हर तरफ धर्म का शोर बढ़ा है,पर यह भी नजर आता है कि लोग तरह-तरह से मारे जा रहे हैं। सौ-डेढ़ सौ साल पहले ऐसा नहीं था कि हिंदू ऐसे कुचले जाते हों। लोग अनपढ़ थे,पर ऐसी धार्मिक विमूढ़ता नहीं थी,ऐसा पागलपन न था,बल्कि 19 वीं-20 वीं सदी के उस दौर में धार्मिक रूढ़ियों से स्वाधीनता की भूख थी। भारत के लोगों की स्वाधीनता के मार्ग में कारपोरेट सभ्यता के अलावा दूसरी सबसे बड़ी बाधाएं हैं धार्मिक रूढ़ियां, अंधविश्वास और जाति प्रथा। जाति प्रथा खत्म हो जाए तो दहेज प्रथा भी समाप्त हो जाएगी।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कहना होगा कि ऐसी रूढ़ियों से मुक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा रोड़ा सत्ता की वर्तमान राजनीति है। आज की सरकारें धार्मिक रूढ़ियों और अंधविश्वासों की सबसे बड़ी संरक्षक हैं। यदि हाथरस जैसी घटनाओं को रोकना है तो इसके लिए आम जनता को खुद आगे आकर अपनी निर्भीक आवाज बुलंद करनी होगी। यह इसलिए भी जरूरी है कि वह ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को प्रदूषण मुक्त कर सके।

**-फेसबुक वॉल से**

# आपातकाल के दंश का भुक्त भोगी

(गतांक से आगे): आपातकाल के दंश ने इंदिरा कांग्रेस की सत्ता का अंत कर दिया था। केंद्र और प्रदेश दोनों का शासन छिन चुका था। उत्तर प्रदेश में रामनरेश यादव,मुख्यमंत्री पद पर आसीन हो चुके थे। उनके ही दल के नेता चौधरी चरण सिंह केंद्र में गृह मंत्री थे। लाल सिंह वर्मा उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद 'महानिरीक्षक' के पद पर आसीन थे। उनके बरेली आगमन के समय मैं डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। इसी बीच जनपद गोरखपुर तथा वाराणसी में मेरे ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे, विनोद कुमार जैन, डीआईजी बनकर नैनीताल रेंज का प्रभार ग्रहण कर चुके थे। दोनों स्थानों पर मुझको उनका विश्वास और स्नेहाशीष मिल चुका था। उन्होंने मेरी नियुक्ति तीसरी बार अपने अधीन जनपद पिथौरागढ़ का प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक करा लिया था।

तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश लाल सिंह वर्मा से मेरी पहली भेंट बरेली में हुई थी। पत्रकारों,जनप्रतिनिधियों ने उनसे मेरी जो प्रशंसा की थी,उससे वह बहुत प्रभावित थे। जाते समय अकेले में मेरी प्रशंसा करते हुए,उन्होंने मेरी शैक्षिक योग्यता एवं पारिवरिक बैकग्राउंड के विषय मे जानकारी ली थी। पिथौरागढ़ के जनपद पुलिस प्रभारी के पद पर कार्य करते हुए अभी लगभग चार माह ही हुए थे कि एक दिन श्री जैन का बुलावा आया। मेरे नैनीताल स्थित उनके आवास पर पहुंचने पर बताया कि "श्री वर्मा मुझको अपना डीए (डिप्टी असिस्टेंट) बनाना चाहते हैं। एक डिप्टी एसपी के लिए सम्मान की जगह है विशेष वेतन भी है।" मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहूं? श्री जैन ने बताया कि वहां पर मुझको पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा शासन में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से भी अनायास संपर्क का सुअवसर मिलेगा। मेरे सामने ही उन्होंने श्री वर्मा से बातकर बता दिया कि मुझ को "उनके निकट सेवा के सौभाग्य पर प्रसन्नता है।" फिर मैं पिथौरागढ़ से आईजी ऑफिस (उस समय एडीजी/डीजी के पद स्वीकृत नहीं थे) लखनऊ आ गया था। बिना मेरी सहभागिता के माता प्रसाद आईएएस को बचाने के लिए "बरेली नाखून कांड" में मुझको बलि का बकरा बनाया गया। मेरी पूर्ण निर्दोषिता को पूरी तरह स्वीकार करते हुए भी भारतीय पुलिस सेवा के उच्चाधिकारी मौखिक सहानुभूति के अतिरिक्त मेरे लिए खुलकर नहीं आए।



डॉ.अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

यही नहीं अवतार नारायण कौल, डीआइजी बरेली रेंज भी बार-बार झूठा आश्वासन के अतिरिक्त मुझको दोष मुक्त करने का निर्णय देने का साहस नहीं दिखा सके,जबकि पीड़ित वीरेंद्र अटल एवं रमेश आनंद ने भी अपने बयानों में माता प्रसाद के आदेश पर हाकिम राय को उत्पीड़नकर्ता बताया था।

वैसे बनारसी दास के शिकायती पत्र में भी माता प्रसाद के स्पष्ट आदेश पर ही कोतवाल अमानवीय उत्पीड़न के कुकृत्य का आरोप लगाया था। श्री दास के अति संक्षिप्त शिकायती पत्र में,आरोप मात्र इतना ही था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के आदेश पर शहर कोतवाल (नाम नहीं था) ने वीरेंद्र अटल और रमेश आनंद को अमानवीय यातना दी थी। वैसे भी सर्वविदित तथ्य है कि भारतीय प्रजातंत्र में वास्तविक सत्ता भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों (वह भी सीधी भर्ती के) के हाथों में ही है। मेरा यह अभिलेखिक/मौखिक प्रमाणिक तथ्यों के नितांत प्रतिकूल प्रमाणित उदाहरण इसका ज्वलंत उदाहरण है,क्योंकि अपनी फरियाद लेकर बार-बार उनके पास जाने और बुलाकर प्रेमपूर्वक बातें करने और मुझको निर्दोष होने का लिखित आश्वासन मात्र आश्वासन ही रह गया। डीए पद पर कार्यरत रहने (निलंबन के बावजूद) के आश्चर्यजनक उदाहरण के कारण मेरा सचिवालय में आना-जाना निर्बाध था।

कुछ दिनों के बाद मुझे लगने लगा था कि पीसीएस से आईएएस पदोन्नत दोनों अधिकारी प्रमुख सचिव गृह,श्री बिसेन और विशेष सचिव गृह राम चन्द्र टकरू अपनी मीठी बोली और झूठे आश्वासन से मुझको मात्र बरगला रहे थे। माता प्रसाद के पक्ष में सारा सचिवालय मानो उनको बचाने के लिए लामबंद था,क्योंकि मैंने प्रमुख न्यायिक मजिस्ट्रेट बरेली के न्यायालय में सही बयान देने का दुस्साहस कर दिया था। जैसा कि सत्य उच्चस्तरीय बैठक में रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात श्री आजाद को घर से लाकर कोतवाल हाकिम राय को सौंपकर तुरंत जेल भेजने के निर्देश का 'पाप' स्वयं किया था। उनको कोतवाल के सुपुर्द दिन में लगभग दो-तीन बजे ही कर दिया था। किंतु कोतवाली पुलिस ने रात लगभग आठ बजे कुछ लोगों को टेलीफोन और बिजली का तार काटने एवं आपातकाल के विरुद्ध हिंसात्मक आंदोलन के लिए उकसाने में जेल भेजा था। श्री आजाद अपने विरुद्ध अभियोग में मुझको एक महत्वपूर्ण साक्षी के रूप में न्यायालय से बुलावा भिजवाने में सफल हुए थे। एसएसपी ने मेरी सहायता में असमर्थता व्यक्त कर दी थी। मैं जिला और सत्र न्यायाधीश मुरलीधर जी के घर जा पहुंचा। मेरी बात सुनकर उन्होंने सीजेएम को भी अपने घर पर ही बुला लिया। वहीं पर तय हुआ कि मैं सत्य का साथ दूं तथा उनको कोतवाली लाने तक की बात कहूं। प्रथम सूचना के विषय में सीजेएम मेरी मदद करेंगे और उसके सही-गलत होने पर प्रश्न नहीं पूछेंगे। यही हुआ भी। इससे श्री आजाद के मामले में सत्य की रक्षा भी हो गई,किंतु यही सच्चाई मेरे भविष्य के लिए घातक हो गई।

माता प्रसाद ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से कहलवाया कि यदि मैं न्यायालय में यह सशपथ बयान दे दूं कि श्रीमाता प्रसाद मेरी मौजूदगी में कोतवाली आए ही नहीं,न तो युवकों का उत्पीड़न हुआ,तो मैं तुरंत मेरी दोष मुक्ति का आदेश निर्गत हो जाएगा। किंतु मेरी मौजूदगी में मात्र आतंक-प्रचार के उद्देश्य से दोनों युवकों के साथ हुए अत्यंत क्रूर यातना की दारुण स्मृति ने ऐसा नहीं होने दिया। बरेली जेल से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री को भेजे गए संक्षिप्त शिकायती पत्र और मेरे द्वारा की गई 'तथाकथित जांच आख्या' मेरे निलंबन एवं मेरे प्रतिशोधात्मक भयंकर उत्पीड़न का कारण बना।

# विकास की गारंटी नहीं विशेष राज्य का दर्जा

भारत में विशेष राज्य का दर्जा किसी राज्य को उसकी विशेष परिस्थितियों के कारण दी जाने वाली सुविधा है,जिसे राज्यों को विशेष वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए लागू किया गया था। यह दर्जा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े राज्यों को विकास की गति देने के उद्देश्य से दिया जाता है। बिहार राज्य भी लंबे समय से इस दर्जे की मांग कर रहा है,लेकिन यह धारणा कि विशेष राज्य का दर्जा बिहार के विकास की गारंटी हो सकता है, वस्तुतः सही नहीं हो सकती।



प्रीति सिंह
कानपुर

विशेष राज्य का दर्जा उन राज्यों को दिया जाता है,जो भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय रूप से कमजोर माने जाते हैं। इस दर्जे के तहत, इन राज्यों को केंद्रीय करों में अधिक हिस्सा, केंद्रीय योजनाओं के तहत अधिक अनुदान और बाहरी सहायता प्राप्त होती है। इसका उद्देश्य है इन राज्यों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और विकास की मुख्य धारा में शामिल करना। विशेष राज्य का दर्जा पाने वाले राज्यों को कई लाभ मिलते हैं। अगर राज्य सरकार में नीति निर्धारण और क्रियान्वयन की क्षमता कमजोर है तो विशेष राज्य का दर्जा भी असरकारी नहीं हो पाएगा। भारत में कई राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है,जिनमें से कुछ ने इसका लाभ उठाकर अपने विकास को गति दी है,जबकि कुछ राज्य अभी भी पिछड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है और उसने इस स्थिति का उपयोग करके अपने बुनियादी ढांचे और सामाजिक सूचकों में सुधार किया है। राज्य सरकार की अच्छी नीतियां और प्रशासनिक दक्षता ने इसे संभव बनाया। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि उत्तर पूर्वी राज्यों को भी विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है,लेकिन इन राज्यों में विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इन राज्यों में चल रहे राजनीतिक अस्थिरता,उग्रवाद और प्रशासनिक कुप्रबंधन इसके मुख्य कारण हैं। बिहार के विकास के लिए केवल विशेष राज्य का दर्जा पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक मजबूत प्रशासनिक तंत्र, राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की आवश्यकता है।

## एक नजर

### राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई हुई, 18 को आदेश

**विधि संवाददाता, बरेली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज वाद में गुरुवार को एमपी/एमएलए कोर्ट की स्पेशल जज शांभवी ने सुनवाई की। वादी के वकील की बहस सुनकर कोर्ट ने आदेश के लिए 18 जुलाई की तिथि नियत की है। सुभाषनगर निवासी पंकज पाठक ने अपने वकील अनिल द्विवेदी के जरिए राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दी थी कि 28 मई को टीवी पर राहुल गांधी ने राजनीतिक लाभ के लिए देश की अखंडता को चोट पहुंचाने के लिए भड़काऊ बयान दिया था।

### अनम से बनी सीमा ने प्रेमी मुनेश से की शादी

**बरेली, अमृत विचार :** अनम ने धर्म परिवर्तन कर सीमा नाम रख लिया और गांव सिरोही निवासी प्रेमी मुनेश कश्यप से शादी कर ली। मुरादाबाद के गांव जटपुरा निवासी अनम से बनी सीमा ने बताया कि एक साल पहले बाजपुर में उनकी मुलाकात मुनेश से हुई थी। जान-पहचान के बाद दोनों एक दूसरे से फोन पर बातचीत करने लगे। उन्होंने शादी करने का निर्णय लिया, लेकिन दोनों के रिश्ते में मजहब की दीवार आड़े आ गई। इस पर अनम ने घर छोड़ दिया और प्रेमी मुनेश के पास पहुंची। बुधवार को दोनों ने शहर स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम में शादी की। अनम का कहना है कि उन्होंने मर्जी से धर्म परिवर्तन किया है।

### गाजियाबाद : फैक्ट्री में लगी आग, चार दमकलकर्मी घायल

गाजियाबाद : जिले के ट्रांस हिंडन क्षेत्र के लिंक रोड थाना अंतर्गत साइट-4 औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में गुरुवार को लगी भीषण आग को बुझाने की कोशिश में चार दमकलकर्मी घायल हो गए। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मनु शर्मा ने बताया कि फैक्ट्री के गोदाम में रखे दो दर्जन से अधिक केमिकल के ड्रम आग के कारण फट गए। जिससे फैली आग को काबू करने में चार दमकलकर्मी झुलस गए।

# बस से टकराई कार, पिता व तीन पुत्रों समेत 5 की मौत

▸▸ हज यात्रा करके दिल्ली पहुंचे माता-पिता को लेकर बेटे कार से रामपुर लौट रहे थे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के मूंढापांडे क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग पर गुरुवार तड़के दिल्ली से आ रही तेज रफ्तार कार डिवाइडर फांद कर रोडवेज बस से टकरा गई। जिससे पिता व तीन पुत्रों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हज यात्रा करके दिल्ली पहुंचे माता-पिता को लेकर बेटे कार से रामपुर लौट रहे थे। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मां और एक बेटा गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे का कारण चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

रामपुर के मुकरमपुर निवासी हाजी अशरफ अली और उनकी पत्नी जैतून पिछले महीने हज यात्रा करने के लिए सऊदी अरब गए थे। सऊदी से दंपति बुधवार देर शाम दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे। उन्हें लेने के लिए नक्शे अली, आरिफ उर्फ महबूब अली, इंतेकाफ अली और आसिफ अली चारों बेटे गांव के ही चालक एहसान अली के साथ दिल्ली पहुंचे थे। दिल्ली से देर रात माता-पिता को साथ लेकर सभी रामपुर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में फ्लाईओवर पार करते ही चालक एहसान अली को झपकी आ गई। जिससे कार अनियंत्रित होकर पहले नीम के पेड़ से टकराई, इसके बाद डिवाइडर फांद कर सामने से आ रही रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में नक्शे अली (45), आरिफ उर्फ महबूब अली (38) की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पिता अशरफ अली (60), बेटा इंतेकाफ अली (20) और चालक एहसान अली (30) को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां तीनों ने दम तोड़ दिया। वहीं अशरफ की पत्नी जैतून बेगम और उनका छोटा बेटा आसिफ अली गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का अस्पताल में इलाज हो रहा है।

## झोपड़ी पर पलटा ट्रक, मां व दो बेटों की मौत

संवाददाता बांगरमऊ (उन्नाव)

**अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात चावल से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी पर पलट गया। इससे ट्रक के नीचे दबकर मां और दो बेटों की मौत हो गई। बाद में पुलिस ने ट्रक को क्रेन से सीधा कराया और तीनों शव निकाले। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया। बेहटा मुजावर में बांगरमऊ-संडीला रोड स्थित पुराना पुलिस थाना भवन के पास गांव की सरला झोपड़ी में मिठाई व नमकीन आदि की दुकान चलाकर अपने दो बच्चों का भरण-पोषण करती थी। बुधवार देर रात सरला बच्चों विक्की (13) व करन (15) के साथ झोपड़ी में सो रही थी। देररात करीब डेढ़ बजे संडीला जा रहा चावल से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर झोपड़ी पर पलट गया। इसमें मां व उसके दोनों बेटे ट्रक के नीचे दब गए। घटना की सूचना पर सीओ अरविंद कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन से पलटे ट्रक को सीधा कराया। तब तक मां व उसके दोनों बेटों की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सीओ ने बताया कि ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।



झोपड़ी पर पलटा ट्रक।



सरला, करन और विक्की।

### सैर के लिए निकले तीन लोगों को वाहन ने कुचला

**मिर्जापुर :** जिले के चुनार क्षेत्र में सुबह सैर के लिये निकले तीन लोगों की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। चुनार के पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि लाल बहादुर वर्मा (67), शुकालू यादव (56) और लल्लन वर्मा (55) सुबह सैर करने निकले थे, इसी दौरान दुर्गा जी मोड़ पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। घटना में लाल बहादुर और शुकालू यादव की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि लल्लन वर्मा को गम्भीर हालत में वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उसकी भी मौत हो गयी।

# मजदूरों को सम्मान दिलाना जिंदगी का मिशन

▸▸ राहुल गांधी ने दिल्ली में की दिहाड़ी मजदूरों से मुलाकात

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को दिल्ली में कुछ दिहाड़ी मजदूरों से मुलाकात कर उनके जीवन के अनुभवों एवं समस्याओं के बारे में जाना।

उन्होंने कहा कि इन श्रमिकों को सम्मान दिलाना उनकी जिंदगी का मिशन है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आज दिल्ली के गुरु तेग बहादुर नगर पहुंचे थे। राहुल गांधी ने मजदूरों से मुलाकात का वीडियो अपने व्हाट्सएप चैनल पर साझा किया और कहा कि हाथ से काम करने वालों की आज हिंदुस्तान में कोई इज्जत नहीं है, ये मैंने पहले भी कहा था- आज, जीटीबी नगर में काम की तलाश में रोज़ खड़े रहने वाले मज़दूरों से मिल कर ये बात पुख्ता हो गई। महंगाई की मार में मामूली सी दिहाड़ी पर गुज़ारा और उसकी भी गारंटी नहीं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के मज़दूरों को, हाथ से काम करने वालों को उनका पूरा हक़ दिलाना है, सम्मान दिलाना है। यह मेरी ज़िंदगी का मिशन है।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को नई दिल्ली के जीटीबी नगर में मजदूरों से मुलाकात के दौरान चिनाई का कार्य भी किया।

### राहुल आज जाएंगे हाथरस : वेणुगोपाल

तिरुवनंतपुरम : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले का दौरा करने की योजना है जहां दो दिन पहले एक सत्संग समारोह के दौरान भगदड़ में 121 लोग मारे गए थे। कांग्रेस के संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि राहुल गांधी अपनी यात्रा के दौरान प्रभावित लोगों से बात करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस की घटना के मामले में न्यायिक जांच की घोषणा की है। पुलिस ने सत्संग के आयोजकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है और उन पर सबूत छिपाने तथा नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

# लोकतंत्र और संविधान को मजबूत बनाने का प्रयास करेगी भाजपा : गडकरी

▸▸ भाजपा नेता ने कांग्रेस की नीतियों पर उठाए सवाल

बेंगलुरु, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भाजपा ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कांग्रेस की कोशिश के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी लोकतंत्र और संविधान को मजबूत बनाने का प्रयास करेगी।

गडकरी ने आपातकाल की भयावहता को याद करते हुए आरोप लगाया कि भारतीय संविधान और लोकतंत्र का उल्लंघन करने वाली कांग्रेस ने हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव में झूठ फैलाया कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है। उन्होंने यहां भाजपा की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों ने लोकतंत्र को खत्म करने और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में देश में तानाशाही व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया, उन्होंने ही भाजपा के बारे में गलत जानकारी फैलाई।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने आरोप लगाया कि ऐसी कहावत है कि अगर आप किसी को मना नहीं सकते तो उन्हें भटका दीजिए। लोगों को यह कहकर भ्रमित करने की कोशिश की गई कि भाजपा संविधान और लोकतंत्र विरोधी है और न्यायपालिका तथा मीडिया के अधिकारों को खत्म कर देगी। गडकरी ने कहा कि नई पीढ़ी आपातकाल की उस भयावहता से परिचित नहीं है, जब व्यक्तियों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया था और लोगों को बिना किसी कारण के बुरी तरह प्रताड़ित किया गया था। उन्होंने कहा कि हमें अपना इतिहास नहीं भूलना चाहिए। हमें आपातकाल के दिनों को कभी नहीं भूलना चाहिए और संविधान में विश्वास रखते हुए हमेशा लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए।

### हिमाचल में भारी बारिश से 85 सड़कें बंद

**शिमला/ मंडी।** हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश होने के बाद 85 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं। मौसम विभाग के शिमला कार्यालय ने बृहस्पतिवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया और शुक्रवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने, कुछ स्थानों पर बिजली गरजने और मंडी, सिरमौर व शिमला जिलों के कुछ इलाकों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी दी।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, बारिश के कारण मंडी में 59, शिमला में 21 और कांगड़ा में एक सड़क समेत 85 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं। राज्य में 17 ट्रांसफार्मर भी प्रभावित हुए हैं।

# शराब पीकर हंगामा करने वाले सिपाही की नौकरी खत्म

▸▸ एसपी ने लगातार शिकायतें मिलने पर की कार्रवाई, दो अन्य सिपाही किए निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** ड्यूटी में लापरवाही और शराब के नशे में धुत होकर पुलिस लाइन के पास स्थित मंदिर में कर्मचारियों से अभद्रता करने वाले सिपाही की सेवाएं समाप्त कर दी गईं। जबकि अन्य दो सिपाहियों की विभागीय जांच शुरू करा दी है। बर्खास्त सिपाही पहले भी शराब और अभद्रता करने के मामले में कई बार निलंबित हो चुका है। इसके बाद भी सुधार नहीं होने पर एसपी ने उसका बर्खास्तगी आदेश जारी कर दिया।

पुलिस लाइन में तैनात सिपाही शुभम कुमार ने 29 जून 2024 को सुबह आठ बजे पुलिस लाइन स्थित मंदिर के पास शराब के नशे में कर्मचारियों के साथ गाली गलौज व अभद्रता की थी। इसकी शिकायत पर एसपी ने उक्त सिपाही का मेडिकल परीक्षण के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। उक्त सिपाही आए दिन नशे की हालत में रहकर ड्यूटी करता है। जिसकी शिकायत लगातार एसपी को मिल रही थी। इतना ही नहीं ड्यूटी में लापरवाही, बिना अनुमति अवकाश और अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित होना, कर्मचारियों व जनता के लोगों से अभद्र व्यवहार करने के भी आरोप थे। सिपाही को पूर्व में भी कई बार निलंबित किया जा चुका था। मगर सुधार नहीं हो रहा था। वहीं, सिपाही राहुल मलिक व राजदीप को भी निलंबित किया गया है। दोनों आरक्षियों के खिलाफ सीओ लाइन जांच कर रहे हैं।

> सिपाही को पहले भी शराब और अभद्रता के चलते निलंबित किया गया था। मगर इसके बाद भी उसके आचरण में कोई सुधार नहीं आया। उसकी सेवा समाप्त कर दी गई है। पुलिस विभाग में अनुशासनहीनता किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। **- अविनाश पांडेय, एसपी**

# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया नई रेलवे लाइन का निरीक्षण

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** गोंडा-बुढ़वल खंड पर तीसरी रेल लाइन निर्माण के संरक्षा परीक्षण के दूसरे दिन गुरुवार को रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल, प्रणजीव सक्सेना ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण ओ.पी. सिंह, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार तथा लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) राजीव कुमार समेत मंडल व निर्माण संगठन के अधिकारियों की उपस्थिति में मैजापुर-गोंडा कचहरी के मध्य निरीक्षण किया।

रेल संरक्षा आयुक्त ने वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ मोटर ट्राली से मैजापुर-गोण्डा कचहरी रेल खण्ड के मध्य विद्युतीकरण सहित बनी तीसरी नई लाइन का संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान सक्सेना ने मैजापुर-गोण्डा कचहरी स्टेशनों के मध्य स्टेशन यार्ड पर पॉइंट एवं क्रॉसिंग, ब्लॉक सेक्शन मे अवस्थित कर्व की नपाई, समपार संख्या- 269 स्पेशल, ब्रिज संख्या 357 तथा मेजर ब्रिज संख्या-363 एवम् 359 का व्यापक संरक्षा निरीक्षण किया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## राम जन्मभूमि पर आतंकी हमले की 19वीं बरसी आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** भले ही दुनिया राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर उत्सव मना रही है, लेकिन पांच जुलाई 2005 को वो दिन आज भी लोगों के जेहन में है। लश्कर-ए-तोएबा के पांच आतंकवादियों ने रामलला को क्षति पहुंचाने के लिए रॉकेट लांचर चलाने की कोशिश की थी। अयोध्या इस घटना की शुक्रवार को 19वीं बरसी मनाएगी। रामनगरी में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त देखे गए। आतंकियों का उद्देश्य रामलला के टेंट को उड़ाना था। मंदिर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों एक-एक कर सभी आतंकियों को मार गिराया था।

# बंद पड़े ईंट भट्ठे से दो बच्चों के शव बरामद

▸▸ पिता और दूसरी पत्नी की भूमिका संदिग्ध, पुलिस तलाश में

भदोही, एजेंसी

जिले में बंद पड़े ईंट भट्ठे में स्थित एक कमरे से गुरुवार को दो बच्चों का शव बरामद होने से सनसनी फैल गयी। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

इस घटना में बच्चों के पिता पन्ना मुसहर और उसकी दूसरी पत्नी कृति मुसहर की भूमिका संदिग्ध पायी गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक तेजवीर सिंह ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के नरोत्तमपुर गांव में सुरेश यादव नामक व्यक्ति के कई साल से बंद पड़े ईंट भट्ठे में मजदूरों के लिये बने एक कमरे से दो बच्चों के शव बरामद किये गये हैं। शव कई दिन पुराने हैं और दोनों की हत्या सिर कुचलकर की गयी है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों ने दुर्गंध उठने पर पुलिस को सूचना दी तो कमरे से दोनों बच्चों के शव बरामद किये गये। उनमें से एक की उम्र करीब सात साल और दूसरे की लगभग पांच साल बतायी जाती है। शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। सिंह ने बताया कि शुरुआती जांच में दोनों बच्चों के पिता पन्ना मुसहर और उसकी दूसरी पत्नी कृति मुसहर की भूमिका संदिग्ध पायी गयी है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

## उत्तराखंड

# शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार के साथ व्यवस्था विद्यार्थी केंद्रित हो : धामी

ब्यूरो, देहरादून



- विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक सुधार के साथ शिक्षा व्यवस्था को विद्यार्थी केंद्रित बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने और स्कूलों से बालिकाओं के ड्रॉप आउट को कम करने के लिए आवासीय छात्रावासों को और अधिक बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश सचिवालय में विद्यालयी शिक्षा की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा में व्यावसायिक आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा ट्रांसफर के सरलीकरण के लिए जो नीति बनाई जा रही है, कार्मिक विभाग के स्तर पर पूरा परीक्षण कर लिया जाए। राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पूर्ण क्रियान्वयन किए जाएं। मुख्यमंत्री गौरवशाली भारत भ्रमण योजना के तहत मेधावी विद्यार्थियों और उत्कृष्ट शिक्षकों को प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और तकनीकी संस्थानों में भ्रमण कराने की व्यवस्था का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाए। छात्र शैक्षिक भ्रमण योजना के तहत प्रत्येक ब्लॉक से 50 मेधावी भारत भ्रमण पर भेजे जाएंगे। जिसमें 50 प्रतिशत छात्राएं शामिल होंगी।

# खरीदना था 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं और खरीदा मात्र 554

ललित पांडे, हल्द्वानी

- गेहूं खरीद में कुमाऊं पिछड़ा, कई एजेंसियां गेहूं का एक दाना तक नहीं खरीद सकीं



### बेचने की प्रक्रिया जटिल, कम एमएसपी से किसानों का मोहभंग

विभागों को गेहूं बेचने की प्रक्रिया जटिल होने व कम एमएसपी मिलने से किसान का मोहभंग हो रहा है। गौलापार के किसान दीवान सिंह ने बताया कि संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) को गेहूं बेचने के लिए तमाम तरह की प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। साथ ही, सरकारी खरीद में गेहूं की एमएसपी काफी कम है। सरकारी खरीद के लिए पहले राजस्व विभाग से खेतों का सत्यापन और खरीद केंद्र पर किसान को पंजीकरण कराना होता है। इसके बाद भुगतान में भी कुछ समय लग जाता है। इसके विपरीत निजी कंपनियां किसान के खेत से ही गेहूं खरीद लेती हैं और दाम भी बढ़ाकर देती हैं, इसलिए ज्यादातर किसान सरकारी खरीद सेंटरों की बजाय कंपनियों को अपना गेहूं बेचते हैं।

**अमृत विचारः** कुमाऊं में छह विभागों को 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था लेकिन वह महज 554 मीट्रिक टन गेहूं ही खरीद पाए। यानि सरकारी खरीद में लक्ष्य की तुलना में महज 1.36 प्रतिशत ही गेहूं खरीदा जा सका। कई एजेंसियां गेहूं का एक दाना तक नहीं खरीद पाईं।

किसानों से गेहूं खरीदने में विभाग फिसड्डी साबित हो रहे हैं। कुमाऊं मंडल में खाद्य व सहकारिता विभाग के अलावा 4 अन्य एजेंसियों को 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदने के लक्ष्य दिया गया था। लेकिन लक्ष्य के विपरीत मात्र 554 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो पाई है। भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) और उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ को एक-एक हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य दिया गया था लेकिन ये गेहूं का एक दाना तक नहीं खरीद पाए। इसी तरह नेफेड व पीसीयू संस्था को 6-6 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला था पर ये भी एक दाना गेहूं नहीं खरीद पाए। हैरानी की बात है कि सिर्फ एनसीसीएफ ने गेहूं खरीदने के लिए तीन सेंटर बनाए, जबकि तीन अन्य एजेंसियों ने गेहूं खरीद के लिए एक सेंटर तक नहीं खोला था। कुमाऊं मंडल में संभागीय खाद्य नियंत्रक (आरएफसी) ने गेहूं खरीदने के लिए कुल 12 व सहकारिता विभाग ने 46 सेंटर बनाए थे। खाद्य विभाग को छह हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला था लेकिन वह केवल 101 मीट्रिक टन गेहूं खरीद पाया। विभाग ने लक्ष्य की तुलना में महज 1.70 प्रतिशत गेहूं खरीदा। इसी तरह, सहकारिता विभाग को 20 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य मिला था लेकिन वह 442 मीट्रिक टन यानि 2.21 प्रतिशत गेहूं खरीद पाया। इधर, हल्द्वानी तहसील में भी आरएफसी ने पांच हजार कुंटल गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा था लेकिन यहां भी उसकी खरीद शून्य रही है। इस साल 1 अप्रैल से 30 जून के बीच गेहूं खरीदा गया। इस वर्ष सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2275 रुपये प्रति कुंटल तय किया था।

# रास्ते पर जलभराव, डूबने से दो वर्षीय बच्चे की मौत

संवाददाता, खटीमा



- खटीमा में पीड़ित परिवार के घर पहुंचे एसडीएम, ढांढस बंधाया

**अमृत विचार :** नानी के निधन पर मायके आई महिला के दो वर्षीय पुत्र की जलभराव वाले रास्ते में डूब कर मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बच्चे की मौत की सूचना पर एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम से रास्ते को बनवाने की मांग भी की।

पीलीभीत निवासी नीतू पत्नी गणेश विश्वास अपने तीन बच्चों के साथ अपनी नानी के निधन पर बंगाली कॉलोनी आई थी। घर जाने वाले रास्ते में बारिश के कारण काफी पानी भरा हुआ है। रास्ते से जाते हुए उसका दो वर्षीय पुत्र कपिल पानी में गिरकर डूब गया। उसे आनन-फानन में नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। इधर. सूचना पर एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार हिमांशु जोशी, थानाध्यक्ष झनकईया ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली और परिवार को ढांढस बंधाया। ग्रामीणों का कहना है कि बंगाली कालोनी के पिछले हिस्से में रहने वाले परिवारों को जलभराव से गुजरना पड़ता है।

# टनल में फंसे 8 मजदूर, मशक्कत के बाद निकाले गए

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** प्रदर्शनकारी ग्रामीणों के ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का काम रुकवा देने से उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब निर्माणाधीन टनल में आठ श्रमिक अंदर फंस गए। इससे निर्माण एजेंसी एलएनटी के इंजीनियरों की सांस अटक गई। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद अंदर फंसे श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया।



- निर्माणाधीन ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का मामला

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे लाइन के कार्य को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। रेलवे की कार्यप्रणाली को लेकर पास में ही स्थित रामपुर-कांडा ग्राम पंचायत के लोगों में खासी नाराजगी है। ग्रामीण लंबे समय से आंदोलन भी कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है रेलवे द्वारा यहां ब्लॉटिंग की जा रही है। जिस वजह से उनके भवनों में दरार पड़ रही है। कई लोगों के घर जर्जर हो गए हैं। वहीं गांव के आसपास के स्रोत्र भी सूख गए हैं, जिससे क्षेत्र में पानी का संकट हो गया है। गुस्साए ग्रामीणों ने कांडा- रामपुर में रेलवे टनल का काम रुकवा दिया।

एकाएक काम रुकने से उस वक्त टनल में अंदर काम कर रहे आठ मजदूर फंस गए। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मजदूरों को रेस्क्यू किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे विकास निगम, प्रशासन को कई बार समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन, आज तक उनकी मांगों को हल नहीं किया गया।

उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक मांगों का समाधान नहीं होगा वे काम नहीं होने देंगे। इधर, रेलवे विकास निगम के प्रशासनिक अधिकारी श्याम दत्त जोशी का कहना है कि ग्रामीणों की मांगों के संबंध में प्रशासन को अवगत करा दिया गया है। सूचना पर नायब तहसीलदार कमल सिंह भी मौके पर पहुंच गए और घटना के बारे में जानकारी ली।

# निजी पैथोलॉजी की जांच करेंगे सीएमओ : रावत

ब्यूरो, देहरादून



- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार :** राज्य में अवैध ढंग से चल रहे पैथोलॉजी सेंटरों पर शिकंजा कसा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे मानकों के विपरीत संचालित पैथोलॉजी सेंटरों के विरूद्ध कार्रवाई करें।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि पैथोलॉजी लैब में जांच के नाम पर मरीजों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में निजी पैथोलॉजी लैब्स का सत्यापन कराया जाएगा। उन्हें विभिन्न माध्यमों से अवैध पैथोलॉजी लैब संचालन की शिकायतें मिली हैं। शिकायतकर्ताओं ने जिन तथ्यों को सामने रखा है वह मरीजों के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंताजनक हैं। डॉ रावत ने बताया कि विशेषकर देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, नैनीताल व ऊधमसिंह नगर जनपद में बड़ी संख्या में अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब व सेंटरों के संचालन की शिकायतें मिली हैं।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग-1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120
**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 890

## गीतांजलि ग्रुप के अफसर के खिलाफ वारंट पर रोक

**मुंबई।** मुंबई की विशेष धनशोधन रोधी अदालत ने करोड़ों डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले के संबंध में मेहुल चोकसी के गीतांजलि ग्रुप के शीर्ष अधिकारी सुनील वर्मा के खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट पर गुरुवार को रोक लगा दी। विशेष न्यायाधीश एसएम मेंजोंगे ने रोक लगाई है।

**पीएनबी घोटाला**

ईडी ने आरोप लगाया है कि वर्मा, हीरा कारोबारी चोकसी और अन्य के साथ बैंक घोटाले में शामिल था और फर्जी कंपनियां स्थापित करने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। ईडी और सीबीआई ने पीएनबी धोखाधड़ी के मामले में उसे आरोपी बनाया है। वर्मा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट अगस्त 2018 में जारी हुआ था। सीबीआई ने जुलाई 2021 में एक और गैर-जमानती वारंट जारी किया था। इस साल अप्रैल में वर्मा ने सीबीआई के वारंट को रद कराने के लिए बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया था। वर्मा के वकीलों ने कहा था कि वह भारत लौटने पर विचार कर रहा है और सुरक्षा चाहता है। वह 18 जुलाई को अदालत में पेश होने के लिए तैयार है। उच्च न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार करते हुए जारी वारंट रद कर दिया था और जांच एजेंसियों को निर्देश दिया था कि वे वर्मा को दर्ज मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के समक्ष पेश करने के लिए कदम उठाएं।

# सीजेआई ने बाजार में तेजी के बीच सेबी सैट को दी सतर्क रहने की दी सलाह

### प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ बोले- सैट के अधिकारियों से नई पीठें खोलने पर करें विचार

मुंबई, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछाल के बीच सावधानी बरतने की गुरुवार को सलाह दी। उन्होंने अधिक न्यायाधिकरण पीठों की भी वकालत की ताकि इनकी स्थिर नींव सुनिश्चित की जा सके।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यहां नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का उद्घाटन करते हुए अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने पर विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि अधिक मात्रा में लेन-देन तथा नए



● प्रधान न्यायाधीश ने नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का किया उद्घाटन

नियमों के कारण कार्यभार बढ़ गया है। बीएसई के 80,000 अंक का आंकड़ा पार करने को उल्लास से भरा क्षण बताने वाली खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नियामक प्राधिकरणों के लिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती हैं कि जीत के बीच हर कोई अपना संतुलन व धैर्य बनाए रखे।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप शेयर बाजार में जितनी अधिक तेजी देखेंगे, मेरा मानना है कि सेबी तथा सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी। ये संस्थान सतर्कता बरतेंगे, सफलताओं का जश्न मनाएंगे लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इसकी नींव स्थिर रहे।

### अब तक 6,700 से अधिक अपीलों का हुआ है निपटारा

सीजेआई ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और सैट जैसे अपीलीय मंच के स्थिर तथा पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने के पीछे उनका अत्यधिक राष्ट्रीय महत्व हैं। सैट के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति पीएस दिनेश कुमार ने कहा कि सैट में 1,028 अपीलें लंबित हैं। 1997 में स्थापना के बाद से 6,700 से अधिक अपीलों का निपटारा किया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में समय पर कार्रवाई और त्रुटियों को सुधारना बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधान न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सैट की नई वेबसाइट भी पेश की। इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षेत्र में प्रगति के साथ न्याय तक पहुंच की अवधारणा पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## थ्रेड्स के दुनिया में 17.5 करोड़ उपयोगकर्ता, भारत सबसे सक्रिय : मेटा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने कहा है कि उसकी सोशल नेटवर्किंग सेवा थ्रेड्स के लिए भारत सबसे सक्रिय देशों में से एक है। थ्रेड्स के वैश्विक स्तर पर 17.5 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच का संचालन करने वाली मेटा से आई यह जानकारी इस लिहाज से अहम है कि ट्विटर (एक्स) के प्रतिद्वंद्वी के रूप में थ्रेड्स को पेश किए जाने के एक साल पूरे होने जा रहे हैं। मेटा ने कहा कि 17.5 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। भारत वैश्विक स्तर पर थ्रेड्स के लिए सबसे सक्रिय देश है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि थ्रेड्स को इस भरोसे के साथ पेश किया गया था कि हर किसी के पास कहने के लिए कुछ मूल्यवान है।

# धोखाधड़ी रोकने को संस्थागत व्यवस्था अनिवार्य : सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को धोखाधड़ी यानी बाजार के दुरुपयोग को रोकने और उसका पता लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए कहा है।

सेबी ने गुरुवार को परिपत्र में ब्रोकिंग कंपनियों के लिए कारोबारी गतिविधियों और आंतरिक नियंत्रण की निगरानी के लिए प्रणालियां लागू करने और व्हिसल-ब्लोअर नीति की शुरुआत को अनिवार्य कर दिया है। ये सभी प्रावधान सेबी (शेयर ब्रोकर) (संशोधन) विनियम, 2024 का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य बाजार की अखंडता और निवेशक सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना है। नियामक ने परिपत्र में कहा है कि



● दुरुपयोग रोकने और पता लगाने को तंत्र स्थापित करने को कहा

परिचालन के तौर-तरीकों एवं इसके कार्यान्वयन संबंधी मानकों को ब्रोकर उद्योग मानक मंच (आईएसएफ) सेबी के परामर्श से तैयार करेगा। मानकों का कार्यान्वयन शेयर ब्रोकर के आकार पर निर्भर करेगा। 50,000 से अधिक सक्रिय विशिष्ट ग्राहक कोड (यूसीसी) वाले ब्रोकर के लिए एक जनवरी, 2025 तक इसका अनुपालन करना जरूरी है। 2001 से लेकर 50,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकर को 1 अप्रैल, 2025 तक इसका अनुपालन करना होगा। वहीं 2000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकरों को 1 अप्रैल, 2026 तक इसका अनुपालन करना होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55500-55700 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 90,700 |

## जियो 25,331 करोड़ रुपये के एजीआर के साथ शीर्ष पर

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने मार्च 2024 तिमाही में सबसे अधिक एजीआर 25,330.97 करोड़ रुपये दर्ज किया है। ट्राई की रिपोर्ट में कहा गया कि भारती एयरटेल ने एजीआर में सबसे तेज वृद्धि देखी। रिलायंस जियो का एजीआर मार्च तिमाही में 10.21% बढ़ा, जो गत वर्ष 22,985 करोड़ रुपये था।

## जापान का निक्की 225 नए रिकॉर्ड स्तर 40,913.65 पर बंद

**तोक्यो।** जापानी सूचकांक निक्की 225 गुरुवार को 40,913.65 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। प्रौद्योगिकी और निर्यातोन्मुखी शेयरों की भारी खरीद से सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचकांक का सर्वकालिक उच्च स्तर दिन के कारोबार के दौरान 41,087.75 अंक था जो 22 मार्च को बना था। बंद होने का अभी तक का इसका रिकॉर्ड स्तर 40,888.43 अंक था। यह भी 22 मार्च को दर्ज हुआ था। यह बढ़त वॉल स्ट्रीट पर रात भर की तेजी के अनुरूप थी, जहां एसएंडपी 500 और नैस्डैक ने भी नए रिकॉर्ड बनाए।

# देश के 12 बंदरगाहों पर माल आवाजाही जून में 6.8% बढ़ी

मुंबई, एजेंसी

● 10 बंदरगाहों पर सकारात्मक वृद्धि तो दो पर गिरावट

देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों पर माल की आवाजाही जून में 6.8% बढ़कर 6.90 करोड़ टन हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 6.46 करोड़ टन थी। प्रमुख बंदरगाहों के शीर्ष निकाय भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) के आंकड़ों के मुताबिक, 10 बंदरगाहों पर माल की आवाजाही में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई जबकि दो पर गिरावट देखी गई।

जून में महाराष्ट्र स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर माल ढुलाई में सर्वाधिक 15.12% की वृद्धि हुई। कोचीन बंदरगाह (15.12%), कामराजर (10.70%), दीनदयाल बंदरगाह (8.57%) और न्यू मैंगलोर बंदरगाह (8.53%) का स्थान रहा। देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों में दीनदयाल (कांडला), मुंबई, मुरगांव, न्यू मैंगलूर, कोचीन, चेन्नई, एन्नोर (कामराजार), तूतीकोरिन (वी ओ चिदंबरनार), विशाखापत्तनम, पारादीप और कोलकाता (हल्दिया सहित) और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह शामिल हैं।

# स्टेट बैंक ने की 11 नई पहलों की शुरूआत

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 69वें स्थापना दिवस पर 11 नई पहल के साथ बैंकिंग अनुभव को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई है।

बैंक ने इस मौके पर बेहतर डिजिटल बैंकिंग अनुभव के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की है जिसमें आसान डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई टैप-एंड-पे की शुरुआत, सूर्य घर लोन, छोटे व्यवसायों के लिए योनो बिजनेस और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग तक पहुंच की सुविधा, ग्राहकों को ऋण प्रस्तावों पर स्वचालित सूचना

● बैंक ने डिजिटल बैंकिंग के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की

की शुरुआत, 35 नए एग्रीकल्चर सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटरों का शुभारंभ, ई-डीएफएस के लिए बीआरई का शुभारंभ, आरोग्य एडवांस्ड प्लान लॉन्च, पटियाला में ग्लोबल एनआरआई सेंटर की शुरुआत, उच्च न्यायालय शाखाओं का नया रूप, उत्तर और दक्षिण में दो आउटबाउंड संपर्क केंद्रों का शुभारंभ, एसएमईसीसी मॉडल अब नए रूप में शामिल है।

भारतीय स्टेट बैंक बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप पर टैप-एंड-पे और योनो ऐप पर म्यूचुअल फ़ंड के बदले एंड-टू-एंड डिजिटल लोन जैसी दो रोमांचक सुविधाओं की शुरुआत करके डिजिटल भुगतान के अनुभव को बदल रहा है। नियर फ़ील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) तकनीक का लाभ उठाते हुए, बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप का टैप-एंड-पे तेज़ और सहज डिजिटल भुगतान के एक नए युग का प्रतीक है। 500 रुपये से कम के लेन-देन में पिन-लेस अनुभव के लिए यूपीआई लाइट का लाभ उठाया जाता है, जबकि इससे ज्यादा के लेन-देन में सुरक्षित भुगतान के लिए यूपीआई पिन की ज़रूरत होगी।



## एक नजर

### पीएफआई नेता की जमानत पर एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने यूएपीए के तहत गिरफ्तार पीएफआई नेता ओएमए सलाम की अंतरिम जमानत याचिका पर गुरुवार को एनआईए का रुख जानने के लिए नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने सलाम को राहत नहीं देने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ की गई अपील पर जांच एजेंसी से जवाब मांगा। पीठ ने एनआईए से दो सप्ताह में जवाब देने को कहा। याचिकाकर्ता के वकील ने इस आधार पर दो सप्ताह की अंतरिम जमानत की मांग की कि सलाम की बेटी की अप्रैल में मृत्यु हो गई थी और उनकी पत्नी अवसाद में हैं। अदालत ने सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तारीख तय की। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सलाम को एनआईए ने 2022 में गिरफ्तार किया था।

### अबू सलेम को तलोजा से भेजा गया नासिक जेल

**ठाणे।** 1993 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को गुरुवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच नासिक की केंद्रीय जेल में स्थानांतरित किया गया है। अधिकारी ने बताया कि सलेम को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तलोजा जेल से निकालाकर वहां शिफ्ट किया गया। 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किए सलेम को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले में 2017 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत से कहा था कि उसे नासिक केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित करने की जरूरत है, क्योंकि तलोजा जेल में उच्च सुरक्षा वाली कोठरी जर्जर हालत है जिसकी मरम्मत की आवश्यकता है।

### शिक्षा मंत्री के बयान पर हंगामा, विस दो बार स्थगित

**जयपुर।** राजस्थान के कोटा में प्रदर्शन के लिए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज होने एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विवादित बयान को लेकर गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। शिक्षा मंत्री ने सदन में कहा कि आदिवासी समाज के बारे में कोई नकारात्मक चर्चा करने का भाव उनके मन में कभी नहीं रहा। विपक्ष चाहता था कि मंत्री इस मुद्दे पर माफी मांगे। भोजनावकाश के बाद विधानसभा की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो अध्यक्ष ने इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को बोलने दिया। जूली ने मंत्री के बयान के बाद मुख्यमंत्री का बयान इस पक्ष में नहीं आया कि मंत्री ने गलत शब्द कहे हैं।

# कॉलेजियम की सिफारिश रद करने के कारण नहीं किए जा सकते सार्वजनिक : हाईकोर्ट

### संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को करेगा बाधित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम की ओर से उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि इसके कारणों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करेगा।

उच्च न्यायालय ने उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के विस्तृत कारण बताने के लिए उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को निर्देश देने संबंधी याचिका



● उच्चतम न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय ने की खारिज

खारिज कर दी गई थी। उसने कहा कि उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में किसी न्यायाधीश की नियुक्ति एक एकीकृत, परामर्शात्मक और गैर-प्रतिकूल प्रक्रिया है जिसे नामित संवैधानिक पदाधिकारियों के साथ परामर्श की जरूरत या प्रधान न्यायाधीश की सिफारिश के बिना नियुक्ति या हस्तांतरण के मामले में पात्रता की किसी शर्त की कमी के अलावा कानून की अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि इसके अलावा, अस्वीकृति के कारणों का प्रकाशन उन लोगों के हितों और प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक होगा जिनके नामों की सिफारिश उच्च न्यायालयों द्वारा की गई है, क्योंकि (शीर्ष अदालत का) कॉलेजियम उस जानकारी के आधार पर विचार-विमर्श और निर्णय लेता है जो विचाराधीन व्यक्ति के लिए निजी है। यदि ऐसी जानकारी सार्वजनिक की जाती है, तो इसका असर नियुक्ति प्रक्रिया पर पड़ेगा।

# परिवार से मिल सकेंगे अमृतपाल दिल्ली से जाने की अनुमति नहीं

चंडीगढ़/अमृतसर, एजेंसी

जेल में बंद कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए पैरोल पर दिल्ली लाया जा रहा है। उन्हें परिवार से मिलने की अनुमति होगी, लेकिन दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट के जारी पैरोल आदेश में तय शर्तों के अनुसार, दिल्ली में रहने के दौरान सिंह और उनके रिश्तेदार- परिजन मीडिया में बयान नहीं दे सकते हैं। उन्हें पिछले साल 23 अप्रैल को अमृतसर से गिरफ्तार किया गया था। असम के डिब्रूगढ़ जिले से पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट जीतने वाले खालिस्तान समर्थक सिंह शुक्रवार को शपथ लेने वाले हैं। सूत्रों



● अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट ने तय शर्तों पर जारी किया पेरोल

ने बुधवार को बताया था कि सिंह को शपथ के लिए विमान से दिल्ली लाया जाएगा और उनकी चार दिन की पैरोल अवधि 5 जुलाई से शुरू होगी। पैरोल में 10 शर्तों का उल्लेख है, जिसमें कहा गया है कि अस्थायी रिहाई की अवधि में डिब्रूगढ़ केंद्रीय जेल से दिल्ली तक जाने और वापस आने में लगने वाला समय शामिल होगा। वह अस्थायी रिहाई के दौरान दिल्ली के अलावा किसी अन्य क्षेत्र में प्रवेश नहीं करेंगे। सिंह या उनके रिश्तेदार को अमृतपाल के बयान की वीडियोग्राफी करने या प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## विस अध्यक्ष बोले- सब कुछ राज्यपाल के हाथ में नहीं

**कोलकाता।** टीएमसी के नवनिर्वाचित दो विधायकों के शपथ ग्रहण को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया।

उन्होंने कहा कि सदन का कामकाज पूरी तरह से राज्यपाल पर निर्भर नहीं है। बनर्जी ने कहा कि शुक्रवार दोपहर को कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होगी, जिसमें सत्र की अवधि पर फैसला किया जाएगा। विशेष सत्र शुक्रवार अपराह्न दो बजे से शुरू होगा। अगर कोई सोचता है कि हम असहाय हैं, तो वह (पुरुष/महिला) गलत है। विधानसभा असहाय नहीं है और सब कुछ राज्यपाल के हाथ में नहीं है। आप हम पर अपनी बात थोप नहीं सकते। नियम, कानून और संवैधानिक मानदंड है। हम सभी को उनका पालन करना होगा। तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने बृहस्पतिवार को छठे दिन भी पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में धरना दिया। राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने उन्हें राजभवन में शपथ के लिए आमंत्रित किया था। बारानगर विधायक सायंतिका बंद्योपाध्याय और भागबंगोला विधायक रयात हुसैन सरकार ने 27 जून को धरना शुरू किया जो चार जुलाई को भी जारी रहा।

## एनसीईआरटी परीक्षा पे चर्चा को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में कर रही है काम

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी प्रधानमंत्री मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में काम कर रही है। उनके भाषणों को पेश करने के लिए पोर्टल को विकसित करने के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है जहां छात्र प्रधानमंत्री के साथ इनट्रैक्टिव 2डी/3डी तरीके से सेल्फी भी ले पाएंगे। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब प्रतियोगी परीक्षाएं कथित अनियमितताओं को लेकर विवादों में हैं और विपक्ष देश में परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए मांग की है कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के मुद्दे को लेकर भी परीक्षा पे चर्चा करें। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने परीक्षा पे चर्चा के लिए वर्चुअली एग्ज़ीबिशन विकसित करने के वास्ते कंपनी की पहचान करने के लिए इस हफ्ते अभिरूचि पत्र (ईओएल) जारी किया है। योजना है कि एक ऐसा डिजिटल मंच विकसित किया जाए जो इनट्रैक्टिव 2डी/3डी से लैस हो तथा उसके माध्यम से छात्र जुड़ सकें और संवाद कर सकें।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाए केंद्र : कोर्ट

चेन्नई, एजेंसी

मद्रास हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री से संबंधित नीति को दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 4 मार्च 2024 को दिये गए आदेश के अनुरूप जल्द से जल्द अंतिम रूप देने और उसे अधिसूचित करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी कुमारप्पन की खंडपीठ ने एम/एस. प्रैक्टो टेक्नोलॉजीज

● मद्रास ने दिल्ली हाईकोर्ट के दिये आदेश के अनुरूप उसे अधिसूचित करने का दिया निर्देश

प्राइवेट लिमिटेड और सात अन्य द्वारा दायर अपीलों का निपटारा करते हुए अपने हालिया आदेश में यह निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं ने दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने वाले एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2018 के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि जब तक केंद्र द्वारा नीति तैयार नहीं कर ली जाती या दिल्ली उच्च न्यायालय मामले का अंतिम निपटारा नहीं कर देता तब तक आज तक जारी यथास्थिति बरकरार रहेगी। इस शर्त के अधीन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त दवा विक्रेताओं के माध्यम से ही की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।

# 5 हजार शिक्षकों के तबादले पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने स्कूलों में दस साल से ज्यादा समय से पढ़ा रहे 5000 शिक्षकों के तबादले के आदेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

आतिशी ने गुरुवार को कहा कि इस आदेश को ख़ारिज करने के एक जुलाई को दिल्ली के शिक्षा सचिव और शिक्षा विभाग के निदेशक को निर्देश दिए।इन्ही शिक्षकों की मेहनत



● आतिशी ने मुख्य सचिव को तबादले वापस लेने के दिए निर्देश

से दिल्ली सरकार के स्कूलों के बच्चे आईआईटी में जा रहे है। जेईई-नीट पास कर रहे है। इन्हीं के कारण दिल्ली के स्कूलों के नतीजे प्राइवेट से बेहतर आ रहे है। शिक्षा नीति कहती है कि शिक्षकों के लिए बड़े स्तर पर तबादले की प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

● राजभवन की महिला कर्मचारी ने राज्यपाल बोस के खिलाफ दाखिल की याचिका

प. बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह उपचारविहीन हो गई है।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह प. बंगाल पुलिस को निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 361 (2) में कहा गया है कि राष्ट्रपति या कि राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही न तो शुरू की जा सकती या जारी नहीं रखी जा सकती है। याचिका में उक्त प्रावधान का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि ऐसी शक्तियों को पूर्ण नहीं समझा जा सकता, जिससे राज्यपाल को ऐसे कार्य करने का अधिकार मिल जाए जो अवैध हों या जो संविधान के भाग तीन की बुनियाद पर प्रहार करते हैं। याचिकाकर्ता ने शिकायतों को उजागर करते हुए राजभवन को शिकायत भी लिखी थी, लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता से अपमानित किया गया। उसे राजनीतिक हथियार बताया गया, जबकि उसके आत्मसम्मान की सुरक्षा नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि संवैधानिक छूट की आड़ में राज्यपाल को अनुचित कार्य करने और लैंगिक हिंसा करने की अनुमति नहीं है, जबकि देश के हर दूसरे नागरिक को ऐसा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

# अग्निपथ योजना : कांग्रेस बोली- श्वेत पत्र लाए सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर के संदर्भ में दिए बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से इसका प्रतिवाद किए जाने के बाद पैदा विवाद के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना को लेकर श्वेत पत्र लाना चाहिए ताकि देश को वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस इस योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेगी। चौधरी ने कहा कि संसद में रक्षा मंत्री ने देश के सामने आधी-अधूरी

● राहुल गांधी के बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जवाब के बाद पैदा हुआ विवाद

जानकारी रखी, जिससे एक संशय का माहौल बन गया। विपक्ष के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सेना और अग्निवीरों के साथ जो भेदभाव हो रहा है, उन मुद्दों को उठाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि सैनिकों, सेना और शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह सिर्फ शहीद अग्निवीर अजय सिंह का नहीं, बल्कि शहीद हुए 13 अग्निवीरों, सेना में सेवारत अग्निवीरों, ट्रेनिंग ले रहे अग्निवीरों और देश की सुरक्षा का मामला है। सरकार को अग्निपथ योजना, अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच भेदभाव, शहीदों के परिवरों को मिलने वाली सहायता राशि पर श्वेत पत्र पर लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के परिवार को सरकार से सिर्फ 48 लाख रुपये मिले, जबकि उन्हें पंजाब सरकार से एक करोड़ रुपये और एक निजी बैंक में खाते के चलते 50 लाख रुपये की राशि मिली।

सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। सेना ने कहा कि परिवार को देय राशि में से 98.39 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

### मोदी के ढाई घंटे में महंगाई का जिक्र नहीं : ख़रगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि वह संसद में ढाई घंटे तक भाषण देते रहे लेकिन मुद्रास्फीति का जिक्र नहीं किया गया जबकि महंगाई ने लागों की कमर तोड़ दी है। खरगे ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम लोगों के बस से बाहर हो गए हैं लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है और मोदी सिर्फ भाषण दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, मोदी जी, आप ढाई-ढाई घंटे के भाषण देते हैं, पर महंगाई के मुद्दे के बारे में ढाई शब्द नहीं बोल पाते।

# विश्वविजेता टीम के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

- सुबह दिल्ली पहुंची टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात
- मुंबई रोड शो में स्वागत को पहुंचे लाखों लोग, सड़कें जाम




नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों की वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे जो दर्शा रहे थे कि क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल क्यों है। थके हुए खिलाड़ी भी हवाई अड्डे से होटल पहुंचने के बाद मस्ती में शामिल हुए और पार्टी का माहौल पूरा किया।

कुछ देर बाद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास के लिए रवाना हो गए। होटल लौटने से पहले भारतीय दल ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर करीब दो घंटे बिताए। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में खिलाड़ियों को मोदी के साथ हल्की-फुल्की बातचीत करते देखा जा सकता है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री को नमो वन की जर्सी भेंट की।

कोहली ने इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। हमें प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित करने के लिए आपका धन्यवाद। शनिवार को भारत ने अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता और आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म किया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत ने इसके पहले विश्व कप खिताब 1983 (एकदिवसीय), 2007 (टी20) और 2011 (एकदिवसीय) में जीते थे।







## तिरंगे और ट्रॉफी साथ निकली विजय यात्रा, टीम इंडिया को दी 125 करोड़ की भेंट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के बाद मुम्बई में लाखों की संख्या में प्रशंसकों की भारी भीड़ के बीच खिलाड़ियों ने विजय रथ (ओपन रूफ बस में) सवार होकर तिरंगे लहराते और ट्रॉफी के साथ नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक विजय यात्रा निकाली। टी-20 विश्वकप विजेता टीम को देखने का जुनून प्रशंसकों पर इतना था कि बारिश के बावजूद सड़क के बीच और दोनों किनारों पर छाते और तिरंगा लहराते देखे गए। बीसीसीआई और भारतीय टीम ने प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। खचाखच भरे वानखेड़े स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में टी-20 विश्वकप विजेता टीम को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि ये ट्रॉफी पूरे देश को समर्पित है तो वहीं टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि ये भारतीय टीम के कड़ी मेहनत का फल है। भारतीय खिलाड़ियों ने बीसीसीआई द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद ग्राउंड का चक्कर लगाकर प्रशंसकों का अभिवादन किया। इस दौरान रोहित और अन्य खिलाड़ी टेनिस बॉल देते हुए नजर आए। खिलाड़ियों ने टी-शर्ट भी बांटी। बीसीसीआई की ओर से टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपये सम्मान राशि भेंट की गई। इस बीच राहुल द्रविड़ ने कहा मैं इस प्यार को मिस करूंगा। आज रात मैंने सड़कों पर जो देखा, मैं उसे कभी नहीं भूलूंगा।








# भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी दूसरे दौर में

लंदन, एजेंसी

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने गुरुवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि ओलंपिक दल के सदस्य एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी विम्बलडन चैम्पियनशिप से बाहर हो गई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक और एलेक्जैंडर श्वेचेंको की जोड़ी को 58 मिनट में 6-4 6-4 से पराजित किया।

बालाजी और जॉनसन को पहले दौर में सर्बिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो की चौथी वरीय जोड़ी से 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। वहीं, विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में डेनिल मेदवेदेव मुकाबला जीतकर अगले दौर में पहुंच गए और नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। दूसरी तरफ पुरुष एकल में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की।




### जोकोविच जीते, पेगुला बनी उलटफेर का शिकार

लंदन। ऑल इंग्लैंड क्लब में सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को गुरुवार को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जीत दर्ज करने के लिए पसीना बहाना पड़ा जबकि महिला वर्ग में पांचवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। जोकोविच ने सेंटर कोर्ट पर खेले गए मैच में स्कॉटलैंड के 22 वर्षीय खिलाड़ी जैकब फर्नले को चार सेट में 6-3, 6-4, 5-7, 7-5 से हराया। पेगुला हारने वाली सर्वोच्च वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी बन गईं। इस अमेरिकी खिलाड़ी को वांग ज़िन्यू ने हराया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली ब्रिटेन की युरिको लिली मियाजाकी के सामने डारिया कसाटकिना ने यह मैच आसानी से जीता। कसाटकिना का अगला मुकाबला पाउला बडोसा से होगा, जिन्होंने ब्रेंडा फ्रूहविर्टोवा को हराया। अमेरिका की मैडिसन कीज ने वांग याफ़ान पर 6-2, 6-2 से जीत दर्ज करके तीसरे दौर में प्रवेश किया।

# टी-20 में तैयारी पुख्ता करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 शृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय शृंखला है।

इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय शृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

## खेल डायरी

### डोप जांच में विफल रही दीपांशी, नाडा ने किया निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50 .92 सेकेंड) के बाद 52 .01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में एनाबोलिक स्टेरायड मिला है। ये नमूने 27 जून को हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में लि गए। राष्ट्रीय अंतर्राज्यीय चैंपियनशिप 27 से 30 जून में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था।

### त्वेसा संयुक्त 24वें और दीक्षा 46वें स्थान पर

**लंदन।** भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक संधू यहां अरामको टीम सीरीज लंदन के पहले दौर में इवन पार 73 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं। उनकी साथी भारतीय दीक्षा डागर दो ओवर 75 के कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि प्रणवी उर्स ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे उनके कट में प्रवेश की संभावना नहीं है। दीक्षा अगले हफ्ते मेजर एवियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, उन्होंने तीन बर्डी लगायीं जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी की।

### अमेरिका महिला क्रिकेट टीम के कोच बने मोरिंग

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हिल्टन मोरिंग को अमेरिका की राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम का कोच नियुक्त किया गया। अमेरिका की क्रिकेट संस्था ने यह घोषणा की। मोरिंग वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपाल की जगह लेंगे और इस साल बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम को तैयार करेंगे। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के कोच रह चुके 46 वर्षीय मोरिंग ने कहा कि वह अमेरिका में क्रिकेट के विकास में योगदान करना चाहते हैं।

### शतरंज : गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4 .5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3 .5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है।

### बिलियड्‍र्स चैंपियनशिपः आडवाणी ने पारिख को हराया

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियड्‍र्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई। आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे।

# ओलंपिक में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- **1 से 11 अगस्त तक आयोजित होंगी ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं, 11 महिलाएं, 17 पुरुष शामिल**

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे। तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं 1 अगस्त से 11 अगस्त तक होगी।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में पुरुष : अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज़), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)। **महिला :** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज़ और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।



# देश का गौरव बढ़ाएंगे खिलाड़ी : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विश्वास जताया कि ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी देश को गौरवान्वित करेंगे और 140 करोड़ लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। भारत पेरिस ओलंपिक के लिए लगभग 120 खिलाड़ियों का दल भेज रहा है और उसे उम्मीद है कि इस बार वे तोक्यो ओलंपिक से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। भारत ने तोक्यो ओलंपिक में सात पदक जीते थे जिनमें नीरज चोपड़ा का भाला फेंक में जीता गया स्वर्ण पदक भी शामिल है।

प्रधानमंत्री ने ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के एक बड़े दल से मिलने के बाद एक्स पर पोस्ट किया ओलंपिक के लिए पेरिस जा रहे हमारे दल से बातचीत की। मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और भारत को गौरवान्वित करेंगे। उनकी जीवन यात्रा और सफलता 140 करोड़ भारतीयों की उम्मीद बंधाती है। भारतीय खिलाड़ियों के दल के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी थीं। मोदी ने नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निकहत जरीन और ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु से वर्चुअल बातचीत भी की।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## एक नजर

### नसबंदी का शिकार लोगों को मुआवजा देने का आदेश

**तोक्यो।** जापान के उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में बुधवार को सरकार को उन पीड़ितों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया जिनकी अब निरस्त किए जा चुके यूजेनिक्स प्रोटेक्शन लॉ के तहत जबरन नसबंदी की गयी थी। यह कानून शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के संतान न पैदा करने के लिए बनाया गया था। ऐसा अनुमान है कि पैदा होने वाली संतानों में किसी प्रकार की शारीरिक कमी को रोकने के लिए 1950 से 1970 के बीच इस कानून के तहत बिना सहमति के करीब 25,000 लोगों की नसबंदी की गयी थी।

### भारत की यात्रा के बाद चीन जाएंगी हसीना

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अगले सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग का दौरा करेंगी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगी, जिससे आपसी राजनीतिक विश्वास बढ़ेगा और द्विपक्षीय संबंध एक नए स्तर पर पहुंचेंगे। हसीना 8 से 10 जुलाई तक चीन की यात्रा पर रहेंगी।

### जापानी शख्स को जेल के साथ बेंत से मारने की सज़ा

**कुआलांलपुर।** सिंगापुर में नशे में धुत छात्रा पर क्रूर हमला करने और बलात्कार के जुर्म में एक जापानी हेयर स्टाइलिस्ट को 17 .5 साल की जेल और 20 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। उसके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील एड्रियन वी ने बताया कि 39 वर्षीय किता इक्को ने बलात्कार और अश्लील फिल्म बनाने के आरोप को सोमवार को स्वीकार कर लिया था।

### ईरानी मूल के नॉर्वे के नागरिक को 30 साल कैद

**कोपनहेगन।** नॉर्वे के ओस्लो में 2022 में एलजीबीटीक्यू प्लस उत्सव पर हमला करने के जुर्म में ईरानी मूल के नॉर्वे के नागरिक को गुरुवार को आतंकवाद का दोषी ठहराया गया और उसे 30 साल कैद की सजा सुनाई गई। समलैंगिक बार लंदन पब के बाहर और दो अन्य स्थानों पर 25 जून 2022 को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी।

# बारिश के मौसम में सांपों से रहें सावधान

बारिश का मौसम शुरू होते ही सांपों का खतरा बढ़ जाता है। देशभर में कई जगह से सर्पदंश से होने वाली मौत की खबरें आती रहती हैं। दुनियाभर में सांपों की अनगिनत प्रजातियां पाई जाती हैं। अगर भारत की बात करें तो देश में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां पाई जाती हैं। इन प्रजातियों में से करीब 50 प्रजातियां बेहद ही जहरीली होती हैं। भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में से केवल 15 से 17 प्रतिशत ही विषैले होते हैं, जिनमें समुद्री सांप भी शामिल हैं। भारत में 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस मनाया जाएगा। इसी के मद्देनजर सांपों के हमले से बचाव और प्रजातियों पर एक नजर डालते हैं।

### देश में पाए जाने वाले सांप

भारत में अजगरों की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं – भारतीय रॉक अजगर, बर्मीज अजगर और जालीदार अजगर। जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी सांप प्रजाति माना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है। कॉमन करैत, रसेल वाइपर, सॉ स्केल्ड वाइपर, चश्माधारी कोबरा, पिट वाइपर, बैंडेड करैंत, बैम्बू पिट वाइपर और अंडमान पिट वाइपर।



### सबसे ज्यादा प्रजातियों वाला राज्य

दुनियाभर में सबसे ज्यादा सांपों की प्रजातियां ब्राजील के अमेजन के जंगलों में पाई जाती हैं। इनमें से एनाकोंडा सबसे प्रमुख है। वहीं भारत का केरल एक ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा प्रजाति के सांप मिलते हैं। लेकिन लक्षद्वीप एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जहां पर एक भी सांप नहीं पाया जाता है। वहीं मध्य प्रदेश में सांपों की 36 प्रजातियां पाई जाती हैं।

### सांप काटने के लक्षण

जहरीले सांप के काटने से शरीर में काटने वाली जगह पर दर्द और सूजन, ऐंठन, मतली, उल्टी, अकड़न या कपकपी, एलर्जी, पलकों का गिरना, घाव के चारों ओर सूजन, जलन, लाल होना, त्वचा के रंग में बदलाव, दस्त, बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, जी मिचलाना, मांसपेशियों की कमजोरी, प्यास लगना, लो बीपी, घाव से खून बहना, बहुत पसीना आना और अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना शामिल है।

### सांप के काटने पर क्या करें

सांप काटने पर तुरंत इलाज के लिए मरीज को अस्पताल ले जाएं। जिस जगह सांप ने काटा है, उस स्थान को बिल्कुल न हिलाएं। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। खून रोकने के लिए बीटाडीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखें और जितना संभव हो व्यक्ति को स्थिर रखें। घाव को ढीली और साफ पट्टी से कवर करें।

### भारत में सबसे जहरीली प्रजाति

भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में सबसे जहरीला सांप रसैल वाइपर है। इसके काटने से कुछ ही घंटों में इंसान की मौत हो जाती है। जानकार बताते हैं कि रसैल वाइपर के काटने से इंसान के शरीर के खून में थक्के जमने लगते हैं और कुछ ही देर में इंसान काल के गाल में समा जाता है।

ये रखें सावधानी

- जूते, टंगे कपड़ों आदि को झाड़कर ही पहनें।
- घर के कॉर्नर आदि को साफ सुथरा रखें।
- नीचे रखे बैग, पुराने सामान को चेक करते रहें।
- आंगन से अनावश्यक घास, पेड़-पौधों को हटवा दें।
- घास आदि में चलते समय जूते जरूर पहनें।

### ऐसे रखें सांपों को दूर

- लेमनग्रास, गेंदा का फूल, स्नैक प्लांट, तुलसी, कैक्टस आदि पौधे घर के आसपास लगाएं।
- घर में फिनाइल का छिड़काव कर दें। इसकी जगह पर आप विनेगर या मिट्टी का तेल भी स्प्रे कर सकते हैं।
- सांप निकलने पर आप लौंग और दालचीनी के तेल को मिक्स करके उस पर स्प्रे कर सकते हैं।

# आतंकवाद को पनाह देने वाले हों बेनकाब

## एससीओ के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में जयशंकर ने पढ़ा प्रधानमंत्री मोदी का संदेश

**अस्ताना, एजेंसी**

भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पढ़ते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। जयशंकर ने सम्मेलन में कहा हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं।

चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध दिया है। उन्होंने कहा सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा।



सम्मेलन में बात रखते जयशंकर।



चीन व रूस के राष्ट्रपति समेत उपस्थित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष। • एजेंसी

### 2025 में सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा चीन

**अस्ताना।** एससीओ की अगली बैठक 2025 में चीन में होगी और चीन एससीओ की अध्यक्षता भी करेगा। एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के अस्ताना घोषणापत्र में कहा गया आगामी समय के लिए एससीओ की अध्यक्षता चीन को सौंपी जा रही है।

### जलवायु परिवर्तन चिंतनीय, भारत उठा रहा कदम

**अस्ताना।** जयशंकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने एक प्रमुख चिंता का विषय है और भारत उत्सर्जन में संकल्पित कमी लाने तथा जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण करने की दिशा में काम कर रहा है। जिसमें वैकल्पिक ईंधन की ओर बदलाव, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना और जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण शामिल है। भारत की एससीओ अध्यक्षता के दौरान परिवहन क्षेत्र में कार्बन से मुक्ति पर एक संकल्पना पत्र को मंजूरी दी गई थी। सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा था कि भारत पहले ही 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य की घोषणा कर चुका है।

### एससीओ की सुरक्षा बनाए रखना मुख्य कार्य : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। पुतिन ने बैठक में कहा, बेशक, बाहरी सीमाओं के दायरे के साथ राज्य प्रतिभागियों की सुरक्षा का रखरखाव एससीओ की प्राथमिकताओं में से एक रहा है और रहेगा। एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना को एक सार्वभौमिक केंद्र में बदलने पर आज लिए गए निर्णय सुरक्षा खतरों की पूरी श्रृंखला को जवाब देने में सक्षम है।

### जयशंकर ने चीनी समकक्ष से कहा- एलएसी का हो सम्मान

**अस्ताना।** भारत तथा चीन गुरुवार को पूर्वी लद्दाख में शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के प्रयास बढ़ाए जाने पर सहमत हुए। जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी से कहा कि एलएसी का सम्मान करने के साथ ही सीमा पर शांति सुनिश्चित करना आवश्यक है। सीमा क्षेत्रों में शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान पर चर्चा की। कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से प्रयासों को दोगुना करने पर सहमति बनी। विदेश मंत्रालय ने कहा दोनों मंत्रियों ने दोनों पक्षों के राजनयिक और सैन्य अधिकारियों के बीच बैठकें जारी रखने तथा इन्हें बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।

### चाबहार बंदरगाह एयरपोर्ट महत्वपूर्ण

**अस्ताना।** सम्मेलन में चाबहार बंदरगाह एयरपोर्ट को लेकर जयशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण पढ़ा। जिसमें कहा गया कि भारत और ईरान के बीच दीर्घकालिक समझौते के माध्यम से हाल में चाबहार बंदरगाह पर हुई प्रगति न केवल भूमि से घिरे मध्य एशियाई राज्यों के लिए मूल्यवान है, बल्कि भारत और यूरेशिया के बीच वाणिज्य को भी जोखिम मुक्त करता है। भाषण के अनुसार वर्तमान वैश्विक बहस नए संपर्क मार्गों को बनाने पर केंद्रित है जो एक पुनर्संतुलित दुनिया के लिए बेहतर होगा। कहा यदि इसे तेज गति प्राप्त करनी है, तो कई देशों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है।

# ऋषि सुनक का चुनावी भविष्य मतपेटी में कैद

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन में गुरुवार को आम चुनाव के लिए वोट डाले गए, जिसमें प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी कीर स्टार्मर सहित लाखों लोगों ने मतदान किया। सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति उत्तरी इंग्लैंड के यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय मतदान केंद्र पर पहुंचे।

थोड़ी देर बाद स्टार्मर और उनकी पत्नी विक्टोरिया लाल रंग की पोशाक पहने उत्तरी लंदन के कैमडेन में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक (44) के राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। सुनक का मुख्य मुकाबला लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर से है। सुनक ने मतदाताओं से कर बढ़ाने वाली लेबर पार्टी को बहुमत नहीं देने का आग्रह किया है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े किए गए हैं।

दो मुख्य दलों के अलावा, लिबरल डेमोक्रेट्स, ग्रीन पार्टी, स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी), एसडीएलपी, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी), सिन फिएन, प्लेड सायमरू, रिफॉर्म पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। कई निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

### ब्रिटेन में डाले गए वोट



पत्नी के साथ वोट डालने जाते सुनक।

- इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े

### 40,000 मतदान केंद्र, चार करोड़ 60 लाख मतदाता

देश भर में बनाए गए करीब 40,000 मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुल गए जिनमें लगभग चार करोड़ 60 लाख मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। इस बार मतदान केंद्र पर पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है। मतदान स्थानीय समयानुसार रात दस बजे समाप्त होंगे जिसके पश्चात चुनाव बाद के सर्वेक्षण आने प्रारंभ हो जाएंगे जिनसे इस बात की झलक मिलेगी कि देश में राजनीतिक परिदृश्य कैसा रहने वाला है। सुनक ने बुधवार को लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा यही बात हमें एकजुट करती है।

### ताज का दीदार



28 देशों की 110 सुंदरियों ने गुरुवार को आगरा में ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने उसकी सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। • एजेंसी

# हिज्बुल्ला ने इजराइल पर दागे 200 रॉकेट

**बेरूत, एजेंसी**

अपने एक वरिष्ठ कमांडर की हत्या के प्रतिशोध में चरमपंथी संगठन हिज्बुल्ला ने इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर 200 से अधिक रॉकेट दागे हैं। संगठन की तरफ से यह जानकारी दी गई। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह द्वारा गुरुवार को किया गया हमला लेबनान-इजराइल सीमा पर महीनों से चल रहे संघर्ष में सबसे बड़ा हमला था।

हाल के हफ्तों में इस इलाके में तनाव बढ़ गया था। इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से कई प्रक्षेपास्त्र उसके क्षेत्र में दागे गये थे, जिनमें से कई को बीच में ही नष्ट कर दिया गया। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। कब्जे वाली सीरियाई गोलन पहाड़ियों की ओर राकेट के अलावा 20 से अधिक ड्रोन दागे गए, लेकिन उसने उनमें से कुछ को हवा में ही नष्ट कर दिया। हिजबुल्लाह के हमले के बाद इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के कई शहरों पर हमला किया। इजरायली सेना ने कहा कि उसने दक्षिणी सीमावर्ती शहरों रामयेह और हौला में हिजबुल्लाह के सैन्य ढांचों पर हमला किया। हौला में इजराइली ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

### वरिष्ठ कमांडर की हत्या से बौखलाया हिज्बुल्ला



### युद्ध विराम के लिए कतर, मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श

**गाजा।** फिलीस्तीन स्थित इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने गाजा पट्टी में इजरायली युद्ध को समाप्त करने के लिए कतर और मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श किया है। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने बुधवार को कहा हमने अपने फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ आक्रामकता को रोकने के लिए मध्यस्थ भाइयों के साथ कुछ विचारों का आदान-प्रदान किया। नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि इजरायल को मध्यस्थों से हमास का जवाब मिला है।

# निर्णायक चुनाव से पहले फ्रांस की प्रवक्ता पर हमला

**पेरिस।** संसदीय चुनाव से कुछ ही दिन पहले, फ्रांसीसी सरकार की प्रवक्ता प्रिस्का थेवेनोट पर प्रचार के दौरान हमला होने की खबर है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व वाले मध्यमार्गी गठबंधन एनसेंबल की उम्मीदवार थेवेनोट, उनकी सहायक और एक पार्टी कार्यकर्ता 7 जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले बुधवार रात पेरिस के पास पोस्टर लगा रहे थे, तभी एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। मीडिया की खबरों में बताया गया कि थेवेनोट घायल नहीं हुई हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में मचायी धूम

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में धूम मचा दी। देश में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले और प्रतिभाशाली संगीत जोड़ियों में से एक के रूप में मशहूर सचिन-जिगर के दुनिया भर में बहुत ज्यादा फैंस हैं। भेड़िया के अपना बना ले, जरा हटके जरा बचके के फिर और क्या चाहिए और तेरे वास्ते जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट गानों के लिए मशहूर इस जोड़ी ने हाल ही में हॉरर कॉमेडी फ़िल्म 'मुंज्या' के अपने नए एल्बम से लोगों का दिल जीत लिया। इस जोड़ी ने सिडनी में एक दमदार परफॉरमेंस के साथ अपने पहले बहुप्रतीक्षित ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत करके अपने हिट ट्रैक पर अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### अनुष्का शर्मा ने ननद की पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा ने अपनी ननद के पोस्ट पर कॉमेंट किया है जो उन्होंने अपने भाई यानी विराट कोहली के लिए उनकी जीत को सेलिब्रेट करने के लिए किया है। दरअसल विराट कोहली गुरुवार सुबह बारबाडोस से घर वापस लौटे हैं और दिल्ली में आईटीसी मौर्य होटल में ठहरे हैं। उनसे मिलने के लिए कोहली की बड़ी बहन भावना कोहली ढींगरा अपने हसबैंड और बच्चों के साथ होटल पहुंचीं और इस मुलाकात की कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कीं। भावना ने इस मौके की कई तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें क्रिकेटर अपने परिवार और भतीजे-भतीजी के साथ पोज देते दिख रहे हैं।



### वाणी कपूर के साथ काम करेंगे फवाद खान!

मुंबई। पाकिस्तानी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता फवाद खान, बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। फवाद ने ए दिल है मुश्किल, खूबसूरत और कंपूर एंड संस जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। बहुत जल्द वाणी कपूर के अपोजिट एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। फवाद और वाणी कपूर इंटरनेशनल फिल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों के बारे में है जिनका ब्रेकअप हो गया है।

# भारतीय नौसेना प्रमुख ने बांग्लादेशी समकक्ष से की मुलाकात

**ढाका।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बांग्लादेश के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान से मुलाकात कर मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और दोनों सशस्त्र बलों के बीच सहयोग के नए अवसरों के बारे में विचार-विमर्श किया। एडमिरल त्रिपाठी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने व समुद्री क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों की तलाश करने के लिए 30 जून को बांग्लादेश की पांच दिवसीय यात्रा पर गए थे। भारतीय नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत और बांग्लादेश के बीच नौसेना सहयोग पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है, जिसमें बंदरगाहों पर यात्रा और द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास के माध्यम से परिचालन संबंधी बातचीत के साथ-साथ क्षमता निर्माण, क्षमता वृद्धि और प्रशिक्षण पहल शामिल हैं।

तनाव — एक संसद सदस्य ने युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की

# ऑस्ट्रेलिया की संसद में घुसे फिलिस्तीन समर्थक

**मेलबर्न, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया की संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए फिलिस्तीन समर्थक कुछ प्रदर्शनकारी गुरुवार को भीतर दाखिल हो गए और भवन की छत से बैनर लहराए। इस बीच, संसद के एक सदस्य ने गाजा युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की।

पांच सप्ताह के अवकाश के बाद संसद की कार्यवाही के अंतिम दिन हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। ग्रेट वेरंडा के नाम से विख्यात इमारत के अग्रभाग पर चार प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे से अधिक समय तक युद्ध अपराध और नरसंहार शब्दों के साथ-साथ फिलिस्तीनी रैली के प्रमुख नारे नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन स्वतंत्र होगा नारे वाले बैनर लहराए। चारों प्रदर्शनकारियों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

अफगानिस्तान में जन्मीं सीनेटर फातिमा पायमन ने घोषणा की कि गाजा पर पार्टी के रुख को अस्वीकार करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी छोड़ दी है। फातिमा पायमन एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई सांसद हैं, जिन्होंने सदन की बैठकों के दौरान हिजाब पहना। फातिमा ने संवाददाताओं से कहा मेरा परिवार युद्धग्रस्त देश से भागकर शरणार्थी के रूप में इसलिए यहां नहीं आया है कि मैं निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचारों को देखकर चुप रहूं। उन्होंने कहा हमारे समय के सबसे बड़े अन्याय के प्रति हमारी सरकार की उदासीनता को देखकर मैं पार्टी के रुख पर सवाल उठाने को मजबूर हूं।

पहली बार सीनेटर बनीं फातिमा ने पिछले सप्ताह एक छोटे दल के प्रस्ताव का समर्थन करके अपने सरकारी सहयोगियों की अवहेलना की थी, जिसमें संसद से फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग की गई थी।




संसद की दीवार पर बैनर टांगते प्रदर्शनकारी।

### ऑस्ट्रेलिया ने देश के रूप में नहीं दी है मान्यता

ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वि-राष्ट्र समाधान को लेकर प्रतिबद्ध है जिसमें इजराइल और भविष्य का फिलिस्तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ सह-अस्तित्व में रह सकें। पुलिस ने कहा कि चारों प्रदर्शनकारियों पर संसद भवन में अवैध रूप से प्रवेश का आरोप लगाया जा सकता है।